




दैनिक

# शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ...

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित

• वर्ष : 1 • अंक : 158 • नई दिल्ली, गुरूवार 14 सितम्बर 2023 • पृष्ठः 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737




3 सरकार द्वारा तय राशि से अधिक वसूलने पर छात्राओं का प्रदर्शन...

## संसद के विशेष सत्र में हिमाचल प्रदेश के मुद्दे को उठाएगी कांग्रेस पार्टीः प्रियंका गांधी

**एजेंसी। शिमला**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने आज शिमला शहर के शिव बावड़ी, कृष्णानगर और कनलोग स्थित आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं पुनर्वास कार्यों का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री और प्रियंका गांधी ने शिव बावड़ी में प्रभावितों से बातचीत कर उनसे संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि प्रदेश में भारी बारिश से हुए नुकसान की व्यापकता को देखते हुए केंद्र सरकार को इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण प्रदेश विकट स्थिति गुजर रहा है और राज्य में भारी क्षति हुई है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार आपदा प्रभावितों को राहत पहुंचाने के लिए दिन-रात अथक प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश की स्थिति की गंभीरता को नहीं समझ पा रही है। प्राकृतिक आपदा के कारण प्रदेश को भारी क्षति हुई है और इस समय राज्य



सरकार को स्थितियां सामान्य करने के लिए केन्द्र सरकार से सहयोग की आवश्यकता है इसलिए केंद्र सरकार को राजनीतिक भेदभाव से दूर रह कर इस चुनौतीपूर्ण समय में राज्य के लोगों की उदारतापूर्वक मदद करनी चाहिए। उन्होंने इस विकट परिस्थिति में राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर कार्य करने में प्रदेश की सहायता के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को संसद के विशेष सत्र की कार्य-सूची की जानकारी नहीं है परन्तु कांग्रेस पार्टी इस सत्र के दौरान हिमाचल के मुद्दे को उठाएगी। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार को कुछ अहम मामलों का संवेदनशीलता के साथ समाधान करना चाहिए, केवल पार्टी आधार पर मामले का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। केन्द्र सरकार को संकट के इस समय में राज्य को आपदा से उबारने में उदारतापूर्वक सहायता प्रदान करनी चाहिए। प्रियंका गांधी ने इस चुनौतीपूर्ण समय में प्रदेश के लोगों की एकजुटता और सहयोग की भावना की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि इस त्रासदी से निपटने के लिए हर क्षेत्र से लोग अपना मूल्यवान योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुल्लू जिले में सड़कों को पुनः बहाल करने के लिए महिलाओं के साथ-साथ अनेक लोग निःस्वार्थ भाव से श्रमदान कर रहे हैं। लोगों के इस निःस्वार्थ योगदान को देखकर उन्हें खुशी हुई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका से आयातित सेब पर शुल्क 35 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत करने से प्रदेश के सेब उत्पादकों पर प्रतिकूल असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि भारी तबाही के कारण कठिनाइयों से गुजर रहे प्रदेश के बागवानों के हितों की रक्षा करने के बजाय केंद्र सरकार अमेरिका की मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि बड़े व्यापारिक घराने हिमाचल प्रदेश में सेब की उपज की खरीद कम कीमतों पर कर रहे हैं, जिससे बागवानों को नुकसान हो रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार अपने सीमित संसाधनों के बावजूद प्रभावित परिवारों को पूर्ण सहयोग प्रदान कर रही है और राहत शिविरों में रहने वाले प्रभावित परिवारों को निश्चित किराया प्रदान करने का निर्णय लिया है ताकि उन्हें किराए पर उपयुक्त आवासीय सुविधा मिले। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक आपदा के दृष्टिगत राहत शिविरों में अस्थाई तौर पर रह रहे परिवारों को उपयुक्त आवासीय सुविधा प्रदान करने के लिए उन्हें आवास का निश्चित मासिक किराया उपलब्ध करवाने का प्रावधान किया है। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में राहत शिविरों में अस्थाई तौर पर रह रहे परिवारों को आवास किराए पर लेने के लिए पांच हजार रुपये प्रतिमाह और शहरी क्षेत्रों में राहत शिविरों में रह रहे परिवारों को दस हजार रुपये प्रतिमाह प्रदान किए जाएंगे।

### ख़ास ख़बर

### संसद के विशेष सत्र से पहले नए संसद भवन पर फहराया जाएगा तिरंगा



**नई दिल्ली**। अमृत काल को लेकर मोदी सरकार द्वारा बुलाए गए संसद के विशेष सत्र से एक दिन पहले नए संसद भवन पर देश का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे। सरकार ने 18 से 22 सितंबर के दौरान संसद का यह विशेष सत्र बुलाया है। इससे एक दिन पहले 17 सितंबर को नए संसद भवन पर तिरंगा फहराए जाने की तैयारी की जा रही है। आपको बता दें कि, 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा का भी दिन है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भी है। बताया जा रहा है कि 17 सितंबर को उपराष्ट्रपति एवं राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ एवं लोक सभा स्पीकर ओम बिरला संसद के नए भवन के गजद्वार पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराएंगे। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे। आपको बता दें कि अमृत काल को लेकर सरकार द्वारा बुलाए गए संसद के विशेष सत्र के पहले दिन 18 सितंबर को संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही संसद के पुराने भवन में उसी तरह से शुरू होगी जैसे कि पहले हुआ करती थी और विशेष सत्र के दूसरे दिन यानी 19 सितंबर से दोनों सदनों की कार्यवाही नए भवन में हो सकती है। बताया जा रहा है कि विशेष सत्र के दूसरे दिन 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी के अवसर पर पूजा करने के बाद नए संसद भवन में कामकाज शुरू हो जाएगा।

### श्री रामजन्मभूमि की खुदाई के दौरान मिले प्राचीन मंदिर के अवशेष



**अयोध्या** । श्री रामजन्मभूमि पर राम मंदिर का निर्माण आखिरी चरण में है। इस दौरान खुदाई में प्राचीन मंदिर के अवशेष मिले हैं। इस बारे में राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने एक्स पर जानकारी दी। उन्होंने एक फोटो शेयर की जिसमें ये अवशेष इकट्ठा करके रखे गए हैं। इस फोटो के साथ उन्होंने लिखा, श्री रामजन्मभूमि पर खुदाई में मिले प्राचीन मंदिर के अवशेष। इसमें अनेकों मूर्तियाँ और स्तंभ शामिल हैं। हालांकि इससे अधिक कोई जानकारी अभी नहीं दी गई है। इसमें प्राचीन मूर्तियों के अवशेष, प्राचीन मंदिर के स्तंभ, शिवलिंग के अवशेष और अन्य पत्थर शामिल हैं। ये सभी अवशेष मंदिर परिसर में सुरक्षित रखे गए हैं। रामलला के दर्शन करने आने वाले भक्तों को ये अवशेष देखने का भी मौका दिया जा ता है। इसके लिए गैलरी में इन्हें रखा गया है जहां इनसे जुड़ी जानकारी दी जाती है। पत्थरों पर नक्काशी दिखाई दे रही है। स्तंभों पर भी नक्काशी के साथ प्रतिमाएं बनी दिख रही हैं।

### जम्मू-कश्मीरः राजौरी में मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को किया ढेर, एक जवान शहीद

**जम्मू**। जम्मू-कश्मीर में राजौरी जिले के नरला इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो गई। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक आतंकी को ढेर कर दिया है, जबकि सेना का एक जवान शहीद हो गया है। पुलिस ने बताया कि राजौरी जिले के नरला इलाके में मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया है। जबकि, सेना का एक जवान शहीद हो गया है। एक पुलिस एसपीओ सहित तीन अन्य घायल हो गए हैं। पुलिस और सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम को नरला इलाके में आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। जिसके बाद मौके पर सुरक्षाबल पहुंच गए। जब आतंकियों ने खुद को सुरक्षाबलों से घिरा देखा तो उन पर फायरिंग कर दी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की। ज्ञात हो कि हाल के दिनों में पूरे जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच सिलसिलेवार मुठभेड़ हुई है, जिसमें कई आतंकवादियों का सफाया किया गया है।



## संविधान पीठ ने नवंबर के मध्य तक टाली मध्यस्था कानून से जुड़े मामले की सुनवाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मध्यस्था कानून से जुड़े एक मामले की सुनवाई को नवंबर मध्य तक टाल दिया है। मिली जानकारी के अनुसार भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली एक संविधान पीठ ने बुधवार को मध्यस्था कानून से जुड़े एक मामले की सुनवाई नवंबर के मध्य तक के लिए स्थगित कर दी। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि मध्यस्थता कानून के कामकाज की जांच करने और मध्यस्थता एवं सुलह अधिनियम, 1996 में सुधारों की सिफारिश करने के लिए केंद्र द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति को और रिपोर्ट तैयार करने के लिए और अधिक समय की चाहिये। उन्होंने संविधान पीठ से अनुरोध किया कि इसे एक महीने और नवंबर के मध्य तक बढ़ाया जा सकता है। संविधान पीठ में जस्टिस हृषिकेश रॉय, पी.एस. नरसिम्हा, पंकज मिथल और मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। पीठ ने केंद्र के शीर्ष कानून अधिकारी के अनुरोध को स्वीकार कर लिया। उसने कहा कि नवंबर में उस समय कानून पर स्पष्टता होगी। इससे पहले वेंकटरमणी ने सोमवार को सीजेआई से संविधान पीठ के समक्ष आने वाली कार्यवाही को स्थगित करने का अनुरोध किया। हालाँकि, पीठ ने कहा था कि वह अब तक की प्रगति के बारे में कम से कम जानने के लिए याचिकाओं के बैच को 13 सितंबर को सूचीबद्ध करेगी। सीजेआई के नेतृत्व वाली संविधान पीठ इस सवाल पर भी विचार कर रही है कि क्या कोई व्यक्ति जो किसी विवाद में मध्यस्थ बनने के लिए अयोग्य है, वह किसी अन्य व्यक्ति को मध्यस्थ के रूप में नामित कर सकता है। संविधान पीठ ने 12 जुलाई को दो महीने की अवधि के लिए सुनवाई टाल दी थी और मामले को 13 सितंबर के लिए सूचीबद्ध कर दिया था। कानून एवं न्याय मंत्रालय ने इस साल 14 जून को कानूनी मामलों के विभाग के पूर्व सचिव टी.के. विश्वनाथन की अध्यक्षता में 16 सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया। समिति को अन्य बातों के अलावा, अदालत का दरवाजा खटखटाकर न्यायिक हस्तक्षेप की मांग करने के लिए पार्टियों की आवश्यकताओं को सीमित करने के लिए कहा गया।



### हाई कोर्ट की नजर में अकेले पोर्न वीडियो देखना अपराध नहीं

**तिरुवनंतपुरम**। हाई कोर्ट की नजर में अकेले में पोर्न वीडियो देखना कानून की नजर में अपराध नहीं है। केरल उच्च न्यायालय ने पोर्नोग्राफी मामले में कुछ इसी तरह की टिप्पणी की है जो चर्चा में बनी हुई है। कोर्ट का कहना है कि अकेले अश्लील तस्वीरें या वीडियो देखना कानून के तहत अपराध नहीं है क्योंकि यह किसी व्यक्ति की निजी पसंद की बात है। इसके साथ ही कोर्ट ने माता- पिता को यह भी सलाह दी है कि वह स्वीजी, झमेटो की बजाय बच्चों को घर का खाना खिलाएं। न्यायमूर्ति पी.वी. कुन्हिकृष्णन ने भारतीय दंड संहिता की धारा 292 के तहत 33 वर्षीय व्यक्ति के खिलाफ दर्ज अश्लीलता के मामले को रद्द करते हुए यह टिप्पणी की। जानकारी के अनुसार पुलिस ने 2016 मेंअलुवा महल में सड़क किनारे अपने मोबाइल फोन पर अश्लील वीडियो देखते हुए उस व्यक्ति को पकड़ा था। आरोपी व्यक्ति ने अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी और उससे संबंधित अदालती कार्यवाही




को रद्द करने के लिए याचिका दायर की थी, जिसपर यह फैसला आया है। अदालत ने कहा कि 'पॉर्नोग्राफी सदियों से प्रचलन में है और नये डिजिटल युग ने इसे बच्चों के लिए भी अधिक सुलभ बना दिया है। अदालत ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति अपने निजी समय में किसी और को दिखाए बिना अश्लील वीडियो देखता है, तो अदालत यह घोषित नहीं कर सकती कि यह अपराध की श्रेणी में आता है। यह उसकी निजी पसंद है और इसमें हस्तक्षेप करना उसकी निजता में दखल देने के समान है। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा कि बच्चों को स्विगी, जोमैटो से ऑर्डर करने के बजाय मां द्वारा पकाया गया स्वादिष्ट भोजन खाने दें।

### नायडू की याचिका पर सुनवाई 19 सितंबर तक के लिए स्थगित

**अमरावती**। आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने कथित कौशल विकास निगम घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू की याचिका पर सुनवाई 19 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी। अदालत ने विजयवाड़ा एसीबी अदालत में नायडू की हिरासत की मांग करने वाली अपराध जांच विभाग (सीआईडी) की याचिका की सुनवाई पर भी रोक लगा दी। वर्तमान में नायडू राजमुंदरी सेंट्रल जेल में बंद हैं। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) सरकार पर राजनीतिक प्रतिशोध के तहत निशाना बनाने का आरोप लगाकर तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) सुप्रीमो ने उनकी न्यायिक हिरासत और सीआईडी द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी को रद्द करने का आग्रह किया है। सीआईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। हाई कोर्ट ने सीआईडी को समय देकर सुनवाई 19 सितंबर तक के लिए स्थगित की। नायडू को मामले में सीआईडी ने 9 सितंबर को नंद्याल में गिरफ्तार किया था। अगले दिन, विजयवाड़ा में एसीबी कोर्ट ने उन्हें 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पूर्व मुख्यमंत्री को बाद में राजमुंदरी सेंट्रल जेल में स्थानांतरित किया। यह मामला नायडू के मुख्यमंत्रीत्व काल में आंध्र प्रदेश में उत्कृष्टता केंद्रों (सीओई) की स्थापना से संबंधित है, जिसकी कुल अनुमानित परियोजना लागत 3,300 करोड़ रुपये थी।

### मशहूर कॉमेडियन सतिंदर कुमार खोसला उर्फ बीरबल का निधन, सिर में लगी थी चोट

**एजेंसी। मुंबई**

फिल्म जगत की फेमस हस्ती, एक्टर और कॉमेडियन सतिंदर कुमार खोसला उर्फ बीरबल का निधन हो गया है। वे पिछले दो माह से सिर में चोट लगने की वजह से अस्पताल में भर्ती थे। एक्टर के देहांत की जानकारी उनके दोस्त और सहकर्मी जुगनू ने सोशल मीडिया पर दी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, कॉमेडियन एक्टर सतिंदर कुमार खोसला का निधन मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अम्बानी अस्पताल में 12 सितंबर की शाम करीब साढ़े सात बजे हुआ। बताया जा रहा है कि बीरबल के सिर पर छत का टुकड़ा गिर गया था, जिसके कारण उनके सिर पर गहरी चोट आई थी। डॉक्टर ने उन्हें ऑपरेशन



की सलाह दी। दो महीने पहले एक्टर ने अपनी इस चोट का ऑपरेशन कराया था, इसके बावजूद भी वह ठीक न हो सके और अब हमेशा के लिए दुनिया को अलविदा कह गए। बीरबल के नाम से मशहूर दिग्गज अभिनेता सतिंदर कुमार खोसला 80 वर्ष के थे। उन्हें दर्शकों द्वारा ज्यादातर बीरबल के रूप में जाना जाता था। उनका बीरबल अंदाज दर्शकों के बीच काफी फेमस रहा। एक्टर ने अपने करियर की शुरुआत उपकार से की थी और अब तक वह करीब 500 फिल्मों में काम कर चुके थे।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री चिदंबरम ने क्यों कहा ऐसी बहस भारतीय संसद में होनी चाहिए

**नई दिल्ली**। कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम ने जी20 शिखर सम्मेलन के बाद भारत से लौटने के बाद ब्रिटेन की संसद में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और विपक्षी सदस्यों के बीच हुई बहस का हवाला देकर मोदी सरकार पर कटाक्ष कर कहा कि काश भारतीय संसद में भी इसी तरह बहस होती। चिदंबरम ने कहा, कृपया हाउस ऑफ कॉमन्स में बहस की रिपोर्ट पढ़ें जब सांसदों ने प्रधानमंत्री सुनक से प्रधानमंत्री (नरेंद्र) मोदी के साथ उनकी बातचीत पर सवाल उठाया। विपक्ष के कठिन सवालों का प्रधानमंत्री ने त्वरित उत्तर दिया। चिंदबरम ने कहा, यह महत्वपूर्ण नहीं है कि बहस में कौन प्रबल हुआ। महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रधानमंत्री के ब्रिटेन लौटने के कुछ घंटों के भीतर संसद में बहस हुई। मेरी बेहद मनोकांक्षा है कि भारत की संसद में भी इस तरह से बहस हो। कांग्रेस महत्वपूर्ण मुद्दों पर संसद में बहस की अनुमति नहीं देने और विपक्ष के बार-बार कहने पर भी कई मामलों में प्रधानमंत्री की ओर से जवाब देने से बचने को लेकर मोदी सरकार की आलोचना करती रही है।

## पुतिन ने गिनाए मेक इन इंडिया के फायदे, पीएम मोदी की हुई जमकर तारीफ

**एजेंसी। मास्को**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मेक इन इंडिया के फायदे गिनाते हुए पीएम मोदी की जमकर तारीफ की है। रूस में आयोजित 8वें ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम (ईईएफ) के दौरान पुतिन ने अपने ऑटोमोबाइल सेक्टर से जुड़े बिजनेसमैन से बातचीत करते हुए कहा कि उन्हें पीएम मोदी के मेक इन इंडिया प्रोग्राम से सीखना चाहिए। वो इसे प्रमोट कर अपने देश के लिए सही कर रहे हैं। पुतिन ने कहा कि भारत पहले ही पीएम मोदी के नेतृत्व में अपनी नीतियों के माध्यम से उदाहरण स्थापित कर चुका है। युक्रेन के खिलाफ युद्ध छेड़ने के बाद रूस पर पश्चिमी देशों ने ढेरों प्रतिबंध लगाए



हुए हैं। यही वजह है कि रूस की अर्थव्यवस्था इस वक्त चरमराई हुई है। ऐसे में व्लादिमीर पुतिन उद्योग जगत को पीएम मोदी की तर्ज पर देश को आत्मनिर्भर बनने की सीख दे रहे हैं। व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि आप जानते हैं, तब हमारे पास घरेलू स्तर पर निर्मित कारें नहीं थीं, लेकिन अब हमारे पास हैं। यह सच है कि वे मर्सिडीज या ऑडी कारों की तुलना में अधिक मामूली दिखती हैं, जिन्हें हमने 1990 के दशक में बड़ी मात्रा में खरीदा था, लेकिन यह कोई मुद्दा नहीं है। पुतिन ने कहा कि मुझे लगता है कि हमें अपने कई साझेदारों को फॉलो करना चाहिए, उदाहरण के लिए, भारत। वे भारतीय निर्मित वाहनों के निर्माण और उपयोग पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री मोदी मेक इन इंडिया कार्यक्रम को बढ़ावा देने में सही काम कर रहे हैं। पुतिन ने कहा कर्ि रूस में निर्मित ऑटोमोबाइल का उपयोग करना बिल्कुल ठीक है। रूस राष्ट्रपति के कार्यालय द्वारा कहा गया कि हमारे पास रूस में निर्मित ऑटोमोबाइल हैं और हमें उनका उपयोग करना चाहिए। यह बिल्कुल ठीक है। ऐसा करने से डब्ल्यूटीओ दायित्वों का कोई उल्लंघन नहीं होगा।

**अपराध** अगवा कर हत्या कर दिये गए यूवक के परिजनों से मुलाकात की

## विकास हत्याकांड के सभी आरोपीयों की जल्द हो गिरफ्तारी-नीरज बबलू

**राजकुमार झा/दैनिक शुभ भास्कर,छातापुर,सुपौल**। जिले में छातापुर प्रखंड अंतर्गत पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक नीरज कुमार सिंह बबलु मंगलवार को प्रखंड के रामपुर पंचायत पहूंचे। जहां उन्होने बीते छह जूलाई को अगवा कर हत्या कर दिये गए यूवक के परिजनों से मुलाकात की, वहीं मृतक यूवक के चाचा एवं एक पत्रकार के अलावे दो अज्ञात के विरुद्ध दर्ज कराये गये गैंगरेप के संदर्भ में आवश्यक जानकारी ली, मौके पर सुपौल नगर परिषद के मुख्य पार्षद राघवेंद्र झा राघव सहित पार्टी के कई नेता, जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग मौजूद थे, विधायक श्री बबलु ने बताया कि बीते छह



जून को यूवक विकास सहनी की अगवा कर उसे मौत के घाट उतार दिया गया था, दर्ज हत्याकांड के कई अभियुक्त खुले में घूम रहा है और मृतक के परिजनों पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है, मर्डर केश के काउंटर में आरोपी पक्ष ने घीनौनी साजिश रचकर मृतक विकास के चाचा पवन सहनी, एक पत्रकार तथा दो अज्ञात के विरुद्ध गैंगरेप का केश दर्ज करा दिया जो कि अत्यंत ही गंभीर विषय है, सच्चाई को दबाने के लिए इस प्रकार का हथकंडा अपनाना समाज के लिए अच्छा नहीं है, मर्डर व गैंगरेप दोनों ही मामलों पर एसपी से बात हुई है, गैंगरेप मामले को अपने स्तर से जांच करवाकर सच्चाई सामने लाने तथा मर्डर केश के सभी अभियूक्तों की अविलंब गिरफ्तारी करने का अनुरोध किया गया है, एसपी ने गैंगरेप मामले में जल्द से जल्द अनुसंधान पुरा कर दूध का दूध और पानी का पानी करने तथा मर्डर केश के सभी आरोपियों की गिरफ्तारी करने के प्रति आश्वस्त किया है, विधायक ने कहा कि गांव में पुलिस कैंप की पुनः प्रतिनियूक्ति के लिए एसपी से बात की जाएगी, मृतक यूवक के परिजनों ने कहा कि विकास की हत्या के बाद उसका पुरा परिवार डरा और सहमा हुआ है, हत्या में शामिल नामजद कई मुख्य अभियूक्तों की गिरफ्तारी तीन माह बाद भी नहीं हो पाई है, दबाव बनाने के लिए हत्या कांड के विरुद्ध आरोपी पक्ष ने सुनियोजित तरीके से किसी रिस्तेदार की लडकी को बुलाकर महिला थाना में गैंगरेप का मुकदमा दर्ज करा दिया है, जिसमें मृतक के चाचा एवं एक पत्रकार के अलावे दो लोगों को अभियुक्त बनाया गया है, बताया कि शांति व्यवस्था के लिए गांव में प्रतिनियुक्त किये गए पुलिस टीम को भी हटा लिया गया है, जिसके कारण परिजन सहित ग्रामीणों में किसी बडे अनहोनी की आशंका बनी हुई है, मौके पर विनय भूषण सिंह, शालिग्राम पांडेय, पवन हजारी, गौरीशंकर भगत, रमेश कुमार मुखिया, मुकेश कुमार यादव, शंकर सहनी, काली झा, आलोक कुमार आदि मौजूद थे।

### वसुंधरा राजे गुट के कैलाश मेघवाल को भाजपा ने दिखाया बाहर का रास्ता

**जयपुर**। राजस्थान में विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी में बड़ा बवाल हो गया है। बीजेपी ने अपने वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कैलाश मेघवाल को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित किया गया है। मेघवाल बीते काफी समय से केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल पर हमलावर हो रखे थे। उन्होंने पिछले दिनों सार्वजनिक मंच से केन्द्रीय मंत्री मेघवाल पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए थे। उसके बाद जयपुर में प्रेसवार्ता कर बीजेपी में गुटबाजी होने का दावा किया है। उसके बाद पार्टी ने तत्काल मेघवाल को प्राथमिक सदस्यता से निलंबित किया। मेघवाल वसुंधरा राजे गुट कैंप के सिपाही माने जाते हैं। पिछले दिनों केन्द्रीय मंत्री मेघवाल पर सार्वजनिक मंच से आरोप लगाने वाले कैलाश को पार्टी ने उसके बाद कारण बताओ नोटिस जारी कर दस दिन में जवाब मांगा था। उसके बाद कैलाश ने फिर केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम को कटघरे में खड़ा कर पार्टी के भीतर गुटबाजी होने का दावा किया। उसके बाद इस विषय पर बात करुंगा। मेघवाल के निलंबन की खबर आते ही सियासत गरमा गई। लेकिन कोई भी नेता इस बारे में कुछ भी बोलने से कतरा रहा है।

## ख़ास ख़बर

### टाउन हॉल अररिया में दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव आज से शुरू

**अररिया**। कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार (सांस्कृतिक कार्य निदेशालय) एवं जिला प्रशासन अररिया के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय युवा उत्सव 2023-24 का आयोजन टाउन हॉल, अररिया में दिनांक 14.09.2023 एवं 15.09.2023 को 10:00 पूर्वाह्न से 06:00 बजे अपराह्न तक आयोजित किया जायेगा। जिलास्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने हेतु इच्छुक कलाकार (15 से 35 आयु वर्ग) जो किसी कारणवश प्रखंड स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सके हैं, वैसे प्रतिभागी कलाकार दिनांक 14.09.2023 से 15.09.2023 तक आयोजित होने वाले जिलास्तरीय युवा उत्सव, अररिया में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा का कार्यालय अररिया से संपर्क करें।

### स्कूली बच्चों के बीच आपस में झगड़ा पर एक पक्ष के अभिभावकों ने पहुंच की मारपीट, थाना में लिखित शिकायत



**फारबिसगंज**। विद्यालय में छात्रों के साथ गाली गलौज एवं मारपीट किए जाने को लेकर एक पक्ष के अभिभावक ने थाना में आवेदन दिया है। जिसमें दुसरे पक्ष के एक दर्जन से अधिक अभिभावकों को आरोपित किया गया है। मामला फारबिसगंज थाना क्षेत्र के पूर्वी इलाके उत्क्रमित हाई स्कूल मधुबनी का है। हालांकि आवेदन प्राप्त होने के बाद पुलिस विद्यालय पहुंचकर मामले की तफ्तीश में जुट गए है। जहां बच्चों से बातचीत कर मामले की पड़ताल की। इस संबंध में अम्हारा वार्ड संख्या तेरह निवासी सह अभिभावक विशुन ततमा ने थाना में सौंपे आवेदन में कहा है कि बीते मंगलवार को ग्यारह बजे मेरा पुत्र अंकित कुमार एवं पड़ोस का छात्र सतीश कुमार, मनीष कुमार, दुर्गेश्वर कुमार, धीरज कुमार सहित तकरीबन एक दर्जन बच्चें स्कूल में पढ़ाई कर रहा था। जहां बच्चों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। झगड़ा चंदन मंडल के पुत्र के साथ हो गई। इस बात के लेकर विद्यालय पहुंचकर रंगदाहा के मनोज मंडल उर्फ लिखन,चंदन मंडल,अशोक मंडल, धीरज बहरदार, अमरेंद्र कुमार सहित एक दर्जन से अधिक अभिभावक विद्यालय पहुंचकर गाली गलौज देते हुए एक पक्ष के सभी बच्चों के साथ मारपीट किया। मारपीट को लेकर जब एक पक्ष के अभिभावक स्कूल पहुंचे तो उनलोगों के साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप लगाया गया है। आवेदन में मारपीट के बाद स्कूल आने पर जान से मारने की धमकी दिए जाने का आरोप लगाया गया है। वहीं दूसरी ओर पीड़ित अभिभावक ने विद्यालय के एचएम सहित शिक्षकों द्वारा किसी तरह का स्टेप नहीं लेने और छात्रों से मारपीट विद्यालय परिसर नही बल्कि रोड पर करने की बात कही। इतना ही नहीं मारपीट व झगड़ा के दौरान किसी तरह की पहल भी नहीं किए जाने की बात कही है। आवेदन में कहा है कि मनोज मंडल के द्वारा बीस से पच्चीस लोगों को बुलाकर एक पक्ष के बच्चों के अभिभावकों के साथ मारपीट व धमकी दिए जाने के साथ साथ जाति सूचक गाली दिए जाने का आरोप लगाया गया है। इधर पीड़ित बच्चों में जितेंद्र कुमार, दुर्गेश कुमार, सतीश कुमार,अभिषेक,अमित, धीरज आदि ने बताया कि स्कूल जाने पर सीनियर छात्रों के द्वारा मारपीट किया जाता है। विद्यालय कक्ष के कमरा में भी बंद कर मारा गया, कलम घोंप दिया मगर शिक्षक देखते रहे कोई भी बचाने नही आया। बच्चों ने कहा कि पिताजी काम पर गए हुए थे, मम्मी को कहने पर जब सभी छात्रों की मां स्कूल आई तो दुसरे टोले के पुरुष व महिलाओं द्वारा हमारी माताओं के साथ भी मारपीट की गई। वहीं शिक्षको को शिकायत करने पर कहा गया कि तुमलोग अपने में ही फरिया लो। इस बाबत अभिभावक अंजली देवी ने कहा कि बच्चों की शिकायत को लेकर जब स्कूल गई और शिक्षको द्वारा भी किसी तरह की पहल नहीं किए जाने का आरोप लगाई हैं। इस बाबत यूएचएस मधुबनी के एचएम रणविजय कुमार सिंह ने सोमवार से ही वर्ग छह और सात के बच्चों के बीच विवाद की जानकारी दी। जहां मंगलवार को प्रार्थना सत्र के बाद बच्चों को क्लास रूम में समझाया गया। उन्होंने टोला स्तर पर बच्चों के बीच विवाद होने की जानकारी देते हुए बुधवार को थाना से पुलिस पदाधिकारी के स्कूल आने और बच्चों सहित अभिभावकों से मामले को लेकर पूछताछ किए जाने की जानकारी दी। इस बाबत थानाध्यक्ष आफताब अहमद ने आवेदन के आलोक में जांच शुरू करने की जानकारी देते हुए जांचोपरांत अग्रेतर कारवाई की बात कही।

### ईलाज के दौरान एक 36 वर्षीय व्यक्ति की मौत



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो. गुलाब)**। जयनगर अनुमंडल अस्पताल में बुधवार को ईलाज के दौरान एक 36 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की सूचना पर स्वजन अस्पताल पहुंच कर मृतक के शव को अपने साथ पैतृक गांव सीतामढ़ी ले गया।ड्यूटी पर प्रतिनियुक्त चिकित्सक डॉ अभिषेक कुमार ने बताया कि मृतक अपनी पत्नी के साथ बुधवार की सुबह अस्पताल में भर्ती कराया था। चिकित्सक द्वारा स्वास्थ्य जांच के बाद मृतक को अधिक बिमार देख कर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। रेफर होने पर मृतक के स्वजन के आने में काफी विलंब हो रहा था। मृतक शौच के लिए शौचालय जाने के दौरान शौचालय के अंदर गिरने से उसकी मौत हो गई। चिकित्सक ने बताया कि मृतक तेज बुखार से ग्रसित था और पांच दिनों से बिमार था।मृतक की पहचान सितामढी जिले के डूमरा थाना क्षेत्र निवासी नागेन्द्र दास के 36 वर्षीय पुत्र विजय कुमार दास के रूप में किया गया है।

# तेरापंथ भवन में स्वाध्याय दिवस के रूप में मनाया पर्यूषण पर्व





**फारबिसगंज**। स्थानीय तेरापंथ भवन में बुधवार को पर्यूषण पर्व स्वाध्याय दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ युवती मंडल के मंगलाचरण से की गई। तत्पश्चात सहयोगी उपासक नरेंद्र महनोत ने स्वाध्याय के बारे में प्रकाश डालते हुए सकल समाज से कहा कि स्वाध्याय अपने आत्मा को मुक्ति पथ पर ले जाने का मार्ग है। आत्मा के विकास का एक सरल उपाय है। स्वाध्याय से हमारा ज्ञान बढ़ता है। ज्ञानावर्णनीय और दर्शनावरणीय कर्म के क्षय होने से ही ज्ञान की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा की आत्मा को ज्ञान की बहुत जरूरत होती है। वह उसके लिए एक पोषक आहार है। स्वाध्याय से आत्मज्ञान की प्राप्ति संभव है। वहीं प्रवक्ता सह उपासक महेंद्र दुगड़ ने बताया की अगर हम मुक्ति पथ पर अग्रसर होना चाहते हैं, तो स्वाध्याय इस की पहली सीढ़ी है। ध्यान का प्रवेश द्वार स्वाध्याय है। इस संसार में दो विद्या है। पदार्थ विद्या और परमार्थ विद्या। पदार्थ विद्या संसार के बारे में हमें जानकारी देती है, वही परमार्थ विद्या हमें परमार्थ यानि मुक्ति पथ का रास्ता बतलाती है। उपासक महेंद्र दुगड़ ने बहुत अच्छी तरह से घोचापुली के बारे में बताते हुए कहा की ज्ञान को घोटना चाहिए। उसे चितारना चाहिए। उसे पूछते रहना चाहिए और उसे लिखते रहना चाहिए तभी हमारा ज्ञान सम्यक ज्ञान रहता है। किसी भी विषय वस्तु के ज्ञान के लिए उसको सिर्फ पढ़ना जरूरी नहीं है बल्कि उसे हमेशा के लिए याद रखने के लिए इसी सूत्र को अपनाना चाहिए। ज्ञान के द्वारा ही व्यक्ति मिथ्या दृष्टि को छोड़ पाता है। उन्होंने कहा कि ज्ञान प्राप्ति के बाधक तत्व आलस अहंकार क्रोध प्रमाद रोग और अंतराय है। ज्ञान हमें कहीं से भी मिले वह हमें जरूर लेना चाहिए। ज्ञान का कोई अंत नहीं है। सागर की एक बूंद होती है, उतना ही ज्ञान हमारे अंदर है। अतः हमें ज्ञान रूपी समंदर को पाने के लिए कभी भी यह नहीं सोचना चाहिए कि हमारी उम्र क्या है। हम किस से ज्ञान ले रहे हैं,और दूसरा व्यक्ति क्या सोचेगा?ज्ञान हमें कोई एक छोटा बच्चा भी दे सकता है। कोई भी पंथ हो कोई भी संत हो और कोई भी ग्रंथ हो ज्ञान हमें जब भी जहां भी मिले हमें हर रूप में ले लेना चाहिए। उन्होंने जैन परंपरा के इतिहास की शुरुआत करते हुए बताया कि किस प्रकार ऋषभ प्रभु जो जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर है। उन्होंने असि मसि और कृषि का ज्ञान अपनी जनता को दिया। बहुत ही सुंदर रूप में उन्होंने लोक अलोक की जानकारी दी। जनमानस ने उपासक द्वय के द्वारा दी गई प्रेरणा को बहुत ही ध्यान से सुना और एक घंटा स्वाध्याय करने का संकल्प भी किया। काफी संख्या में श्रावक श्राविकाए प्रवचन का लाभ लेने आए थे। पर्यूषण पर्व में सभी का उत्साह देखने लायक ही बनता है। वास्तव में संयम और साधना की महिमा बहुत ही भारी है।

## भाजपा ओबीसी मोर्चा ने सीएम का फूंका पुतला



**फारबिसगंज**। फारबिसगंज स्टेशन चौक पर भाजपा ओबीसी मोर्चा की ओर से बुधवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन किया गया।भाजपा ओबीसी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल की अध्यक्षता में पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिहार सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल ने बिहार सरकार की ओर से किए गए जातीय जनगणना को सार्वजनिक रिपोर्ट करने की मांग की।उन्होंने कहा कि बिहार सरकार और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भाजपा पर जातीय जनगणना में भाजपा पर विघ्न डालने का आरोप लगाते हैं।अब जब जातीय जनगणना पूरी हो चुकी है तो बिहार सरकार को जातीय जनगणना की रिपोर्ट सार्वजनिक करनी चाहिए।आखिर जातीय जनगणना होने के बावजूद बिहार सरकार की ओर से रिपोर्ट को सार्वजनिक क्यों नहीं किया जा रहा है,इसको लेकर भाजपा ओबीसी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष ने सवाल खड़ा किया।मौके पर भाजपा ओबीसी प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष अरुण निराला, रामजी प्रसाद, प्रसेनजीत चौधरी, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कन्नोजिया, महामंत्री सत्यवान मालाकार, प्रवीण साह, वीरेंद्र शर्मा, शिवराम शर्मा, भाजयुमो नगर अध्यक्ष किशन शर्मा, संजय दास, पांडव मालाकार, भवेश मंडल, हरिनंदन राम, आलोक सिंह आदि मौजूद थे।

## दुकान में चोरों ने दो लैपटॉप, नगद समेत तीन लाख रुपैये के सामानों की चोरी की



**फारबिसगंज**। फारबिसगंज थाना क्षेत्र के मटियारी वार्ड संख्या तीन स्थित कॉमन सर्विस सेंटर नामक दुकान में चोरों ने सेंधमारी करते हुए दो लैपटॉप,20 हजार रूपैये नगद सहित दुकान के अंदर तीन लाख रुपैया मूल्य के समानों की चोरी कर ली।मामले को लेकर दुकान के मालिक मटियारी वार्ड संख्या तीन के रहने वाले मो.राजा पिता मो.जमाल ने फारबिसगंज थानाध्यक्ष को आवेदन देकर तीन नामजद लोगों पर चोरी करने का शंका जाहिर किया है।थानाध्यक्ष को दिए आवेदन में उन्होंने बताया कि बीते 3 सितंबर को मटियारी वार्ड संख्या 7 के रहने वाले धीरज गोस्वामी पिता -रघुनंदन गोस्वामी,आकाश गोस्वामी पिता -प्रकाश गोस्वामी और गौरव गोस्वामी पिता -राकेश गोस्वामी पर धमकी देने का आरोप लगाते हुए इनके द्वारा दुकान में चोरी की घटना घटित करवाने को शंका जाहिर की है।मामले में फारबिसगंज थानाध्यक्ष आफताब अहमद ने आवेदन मिलने पर जांच करवाने को बात कही।

## अगरबत्ती बेचने पहुंचे दो अज्ञात ठग लाखों के स्वर्णाभूषण ले उड़े



**फारबिसगंज**। फारबिसगंज थाना क्षेत्र के ज्योति मोड़ चौक के समीप वार्ड संख्या सात डा.अलख बाबू के कैंपस में दो ठगों ने अगरबत्ती बेचने के नाम पर सेल्समैन बनकर महिला के सोने का मंगल सूत्र और कान की बाली लेकर फरार हो गया।मामले को लेकर पीड़ित महिला 45 वर्षीया रीना कुमारी पति -हरी कृष्ण मुरारी प्रसाद ने फारबिसगंज थानाध्यक्ष को आवेदन देकर घटना की जानकारी दी है। थानाध्यक्ष को दिए आवेदन में महिला ने बताया कि बुधवार दोपहर साढ़े ग्यारह बजे बाइक से दो अज्ञात युवक उनके दरवाजे पर आया और खटखटा कर दरवाजा खुलवाया।दरवाजा खोलने पर दोनों ठगों ने महिला को बताया कि वह ब्लैक कंपनी का अगरबत्ती बेचते हैं,जिस पर महिला ने दोनों अज्ञात से अगरबत्ती की खरीददारी की।जिसके बाद सेल्समैन बनकर आए दोनों ने कहा कि पीतल के बर्तन और स्वर्णाभूषण की सफाई भी उनलोगों के द्वारा की जाती है और महिला को झांसा में लेकर दोनों युवक महिला की पहनी हुई एक भरी के सोने मंगल सूत्र और कान की बाली सफाई के लिए उतरवा लिया।मंगलसूत्र और कान की बाली लेने के बाद दोनों युवक गाड़ी स्टार्ट कर तेजी से भाग निकला,जबकि महिला के द्वारा शोरगुल भी किया गया,लेकिन जबतक अगल बगल के लोग जमा होते।दोनों ठग मोटरसाइकिल से तेजी से भाग निकला।मामले को लेकर फारबिसगंज थानाध्यक्ष आफताब अहमद ने आवेदन मिलने की बात करते हुए जांच करवाने की बात कही।

### मॉर्निंग वॉक पर निकले युवक को अज्ञात वाहन के टक्कर से हुई मौत



**फारबिसगंज**। सिमराहा ओपी थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव से बुधवार की सुबह फारबिसगंज-रानीगंज रोड पर दोस्तों के साथ टहलने के लिए निकले एक युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।जिससे मौके पर ही युवक की मौत हो गई।मृतक की पहचान 14 वर्षीय प्रियांशू कुमार पिता- पप्पू यादव उर्फ कुंदन यादव के रूप में की गई है,जो मिर्जापुर वार्ड संख्या एक का रहने वाला था।मौके पर सोनू कुमार ने बताया कि सुबह हमलोग मॉर्निंग वाक पर निकले खोपरिया में अज्ञात वाहन ठोकर मारकर निकलते चला गया।पीछे से टहलते हुए जब मौके पर पहुंचे तो पाया कि सड़क हादसे में घायल प्रियांशु सड़क पर बेसुध पड़ा हुआ है।जिसके बाद परिजनों के साथ पुलिस को हादसे की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि प्रियांशु गांव में ही रहकर पढ़ाई करता था और 9 वी का छात्र था।दो भाईयों में वह सबसे बड़ा था। इधर युवक की मौत के बाद पूरे परिवार में मातम छाया हुआ है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

### पेस्टीसाइड एण्ड फर्टिलाइजर एप्लीकेटर विषय पर प्रशिक्षण संपन्न, 29 सफल अभर्थियों के बीच प्रमाण पत्र का हुआ वितरण



**अररिया**। आत्मा अररिया के सौजन्य से आज जिला कृषि कार्यालय, सभागार में बिहार कौशल विकास मिशन योजना अंतर्गत पेस्टीसाइड & फर्टिलाइजर एप्लीकेटर विषय पर प्रशिक्षण उपरांत सभी 29 सफल अभर्थियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण समारोह आयोजित कर किया गया। समारोह की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त अररिया श्री संजय कुमार ने की। इस मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी अररिया, उप पारियोजना निदेशक आत्मा अररिया, सहायक तकनीकी प्रबंधक अररिया एवं कौशल विकास मिशन में भाग लेने वाले प्रशिक्षणार्थी उपस्थिति थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त अररिया द्वारा किसानों को बताया कि आप सभी इस प्रशिक्षण लाभ लीजिए और अपने आस पास के किसानो को भी इसका लाभ दीजिए, क्योंकि किसानों को खेती में कीड़े और बीमारी की पहचान नहीं होने से काफी नुकसान होता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कृषि पदाधिकारी अररिया द्वारा बताया गया कि इस प्रशिक्षण में सभी को 30 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कराया गया। इसमें कुल 29 अभ्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें पेस्टीसाइड & फर्टिलाइजर एप्लीकेटर विषय का प्रशिक्षण दिया गया है। इससे किसानों किस फसल में कितनी मात्रा में कौन सा फर्टिलाइजर देना है और फसलों में बीमारी और कीड़ा की पहचान कर सही दवा का प्रयोग करना और जमीन की पहचान, मिट्टी जांच के फायदे इत्यादि की जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा कि सभी उक्त प्रशिक्षण का लाभ, खेती कर खेती में लागत कम कर अधिक मुनाफा कमा सकते हैं।

### जिले में अब तक डेंगू के 07 पॉजिटिव केस पाए गये जिसमें 06 मरीज हो चुके हैं स्वस्थ

**अररिया**। डेंगू से जुड़ी हुई चुनौतियों से निपटने के लिए जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह तैयार है। जिले में अब तक डेंगू के 07 पॉजिटिव केस पाए गये हैं, जिसमें 06 मरीज रिकवर/स्वस्थ्य हो चुके हैं। वर्तमान में एक्टिव कैसे की संख्या 01 है। सितंबर माह में अबतक डेंगू के 190 जांच किये गये हैं। वहीं डेंगू के नियंत्राणार्थ शहरी क्षेत्रों में संबंधित नगर निकायों के द्वारा फॉगिन का कार्य किया जा रहा है। जिस ग्रामीण क्षेत्र में डेंगू के मरीज पाये जाते हैं। उस ग्रामीण क्षेत्र के 500 मीटर की परिधि में डेंगू के नियंत्राणार्थ फागिंग का कार्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जाता है। जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अनुमण्डल अस्पताल और जिला अस्पताल में डेंगू की जाँच की सुविधा उपलब्ध है। सदर अस्पताल अररिया एवं फारबिसगंज अनुमण्डल अस्पताल में Platelet जाँच की सुविधा उपलब्ध है। जिले के सदर अस्पताल अररिया में 10 बेड अनुमण्डल अस्पताल फारबिसगंज में 06 बेड तथा शेष 07 प्रखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/ सामु०स्वा०केन्द्र में 2-2 बेड डेंगू मरीज के लिए आरक्षित किया गया है।

### भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) लोकल कमिटी जयनगर के सचिव ने



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)**। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी(मार्क्सवादी) लोकल कमिटी जयनगर के सचिव कुमार राणा प्रताप सिंह ने +2 उच्च विद्यालय जयनगर के प्रधानाध्यापक को आवेदन दे कर +2 उच्च विद्यालय के क्रीड़ा (खेल) मैदान में जल जमाव से खेल मैदान को मुक्त कराने हेतु आवेदन पत्र दिया है।आवेदन देते हुए आग्रह किया गया है कि बच्चों के चहुमुखी विकास के लिए पठन-पाठन के साथ-साथ खेल-कूद भी आवश्यक होता है। दुर्भाग्यवश जयनगर शहर का एक मात्र प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था का इकलौता क्रीड़ा मैदान पानी का जमाव से खराब स्थिति में है जो मैदान का अधिकांश भाग तलाब में तब्दील हो गया है।पार्टी आप से अपेक्षा के साथ अनुरोध करती हैं कि हमारी भावना से उच्चाधिकारी को अवगत कराने का कष्ट करेंगे तथा यथाशीघ्र क्रीड़ा(खेल)मैदान का घेराबंदी कराकर जल जमाव से मुक्त करवाने की दिशा में पहल करेंगे जिससे बच्चों के चहुमुखी विकास में बाधा उत्पन्न न हो।

**अभियान** महासदस्यता अभियान स्थानीय +2 भगवती देवी गोयल बालिका उच्च विद्यालय में चलाया गया

## अभाविप फारबिसगंज इकाई के द्वारा महासदस्यता अभियान चलाया गया



**फारबिसगंज**। अभाविप फारबिसगंज इकाई के द्वारा नगर कोषाध्यक्ष आदित्य कुमार झा एवम नगर सह मंत्री अनिकेत गुप्ता के नेतृत्व में महासदस्यता अभियान स्थानीय +2 भगवती देवी गोयल बालिका उच्च विद्यालय में चलाया गया। इस अवसर पर विभाग सह संयोजक आकाश श्रीवास्तव ने कहा कि आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के महासदस्यता अभियान में खासकर छात्र–छात्राओं एवं शिक्षक बढ़–चढ़कर भाग ले रहे हैं। ये कही ना कही आने वाले दिनों के लिए एक बेहतर संकेत के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद सदस्यता अभियान को महापर्व के रूप में आज माना रही है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शिवम शाह ने कहा की विद्यार्थी परिषद छात्र एवं छात्राओं के बीच रचनात्मक काम करके दुनिया में अपनी पहचान बनाने में सफल हुआ है। आज छात्र–छात्राएं इस महासदस्यता अभियान में बढ़–चढ़कर हिस्सा ले रहे है। ये कही ना कही संगठन के दृष्टिकोण से सकारात्मक संकेत है। कॉलेज मंत्री प्रिंस कश्यप ने कहा की विद्यार्थी परिषद छात्राओं को सदस्य बनाने के साथ–साथ आत्मनिर्भर बनाने के लिय भी लगातार कॉलेज कैंपस में भी काम कर रही है। इससे आने वाले दिनों में छात्रा बहनों के लिए एक बेहतर प्लेटफार्म तैयार होगा। मौके पर मौजूद पूर्णिया अररिया विभाग सह संयोजक आकाश कुमार, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य शिवम साह,नगर कोषाध्यक्ष आदित्य कुमार झा,नगर सह मंत्री अनिकेत गुप्ता, कॉलेज मंत्री प्रिंस कश्यप, प्रधानाध्यापक अमरेश देव, शिक्षक प्रशांत कुमार झा उपस्थित थे।

## नागरिक संघर्ष समिति के जनाक्रोश मार्च में शामिल होने के लिए प्रचार वाहन रवाना



**फारबिसगंज**। फारबिसगंज-सहरसा-दरभंगा रेलखंड पर ट्रेन परिचालन शुरू करने को लेकर आंदोलन के दूसरे चरण में गुरुवार 14 सितंबर को नागरिक संघर्ष समिति की ओर से फारबिसगंज में जनाक्रोश मार्च ही निकाला जाएगा।फारबिसगंज पोस्ट ऑफिस चौक से स्टेशन परिसर तक निकलने वाले जनाक्रोश मार्च में अधिक से अधिक संख्या में लोगों की भागीदारी को लेकर नागरिक संघर्ष समिति की ओर से प्रचार वाहन को रवाना किया गया।नागरिक संघर्ष समिति के अध्यक्ष शाहजहां शाद और सचिव रमेश सिंह,पवन मिश्रा आदि ने बताया कि सुसुप्तवस्था में सोये रेलवे प्रशासन को जगाने के लिए पोस्ट आफिस चौक से स्टेशन परिसर तक निकलने वाले जनाक्रोश मार्च निकालने की तैयारी पुरी कर ली गई है। नागरिक संघर्ष समिति के अध्यक्ष शाहजहां शाद ने कहा है कि इस आक्रोश मार्च में राजनैतिक दलों, सामाजिक संगठनों तथा व्यापारी संगठनों,गुमटी दुकानदार संघ को आमंत्रित किया गया है।प्रचार गाड़ी को रवाना करते हुए अध्यक्ष शाहजहां शाद,सचिव रमेश सिंह सचिव,प्रवक्ता पवन मिश्रा,राहिल खान,गालिब आज़ाद, कुद्दुस अंसारी, अबुल लैस, रुस्तम, उमर अंसारी, राजा, शहबाज आलम आदि मौजूद थे। नागरिक संघर्ष समिति ने जनवरी माह में रेलवे सुरक्षा आयुक्त की ओर से निरीक्षण के उपरांत हरी झंडी मिलने के बावजूद इस रेल खंड पर ट्रेन के परिचालन शुरू नहीं करने को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए कहां की नागरिक संघर्ष समिति ट्रेन परिचालन शुरू किए जाने को लेकर आर पार की लड़ाई लड़ेगी। नदी संघर्ष समिति के प्रथम चरण में रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या चार पर सफलतापूर्वक धरना प्रदर्शन उपरांत भी गहरी निद्रा में सोई रेलवे विभाग इस दिशा में निष्क्रिय बनी हुई है और उसकी निद्रा को तोड़ने के लिए संघर्ष समिति के द्वारा लगातार कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

## ख़ास ख़बर

### सुरसर नदी में डूबने से एक 10 वर्षीय बालक की हुई मौत



**राजकुमार झा/दैनिक शुभ भास्कर,छातापुर, सुपौल**। जिले में छातापुर थाना क्षेत्र के माधोपुर पंचायत स्थित सुरसर नदी में मंगलवार को डुबने से एक बालक की मौत हो गई, मृतक बालक की पहचान वार्ड 6 निवासी मो अजमेर के पुत्र मो कैफ (10) के रूप में हुई है। घटना की सुचना के बाद सीओ उपेंद्र कुमार, थानाध्यक्ष रामइकबाल पासवान, मौके पर पहूंचे और घटना से अवगत हुए, बताया गया कि नदी किनारे कुछ बच्चों के साथ मो कैफ खेल रहा था, खेलने के क्रम में वह नदी किनारे चला गया, जहां पैर फिसलने से वह नदी में गहरे पानी में डुबने लगा, साथ के अन्य बच्चों ने उसे डूबता देख शोर मचाया, जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने नदी में खोजबिन शुरू कर दिया। करीब एक घंटे तक खोजबीन के बाद नदी से बालक को बरामद कर लिया गया, जिसके बाद आननफानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक तीन भाई और एक बहन में सबसे बडा था, असामयिक मौत की खबर मिलते ही बालक की मां गजिना खातून का रो रोकर बुरा हाल है और बार बार बेसुध हो रही थी, सीओ उपेंद्र कुमार ने बताया कि परिजन शव को पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर गया।

### विकास हत्याकांड के सभी आरोपीयों की जल्द हो गिरफ्तारी-नीरज बबलू



**राजकुमार झा/दैनिक शुभ भास्कर,छातापुर,सुपौल**। लिं में छातापुर प्रखंड अंतर्गत पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक नीरज कुमार सिंह बबलु मंगलवार को प्रखंड के रामपुर पंचायत पहूंचे। जहां उन्होने बीते छह जूलाई को अगवा कर हत्या कर दिये गए यूवक के परिजनों से मुलाकात की, वहीं मृतक यूवक के चाचा एवं एक पत्रकार के अलावे दो अज्ञात के विरुद्ध दर्ज कराये गये गैंगरेप के संदर्भ में आवश्यक जानकारी ली, मौके पर सुपौल नगर परिषद के मुख्य पार्षद राघवेंद्र झा राघव सहित पार्टी के कई नेता, जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग मौजूद थे, विधायक श्री बबलु ने बताया कि बीते छह जून को यूवक विकास सहनी की अगवा कर उसे मौत के घाट उतार दिया गया था, दर्ज हत्याकांड के कई अभियुक्त खुले में घूम रहा है और मृतक के परिजनों पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है, मर्डर केश के काउंटर में आरोपी पक्ष ने घीनौनी साजिश रचकर मृतक विकास के चाचा पवन सहनी, एक पत्रकार तथा दो अज्ञात के विरुद्ध गैंगरेप का केश दर्ज करा दिया जो कि अत्यंत ही गंभीर विषय है, सच्चाई को दबाने के लिए इस प्रकार का हथकंडा अपनाना समाज के लिए अच्छा नहीं है, मर्डर व गैंगरेप दोनों ही मामलों पर एसपी से बात हुई है, गैंगरेप मामले को अपने स्तर से जांच करवाकर सच्चाई सामने लाने तथा मर्डर केश के सभी अभियूक्तों की अविलंब गिरफ्तारी करने का अनुरोध किया गया है, एसपी ने गैंगरेप मामले में जल्द से जल्द अनुसंधान पुरा कर दूध का दूध और पानी का पानी करने तथा मर्डर केश के सभी आरोपियों की गिरफ्तारी करने के प्रति आश्वस्त किया है, विधायक ने कहा कि गांव में पुलिस कैंप की पुनः प्रतिनियूक्ति के लिए एसपी से बात की जाएगी, मृतक यूवक के परिजनों ने कहा कि विकास की हत्या के बाद उसका पुरा परिवार डरा और सहमा हुआ है, हत्या में शामिल नामजद कई मुख्य अभियूक्तों की गिरफ्तारी तीन माह बाद भी नहीं हो पाई है, दबाव बनाने के लिए हत्या कांड के विरुद्ध आरोपी पक्ष ने सुनियोजित तरीके से किसी रिस्तेदार की लडकी को बुलाकर महिला थाना में गैंगरेप का मुकदमा दर्ज करा दिया है, जिसमें मृतक के चाचा एवं एक पत्रकार के अलावे दो लोगों को अभियुक्त बनाया गया है, बताया कि शांति व्यवस्था के लिए गांव में प्रतिनियुक्त किये गए पुलिस टीम को भी हटा लिया गया है, जिसके कारण परिजन सहित ग्रामीणों में किसी बडे अनहोनी की आशंका बनी हुई है, मौके पर विनय भूषण सिंह, शालिग्राम पांडेय, पवन हजारी, गौरीशंकर भगत, रमेश कुमार मुखिया, मुकेश कुमार यादव, शंकर सहनी, काली झा, आलोक कुमार आदि मौजूद थे।

# सरकार द्वारा तय राशि से अधिक वसूलने पर छात्राओं का प्रदर्शन



**अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, पीपरा, सुपौल**। जिले में पिपरा प्रखंड अंतर्गत प्रोजेक्ट कन्या प्लस टू विधालय पूरा में एच एम द्वारा दसवीं का फार्म भराई में अवैध वसूली की जा रही है। मालूम हो कि एक तरफ शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिए मुख्य सचिव के के पाठक जद्दोजहद में लगे हुए है वहीं दूसरी तरफ उनसे भी ज्यादा तेवर दिखाती है प्रोजेक्ट कन्या पल्स टू विद्यालय पिपरा की एच एम। सरकारी विद्यालयों में विभागीय अधिकारियों द्वारा निरीक्षण तो की जा रही है पर इसका कोई खास प्रभाव विद्यालय प्रधान पर नहीं पर रहा है। अभी वर्ग दसवीं कक्षा के छात्र छात्राओं का फार्म भराई हो रहा है इसमें सरकार द्वारा तय राशि से अधिक रूपये वसूलने और ली गई राशि का रसीद भी बच्चों को नहीं देने का मामला प्रकाश में आया है। मामला पिपरा प्रखंड कार्यालय से महज पांच सो मीटर दूर प्रोजेक्ट कन्या पल्स टू विद्यालय पिपरा का है जहा की प्रधानाध्यापिका सुलोचना कुमारी है जिनके द्वारा फार्म भराई के नाम पर तय राशि से अधिक रूपये वसूली की जाने की बात सामने आ रही है। बता दें कि वर्ग दसवीं के विभिन्न केटेगरी के छात्र छात्राओं के लिए अलग-अलग शुल्क निर्धारित है इसमें सामान्य कोटि के छात्र छात्राओं के लिए सभी शुल्क जोड़कर महज 1320 इबीसी छात्रों के लिए 1205 वहीं एससी एसटी के छात्र छात्राओं को मात्र 1125 रूपये निर्धारित किया गया है जबकि प्रधानाध्यापिका सभी बच्चों से 40 से 45 रूपए ज्यादा वसूली करती है। इसकी जानकारी बच्चों के अभिभावकों द्वारा जब स्थानीय मीडिया कर्मियों को दी तो इसकी पुष्टि के लिए जब मिडिया कर्मी विद्यालय पहुंचे तो एच एम साहिबा उल्टे मीडियाकर्मियों पर भड़क उठी। जब उससे भी मेडम का जी नहीं भरा तो अपनी बात रख रही छात्राओं को धमकाने लगी कहने लगी कि जिसने भी यह जानकारी पत्रकारों को दी है उनका नाम विद्यालय से काटकर हटा देंगे यह पावर हमको है मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। इस पर सभी छात्राओं ने हाथ उठाकर एच एम के विरुद्ध प्रदर्शन कर विरोध जताया। वहीं विद्यालय में अध्यनरत छात्रों ने एच एम पर परिभ्रमण की राशि मिलने के बावजूद बच्चों को घूमाने नहीं ले जाने का भी आरोप लगाया है। साथ ही विद्यालय की व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए और कहा कि विद्यालय में पानी की भी व्यवस्था नहीं है पीने वाला पानी से बदबू आती है। विद्यालय में कार्यरत शिक्षक शिक्षिकाओं में भी एकमत नहीं देखा गया कुछ शिक्षक बच्चों के पक्ष में है तो कुछ शिक्षक एच एम की इस गोरखधंधे में शामिल हैं जो गरीब बच्चों से फार्म भराई के नाम पर 75 प्रतिशत उपस्थिति के नाम पर उगाही करते हैं। अब सवाल उठता है कि क्या ऐसे एच एम पर शिक्षा विभाग को कारवाई करनी चाहिए या एच एम अपनी मनमानी करते हुए वैसे बच्चों को विद्यालय से नाम काटकर बाहर कर देगी या इनकी मनमानी कबतक चलती रहेगी यह तो आने वाले समय में पता चल पाएगा। हालांकि इसकी शिकायत वरीय पदाधिकारी को भी की गई है। इस संबंध में पिपरा बीओ प्रभार सुपौल डीपीओ से पूछे जाने पर उन्होंने कहा इस आशय की जानकारी मुझे नहीं थी जानकारी मिली है बच्चों से फार्म भराई के नाम पर ज्यादा पैसा लेने की पुष्टि होने पर कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व कांड के एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल



**सोनू आलम/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल**। जिले के छातापुर प्रखंड अंतर्गत ललितग्राम ओपी पुलिस ने बीती रात गुप्त सूचना के आधार पर पूर्व कांड के एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी अखिलेश मुखिया भीमपुर थाना क्षेत्र के जीवछपुर वार्ड 1 का निवासी बताया जा रहा है। ओपी प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि उक्त आरोपी थाना कांड संख्या 33/23 का नामजद अभियुक्त है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए ओपी पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। लेकिन उक्त आरोपी पुलिस को चकमा देकर हर बार फरार हो जाता था। इस बीच ओपी पुलिस ने सूचना के आधार पर उक्त आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। जिसे बुधवार को न्यायिक हिरासत सुपौल भेज दिया गया है।

## वीडियो वायरल करने की धमकी देने के आरोप में दिया आवेदन



**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल**। जिले में किसनपुर थाना क्षेत्र के मौजहा पंचायत स्थित वार्ड नम्बर 12 के सुकमारपूर निवासी एक किशोरी के साथ आपत्तिजनक फोटो/वीडियो वायरल करने की धमकी देने का झांसा देकर यौन शेषण करने के आरोप में सदर थाना क्षेत्र के वार्ड नम्बर 5 स्थित गौरबगढ़ निवासी दुर्गानंद कुमार यादव, पिता राजकुमार यादव के विरूद्ध पीड़िता द्वारा थाना को दिये आवेदन के आधार पर किशनपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# पुलिस द्वारा वाहन चैकिंग के दौरान एक शराब कारोबारी को हिरासत में लेकर भेजा जेल



सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल। जिले के किशनपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार को वाहन चेकिंग के दौरान एक शराब कारोबारी को हिरासत में लेकर भेजा जेल। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राघव शरण ने बताया की किशनपुर पिपरा रोड में अभुआर पेट्रोल पंप से आगे वाहन चेकिंग की जा रही थी उसी समय एक मोटर सायकिल सवार जो पीछे सीट पर एक प्लास्टिक के बोरा बांधे हुए था जिसे संदेह के आधार पर पकड़ा गया । मोटर साइकिल सवार संतोष यादव हरिपुर झरका पिपरा थाना क्षेत्र का पकड़ाया हीरो स्पेलेंडर प्लस काला रंग का मोटर सायकिल जिसका रजिस्टेशन नंबर पीबी 11CG 9574 के सीट पर बंधा प्लास्टिक का बौरा को खोलकर देखा तो उसमे से दिलवाले नेपाली सोफी देशी शराब का कुल 90 बोतल प्रत्येक बोतल में 300 एमएल वाला जिसका कुल मात्रा 27 लीटर शराब बरामद करते हुए अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### सरकारी नियमानुसार किया भूमि का निबंधन




**डॉ0 विनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल**। जिले के निर्मली नगर में दिघिया पंचायत के दुधैला में सरकार के नियानुसार जमीन का निबंधन कराया गया है। बावजूद इसके द्वितीय पक्ष द्वारा भूमि निबंधन में चौहद्दी छुपाने एवं राजस्व क्षति का आरोप लगाया है। दिघिया पंचायत के दुधैला वार्ड 8 निवासी विष्णुदेव यादव ने बताया की मुजफ्फरपुर जिला के शशि रंजन कुमार सिंह की भूमि दुधैला गांव में उसकी पुस्तैनी जमीन था। जिसका सरकारी नियमानुसार बीते 1 सितंबर को वह निबंधन कराया है। जिसमे गांव के ही कुछ लोग व्यक्तिगत प्रतारणा के मकसद से निबंधन कार्यालय को आवेदन दिया है। जबकि आवेदन के आलोक में अवर निबंधन पदाधिकारी द्वारा स्थल भी निरक्षण किया गया है।

### शराब से लदा एक पिकअप वैन जब्त, तस्कर फरार




**डॉ बिनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल**। जिले के निर्मली पुलिस ने थाना क्षेत्र के थरिया गांव के पास से शराब से एक पिकअप वैन पर शराब की बड़ी खेप जब्त किया है। बताया जाता है की बुधवार की दोपहर पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि नेपाल की ओर से अंधरामठ के रास्ते कोसी टोल प्लाजा की ओर शराब की बड़ी खेप लेकर एक पिकअप जा रहा है। सूचना मिलते ही गस्ती पर तैनात पुलिस बल थाना क्षेत्र के थरिया गांव के पास गार्ड बांध पर ब्रैकेटिंग कर दिया। कुछ देर के बाद उजाला रंग का पिकअप वहां आ पहुंचा पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की। पुलिस को देख पिकअप पर सवार चालक अपने गाड़ी को छोड़कर पानी से भरा गड्ढे में कूदकर घनी आबादी का फायदा उठाकर वहां से भाग निकला। पुलिस ने सड़क पर खड़े पिकअप की तलाशी ली तो उसमे 220 कार्टून में 6600 बोतल नेपाली देसी शराब बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने पिकअप व शराब को जप्त करते हुए थाना ले आई। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के थरिया गांव के पास गार्ड बांध पर से 6600 बोतल देसी शराब से भरा एक पिकअप वैन जब्त की गई है। वहीं, तस्कर घनी आबादी का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहा। बताया कि अज्ञात तस्कर के खिलाफ केस दर्ज करते हुए तस्कर का पता लगाया जा रहा है।

### त्रिवेणीगंज में कोसी एजुकेशन सेंटर का हुआ उद्घाटन



**मो0 नजीर/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल**। जिला के त्रिवेणीगंज में कोसी एजुकेशन सेंटर का उद्घाटन त्रिवेणीगंज के चेयरमैन संगीता कुमारी के द्वारा फीता काटकर किया गया वही कोसी एजुकेशन सेंटर के मैनेजिंग डायरेक्टर रामकुमार यादव ने बताया अब छात्र और छात्राओं के लिए त्रिवेणीगंज में जी एन एम, ए एन एम, बी एस सी नर्सिंग,B,pharmacy, D,pharmacy जैसे कई कोर्सो का व्यवस्था किया गया है अब छात्र और छात्राओं को बाहर जान की जरूरत नहीं है कोई भी छात्र और छात्र में अगर ANM,GNM, बनना चाहता है तो कोसी एजुकेशन सेंटर त्रिवेणीगंज आकर क्लास कर सकते हैं वही इस सेंटर में एडमिशन लेने के लिए 12वीं पास होना अनिवार्य है मैनेजिंग डायरेक्टर ने बताया हमारे यहां कम खर्चे में बेहतर सुविधा देने के लिए हम लोग तटपर हैं अगर कोई छात्र एवं छात्राएं नामांकन लेना चाहता है तो एक बार हमारे कोसी एजुकेशन सेंटर त्रिवेणीगंज में आकर जरूर संपर्क करेंइस मौके पर मौजूद रहे कुंदन यादव, संजय यादव, वार्ड पार्षद जब्बार,लालू कुमार,आलोक कुमार, Dr नंदन कुमार,dr पवन कुमार, रूपेश कुमार, मंजीत जायसवाल, मिट्ठू कुमाए, नजीर आलम, इरफान, अनीश,गौतम, नरेश आदि मौजूद रहे।

**निरीक्षण** फिलहाल इस जमीन की पैमाइस करवा कर चाहरदीवारी का निर्माण करवाया जाएगा

# बस पड़ाव को लेकर डीडीसी ने जिला परिषद की जमीन का किया निरीक्षण



**राजकुमार झा/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल**। जिले में छातापुर प्रखंड अंतर्गत डीडीसी मुकेश कुमार ने मंगलवार को छातापुर पहूंचकर मुख्यालय स्थित जिला परिषद की जमीन का निरीक्षण किया, बीडीओ रीतेष कुमार सिंह के साथ पहूंचे डीडीसी ने जमीन का मुआयना किया और इस जमीन को बस पडाव के लिए उपयुक्त बताया, कहा कि फिलहाल इस जमीन की पैमाइस करवा कर चाहरदीवारी का निर्माण करवाया जाएगा, साथ ही घेराबंदी के पश्चात यहां सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराने की भी योजना है, जमीन के आगे सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करवाने के लिए भी सीओ को पत्र लिखा जाएगा, यह भी बताया कि एस एच 91 किनारे अवस्थित यह जमीन बाजार क्षेत्र से बाहर है जो बस पडाव के लिए उपयुक्त है, बायपास के लिए इस जमीन के आगे और पीछे भी पक्की सडकें बनी हुई है, इसके बाद डीडीसी रामपुर एवं उधमपुर पंचायत गये जहां उन्होने निर्माणाधीन डब्लूपीयू भवन का जायजा लिया, रामपुर में कार्य प्रगति से वे संतुष्ट दिखे वहीं उधमपुर में निर्माण कार्य की धीमी प्रगति के कारणों से अवगत हुए, उन्होने मौके पर मौजूद बीडीओ से आगामी दो अक्टूबर से पूर्व शेष पंचायतों में डब्लूपीयू का निर्माण पूर्ण करवाने का निर्देश दिया, ताकि निर्धारित तीथि को सभी डब्लूपीयू का उद्घाटन सुनिश्चित हो सके।

# नशीली औषधियों के साथ एक नेपाली नागरिक को किया गिरफ्तार



**अभिषेक आनन्द /दैनिक शुभ भास्कर, वीरपुर, सुपौल** । जिले में वीरपुर अनुमण्डल क्षेत्र के एस. एस. बी. 45वीं बटालियन की सीमा चौकी भीमनगर ने नेपाल - भारत अंतरराष्ट्रीय बार्डर पर प्रतिबंधित नशीली औषधियों के साथ एक नेपाली नागरिक को किया गिरफ्तार । जानकारी देते हुए 45वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट, श्री जगदीश कुमार शर्मा , द्वितीय कमान अधिकारी ने बताया कि चेक पोस्ट भीमनगर नेपाल जाने का एक अधिकृत मार्ग है जहां से दोनों देशों के नागरिकों का आवागमन होता है । इस रास्ते पर एस एस बी 45वीं बटालियन की सीमा चौकी भीमनगर का एक चेक पोस्ट है । चेक पोस्ट के रास्ते आने जाने वालों को चेक पोस्ट पर तैनात कार्मिकों द्वारा जांच-पड़ताल तथा तलाशी करने के पश्चात आने-जाने की अनुमति दी जाती है । इस क्रम में आज एक नेपाली नागरिक को भारत से नेपाल जाने के क्रम में स.उ.नि. नवकान्त दत्त तथा अन्य 05 कार्मिकों के दल द्वारा रोककर तलाशी ली गयी । तलाशी के क्रम में उक्त व्यक्ति के पास से विभिन्न प्रकार की प्रतिबंधित नशीली औषधि -700 कैप्सूल/टैबलेट प्राप्त हुये जिन्हें चेक पोस्ट पर तैनात दल द्वारा जब्त किया गया । हिरासत में लिए गए व्यक्ति की पहचान सद्दाम मियां, उम्र-35 वर्ष, पिता- खलील मियां, ग्राम-कोशी गाँवपालिका, वार्ड न. 1, भंटाबारी, सुनसरी, नेपाल के रूप में की गयी । आवश्यक कागजी कार्यवाई के उपरांत प्रतिबंधित नशीली औषधि तथा हिरासत में लिए गए व्यक्ति को ओ. पी. भीमनगर, सुपौल के सुपुर्द किया गया ।

## ख़ास ख़बर

### छात्रा का मोबाइल गुम, थाने में सनहा दर्ज कराया

**दैनिक शुभ भास्कर सवंददाता, नासरीगंज/रोहतास।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नगर स्थित वार्ड 05 स्थित ठाकुरबाड़ी मन्दिर परिसर से छात्रा का मोबाइल गुम हो गया। इस सम्बंध में छात्रा के भाई ने थाने में सनहा दर्ज कराया है।थाने में दिये आवेदन में बताया गया है कि कृष्ण छठी महोत्सव के अवसर पर उक्त मन्दिर में उक्त छात्रा प्रसाद ग्रहण करने अपनी सहेलियों के साथ गई थी उसी क्रम में प्रसाद ग्रहण के बाद सहेलियों के साथ वार्तालाप के क्रम में उसका मोबाइल गिर जाने के कारण गुम हो गया। उक्त परिसर में मोबाइल खोजने का अथक प्रयास किया गया लेकिन असफल रहा। उक्त मोबाइल में छात्रा का शैक्षणिक प्रमाणपत्र समेत महत्वपूर्ण बैंक डिटेल भी था। भुगतभोगी छात्रा दूरदर्शन के पूर्व पत्रकार विनोद कुमार की पुत्री बताई जाती है। इस सम्बंध में पूछने पर थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि सनहा दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

### महुआ निर्मित शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार, बाइक भी हुई जप्त

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, बिक्रमगंज/ रोहतास।** काराकाट पुलिस ने हरिहरपुर गांव से एक धंधेबाज को 20 लीटर महुआ निर्मित के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार धंधेबाज पड़रिया गाव निवासी अजीत साह बताया गया हैं। थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने बताया कि उक्त धंधेबाज कि गिरफ्तारी गुप्त सुचना के आधार पर कि गईं हैं। धंधेबाज के पास से महुआ निर्मित 20 लीटर शराब बरामद किया गया हैं वही इस धंधे मे प्रयुक्त उसकी बजाज कम्पनी का प्लेटीना बाइक भी बरामद किया गया हैं।थानाध्यक्ष ने बताया कि उक्त धंधेबाज बाइक पर शराब रख कही से अपनी गांव कि ओर आ रहा था कि उसे हरिहर पुर गांव के समीप से गिरफ्तार कर लिया गया।

### पोल एवं तार शिफ्टिंग को लेकर विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** विद्युत आपूर्ति प्रशाखा, बिक्रमगंज अंतर्गत एन०एस०-120 द्वारा सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। विदित हो कि चौड़ीकरण के दौरान कुछ पोल एवं तार का शिफ्टिंग भी करना अतिआवश्यक है। सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया कि कि नासरीगंज मोड़ से तेंदुनी चौक तक रोड वाइंडिंग प्रोजेक्ट चल रहा है जिसके तहत तेंदुनी चौक बिक्रमगंज के पास यूटिलिटी शिफ्टिंग की आवश्यकता है। रोड एलाइनमेंट में 33 केवी लाइन आ रही है, जिसके कारण 14 सितंबर 2023 से 16 सितंबर एवं 18.09.2023 से 22.09.2023 तक सुबह 10:00 बजे से 03:00 बजे तक 33 के०वी० शटडाउन रहेगा।

### अनुकंपा पर नियुक्त चौतीस कर्मियों को नही मिला वेतन

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज(रोहतास)।** अनुकंपा पर नियुक्त 34 कर्मियों को नहीं मिला वेतन । ज्ञातव्य हो कि जून 2023 में एक साथ इनकी नियुक्ति एक विभिन्न महाविद्यालयों में साथ की गई थी । इसमें कई कर्मी ऐसे भी हैं जिनकी नियुक्ति उनके माता या पिता की मृत्यु के तीन या चार साल बाद हुई है । जून 2023 से अगस्त 2023 तक सभी कर्मियों के साथ इनका भी वेतन विपत्र विश्विद्यालय में भेजा गया था । अभी तीन चार दिन पहले सभी कॉलेज के कर्मियों ने तीन माह का वेतन भुगतान हेतु असहयोग आंदोलन का कार्यक्रम किया था । जल्दबाजी में विश्विद्यालय से दो माह का वेतन भुगतान किया गया । लेकिन जून में नवनियुक्त अनुकम्पा कर्मियों का भुगतान नहीं किया गया । अंजबीत सिंह कॉलेज बिक्रमगंज में एक कर्मी दीपक कुमार को भुगतान तो किया गया । लेकिन अगले ही दिन विश्विद्यालय से पत्र निर्गत करके उसे भुगतान की गई राशि महाविद्यालय कोष में वापस जमा करने का आदेश दे दिया गया । विश्विद्यालय में बात करने पर कहा जा रहा है कि इनलोगों का बजट 2023 व 2024 में शामिल नहीं है । इसलिए भुगतान नहीं किया जा सकता । साहब आप जून 2023 में नियुक्ति किए हैं । तो एक अलग से अनुपूरक बजट राज्य सरकार में भेजकर इनके लिए राशि क्यों नहीं स्वीकृत करवाया । यह काम विश्विद्यालय का है । अब ये कर्मी क्या मार्च 2024 तक वेतन का इंतजार करेंगे ? इतनी लंबी अवधि तक इनके परिवार का भरण पोषण कैसे होगा । एक तो ईश्वरीय मार और दूसरी तरफ सरकारी मार यानी दोहरे मार से ये कर्मी गुजर रहे हैं । कर्मियों को प्रताड़ित करने के लिए एक और पत्र विश्विद्यालय से जारी किया गया है । उसमें कहा गया है कि जिन कर्मियों का वेतन सत्यापन राज्य सरकार के वेतन सत्यापन कोषांग से नहीं हुआ है उनको 25 प्रतिशत राशि काटकर भुगतान किया जाएगा । वेतन सत्यापन का प्रस्ताव विश्विद्यालय में काफी पहले भेजा गया है । लेकिन अनावश्यक प्रश्न खड़ा कर कई लोगों का सत्यापन अब तक नहीं किया गया है । जबकि एक ही पद, एक ही पत्र और एक ही तिथि को योगदान करने वाले कर्मियों में से कुछ का सत्यापन कर दिया गया और कुछ का अब तक लंबित है । सत्यापन का काम विश्विद्यालय और सत्यापन कोषांग का है । इसमे कर्मी कहां दोषी हैं , जिसका दंड उन्हें दिया जा रहा है । एक तो समय पर वेतन नहीं मिलता और उसमे भी 25 प्रतिशत काटकर भुगतान करने का आदेश । कर्मी दोहरी मार से गुजरने को मजबूर हैं । हर बार कर्मियों को उस गलती की सजा दी जाती है जो उन्होंने कभी किया ही नहीं है । अंजबीत सिंह कॉलेज सह उपाध्यक्ष शिक्षकेत्तर कर्मचारी महासंघ वीर कुंवर सिंह विश्विद्यालय आरा प्रक्षेत्र अक्षय कुमार प्यारे ने कुलपति से मांग करते हुए कहा है कि अनुकंपा पर नवनियुक्त कर्मियों का वेतन भुगतान और जिन कर्मियों का वेतन सत्यापन नहीं हुआ है , उनका जल्द से जल्द वेतन सत्यापन कराने का काम करें , कर्मी आपके ही अंग हैं । इन्हें दोहरी मार से बचाने के लिए अपने स्तर से पहल करें ।

### बच्चों को 11 बजें छुट्टी देने के बाद गहरी निंद्रा में पकड़े गए प्रभारी प्रधानाध्यापक

# केके पाठक के आदेश की उड़ायी जा रही धजिया

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** बिहार में शिक्षा विभाग लगातार अपने कारनामो से सुर्खियों में बना हुआ है। ठीक उसी तरह का एक ताजा मामला काराकाट प्रखंड क्षेत्र के मोथा पंचायत में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय रघुनाथपुर का है, जहां अजीबो गरीब मामला सामने आया है। जहां स्कूल प्रबंधक द्वारा दिनाक 12 सितंबर 2023 को सुबह करीब 11 बजे ही छात्र - छात्राओं को छुट्टी देकर क्लास में बेंच पर नींद फरमाते स्कूल के प्रधानाध्यापक रंगे हाथ पकड़े गए है। मिली जानकारी के अनुसार उत्क्रमित मध्य विद्यालय रघुनाथपुर में अचानक कुछ क्षेत्र के मीडिया कर्मी स्कूल परिसर में दाखिल हुए। जहां स्कूल परिसर में सन्नाटा देख क्लास रूम की ओर बढ़े जहां उन्हें क्लास रूम में स्कूल के प्रधानाध्यापक गहरी नींद में सोते पाए गए। सवाल करने पर प्रधानाध्यापक द्वारा अजीबो गरीब जवाब सुनने को मिला। प्रधानाध्यापक की बाते माने तो आपसी रंजिश के बाद सभी पढ़ने आए छात्र - छात्राओं को छुट्टी दे दिया गया। वही जब इस मामले में गांव के स्थानीय लोगों से सवाल किया गया तो गांव के लोगों ने एक सुर में प्रधानाध्यापक के प्रति कई आश्चर्य जनक खुलासा करते हुए कई गंभीर सवाल उठाए जिसमे स्कूली बच्चों को सरकार के तरफ से मिलने वाली कई महत्पूर्ण योजनाएं शामिल है।





जिसका लाभ छात्र, छात्राओं को नहीं मिल पाने से स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है।

**विद्यालय में पायी गयी अनियमता की विवरणः** 12 सितंबर 2023 को वर्ग 01 से 08 में कुल नामांकन 265, पंजी में उपस्थिति 132, वास्तविक, उपस्थिति=000। विद्यालय में रखरखाव, स्वक्षता रंग रोगन हेतु 75000 रुपए प्राप्त खर्च का कोई विवर्णी नहीं, विद्यालय शिक्षा समिति से पूछने पर बताए की प्रधानाध्यापक का कथन है की वो हिसाब अपने विभाग को देंगे, जो उपयोगिता प्रमाण पत्र का प्राप्ति कॉपी दिखा देंगे। वही विद्यालय में कुल 11 शिक्षक बहाल है। परंतु आठ शिक्षको की उपस्थिति दर्ज है। वही प्रधानाध्यापक द्वारा क्लास रूम के पंखा चला कर आराम से खर्राटेदार नींद मारा जा रहा हैं। प्रधानाध्यापक से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि जब बच्चें नहीं है तो क्या करते सोए हुए है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के0 के0 पाठक का निर्देश है कि कोई भी अपने कार्य में अगर लापारवाही करता है, तो उस पर तत्काल विभागीय कार्यवाही किया जाएगा । लेकिन इस विद्यालय के शिक्षकों को तो कोई परवाह ही नहीं है, चाहे वह बिहार सरकार का आदेश हों या शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के0 के0 पाठक का आदेश हो। वही जब प्रधानाध्यापक से पूछा गया कि अगर आपके विद्यालय में बच्चा नहीं है तो इसकी सूचना आप प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को दिए हैं क्या..? तो जवाब मिला जी हां हम इसका सूचना प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को दिए हैं, मगर जब प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से बात किया गया तो उन्होंने कहा कि हमें कोई ऐसी सूचना प्राप्त नहीं हुई है । स्कूल के प्रधानाध्यापक ने काराकाट प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी पर आरोप लगाते हुए कहा की सब उन्ही का निर्देश अनुसार विद्यालय में हो रहा है। कई महीनों से बिना कोई लिखित आदेश के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा एक शिक्षक प्रेम कुमार रंजन को अपने साथ प्रति दिन ले जाकर निजी काम कराया जा रहा है। विद्यालय में प्रतिदिन हाजरी बना कर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के साथ चले जाने से स्कूल के पठन, पाठन में काफी कठिनाई होती है। परंतु विभागीय अधिकारियों की मनमानी के आगे सब कुछ फेल है। वही जब विद्यालय के सूची में देखा गया तो 11 शिक्षक हैं जिसमें में एक शिक्षिका 27 अगस्त 2015 से इस विद्यालय में पदस्थापित हैं। जब इस मामले की जानकारी विद्यालय के शिक्षकों से लिया गया तो शिक्षकों ने बताया कि आज तक इस विद्यालय में कभी भी शिक्षिका नहीं आई है। वही शिक्षकों ने बताया कि शिक्षिका का पेमेंट पहले से होते आया है, अभी तत्कालीन क्या स्थिति है इसका जानकारी काराकाट प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ही बता पाएंगे। फिलहाल मामला देखने से लगता है कि इसमें अधिकारीयों का भी मिलीभगत है । इसमें अधिकारी और कर्मचारी की संलिप्तता स्पस्ट झलक रही है। वही जब इस मामले में काराकाट प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कलामुद्दीन साहब से पूछा गया तो उनके द्वारा नामित शिक्षिका के अवैतनिक अवकाश पर होने की बाते बतायी गयी।

# महीने में 10 दिन भी सही ढंग से नहीं खुलता है प्राथमिक विद्यालय







**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, सासाराम/रोहतास।** खबर रोहतास जिले के रोहतास प्रखंड से है, जहाँ रोहतास प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय कच्छुअर में पदस्थापित शिक्षक शिक्षा विभाग के अवर मुख्य सचिव के0 के0 पाठक की फरमानों को ठेंगा दिखाते हुए विद्यालय को बंद रखते है। प्राथमिक विद्यालय कच्छुअर के शिक्षकों का कहना है कि हमलोगों का कोइकुछ नही बिगाड़ सकता है ये बाते जिले के वरीय पदाधिकारी भी जानते है। आपको बतादें की रोहतास जिले के रोहतास प्रखंड अंतर्गत कैमूर पहाड़ी पर बसा है कच्छुअर गांव। जहां के लोग आज भी मुख्य धारा से नहीं जुड़ पाए हैं। वहां पर कई जन समस्याओं के साथ सुविधाओं की काफी कमी है। सरकारी सुविधा बहुत कम पहुंच पाती है और आजादी के दशकों बीत जाने के बाद भी आज तक उस गांव में बिजली तथा पेयजल की व्यवस्था सरकार के।द्वारा नहीं की जा सकी है। उक्त गांव में एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय भी है, जहां विद्यालय का भवन तो देखने में ठीक-ठाक नजर आता है किंतु स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि महीने के 30 दिन में मात्र 10 दिन ही वहां शिक्षक कभी-कभार ऐसे ही आ जाया करते हैं और उसी दौरान अपना सारा कागजी कोरम पूरा करके चले जाते हैं। वहीं शिक्षा की व्यवस्था सुदृढ़ ना होने के कारण वहां के बच्चे ऐसे ही घूमते रहते हैं, और उनका भविष्य अंधकार की ओर जाते दिख रहा है। बिहार सरकार लाखों करोड़ों रुपए शिक्षा के क्षेत्र में खर्च कर रहा है, किंतु पढ़ाई लिखाई का सही सुविधा न होने के कारण वहां के लोग आज इस आधुनिक युग में भी काफी पीछे छूटते जा रहे हैं। वही इस मामले को लेकर जब उक्त विद्यालय के प्रधानाध्यपीका कुसुम कुमारी से मोबाइल पर बात की गयी तो उनके द्वारा मोबाईल को अपने पति को दे दिया गया। जिसके बाद उनके पति का कहना है कि आप नहीं देख रहे हैं कि वहां के लोग कैसे हैं और वहां की स्थिति कैसी है और आप पहाड़ के नीचे आइए आपको कितने स्कूल दिखाते हैं जो बंद पड़े रहते हैं। यह जवाब कितना सही और सुदृढ़ है आप समझ सकते हैं। इस बीच क्या कुछ कार्रवाई शिक्षा विभाग के अधिकारियों के द्वारा की जाती है यह देखना लाजमी है।

### बिक्रमगंज में वाहन चेकिंग अभियान के दौरान 36 हजार वसूला गया जुर्माना




**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज(रोहतास)।** बुधवार को आरा-सासाराम मुख्य पथ पर थाना चौक के पास वरीय अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया । जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि वरीय अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर शराब माफियाओं , अपराधियों की गिरफ्तारी , हेलमेट , ड्राइविंग लाइसेंस , ऑनर बुक , ट्रिपल लोडिंग सहित अन्य बिंदुओं को देखते हुए वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया । उन्होंने बताया कि हेलमेट , ड्राइविंग लाइसेंस , वाहनों के अन्य कागजात नहीं रहने की स्थिति में स्थानीय पुलिस के द्वारा 36 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया । मौके पर स्थानीय थाना के वरीय पुलिस अधिकारी एवं पुलिस बल के जवान उपस्थित थे ।

### बघैला थानाध्यक्ष के रूप में नेहा कुमारी ने संभाली कमान



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज(रोहतास)।** काराकाट थाना में प्रशिक्षु एसआई के पद पर कार्यरत रही नेहा कुमारी को प्रोन्नति के साथ बघैला थानाध्यक्ष बनाते हुए स्थानांतरण किया गया है। नेहा कुमारी काराकाट थाना में अपने कार्यकाल में कई अपराधों का खुलासा किया है। महिला प्रशिक्षु एसआई के तौर पर काफी दिलेरी से अपराधियों से लेकर संगठित अपराध करने वालों को जेल के सलाखों के पीछे धकेलने का कार्य किया है। काराकाट थाना क्षेत्र में इनके साहसिक कार्य को बहुत ही काफी सराहा जाता रहा है। प्रशिक्षु महिला एसआई नेहा कुमारी वर्ष 2021 से 2023 तक काराकाट थाना क्षेत्र में दिलेरी से कार्य किया है। बेहिचक अपराधियों को दबोचने में कभी भी पीछे नहीं हटी ,इनका कार्यकाल काफी सराहनीय रहा है। प्रभारी थानाध्यक्ष पद पर कार्य करते हुए ये कमी कभी नहीं रहा कि थानाध्यक्ष का पद खाली है । रोहतास एसपी विनीत कुमार ने अपराधियों को गिरफ्तार करने व अपराधों को खुलासा करने पर इनके साहसिक कार्य को को देखते हुए कई बार पुरस्कृत भी कर चुके है । रोहतास जिला के बघैला का थानाध्यक्ष बनाये जाने पर काराकाट प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं शिक्षाविद सहित प्रबुद्ध नागरिकों ने बधाई दी है ।

### राजद नगर अध्यक्ष संतोष यादव व संजय राम को मिली नगर महासचिव की बागडोर



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज (रोहतास)।** राजद के जिलाध्यक्ष मक़सूद आलम ने गोडारी के संतोष यादव को नगर अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। तथा नगर महा सचिव की संजय राम को बागडोर दी गयी। इस मनोनयन पर मंत्री अनिता चौधरी, जिलाध्यक्ष मकसूद आलम, डेहरी विधायक फतेह बहादुर, दिनारा विधायक विजय कुमार मंडल, पंचायती राज प्रकोष्ठ महेंद्र प्रताप विधार्थी के साथ अनेक राजद नेताओं ने खुशी जाहिर की है। नगर में एक कार्यक्रम आयोजित कर श्री यादव और श्री राम को क्रमशः नगर अध्यक्ष पद एवं नगर महासचिव की जिम्मेवारी दी गई। दोनों जिम्मेवारियों के लिए पूरे नगर से रविश रंजन, विशाल कुमार, दिलीप कुमार, रामाकांत कुमार, दीपक कुमार के अतिरिक्त कई लोगों ने बधाई।

### मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर 3 पर प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** कनीय विद्युत अभियंता बिक्रमगंज नवदीप गोयल ने गुप्त सूचना के आधार पर एक जांच दल का गठन कर प्रखंड बिक्रमगंज के ग्राम-घुसियाकलां में विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर छापेमारी की गई। बताते चले कि मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी करने को लेकर ललन कुमार गुप्ता पर 14991, मो. माजिद खान पर 20072, मधु साह पर 17020 रुपये राजस्व की क्षति लगाई गई है। उक्त उपभोक्ता के द्वारा मीटर बाईपास कर एक अलग से तार खींचकर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी, जिसके कारण वास्तविक मान पठन अवरुद्ध हो रहा था। सभी अभियुक्तों के खिलाफ बिक्रमगंज थाना में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बताते चले कि सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे उपभोक्ताओं के परिसर में लगे सर्विस तार, मीटर, बिलिंग एवं बिल के ससमय भुगतान की सघन जांच की जा रही है। क्षेत्र में जांच के दौरान मीटर की सील टूटी हुई, टेम्परिंग या बाईपास पाए जाने पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराया जा रहा है साथ ही साथ बकायेदार उपभोक्ता का मौके पर ही बिजली कनेक्शन काटा जा रहा है। चालू माह में विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल बिक्रमगंज अंतर्गत 5 व्यक्तियों पर विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है।

आयोजन — ग्राम रेड़िया में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से किया गया

# काराकाट में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज(रोहतास)।** काराकाट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बिक्रमगंज प्रखंड क्षेत्र के ग्राम रेड़िया में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से किया गया । कार्यक्रम का नेतृत्व नवीन चंद्र शाह भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष तथा काराकाट लोक सभा के संयोजक ने की । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि इस कार्यक्रम से देशभक्ति की भावना का विकास होता है । मिट्टी को नमन करना है वीरों का वंदन करना है यह राष्ट्रव्यापी अभियान राष्ट्र और बहादुरों की उपलब्धियां को जश्न मनाने को लेकर है । शहीद हुए वीरों का सम्मान देना है यदि हम सब देशवासी ऐसा करते हैं तो हमारी भी गिनती जापानी इजरायली एवं जर्मन नागरिक जैसी होगी । प्रत्येक घर से मिट्टी अमृत कलश में ली गई । ग्रामीण माता बहिनी बड़ी श्रद्धा से मिट्टी और अक्षत अमृत कलश में दे रही थी । संग्रह करने के क्रम में भारत माता की जय वंदे मातरम वीर शहीदो अमर रहे । देश की रक्षा कौन करेगा हम करेंगे हम करेंगे आदि का उद्घोष लग रहे थे । इस कार्यक्रम में सर्वश्री राकेश शर्मा , काशीनाथ पासवान , कमला देवी , सुकुमारी देवी , राजेश गुप्ता , सत्येंद्र पासवान , हरक पासवान , दिनेश पासवान , हरिप्रसाद चौधरी , चट्टू खान सहित बड़ी संख्या में माता बहने एवं बाल-बच्चे उपस्थित थे । कार्यक्रम का समापन वन्दे मातरम गीत से हुआ ।

# बकाया राशि रहने के कारण विद्युत कनेक्शन कटने के पश्चात जलाना पड़ा महंगा, जुर्माना

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** बिलिंग गुणवत्ता एवं बकायेदार उपभोक्ताओं की जांच को लेकर एक जांच दल का गठन कर विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर कनीय विद्युत अभियंता, संझौली प्रमुदित रक्त पटेल ने प्राथमिकी दर्ज की है। बताते चले कि बकायेदार उपभोक्ताओं का विद्युत विपत्र की राशि बकाया रहने के कारण विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर विद्युत कनेक्शन काट रही है परंतु कुछ उपभोक्ताओं द्वारा बिना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा किये अवैध रूप से तार जोड़कर विद्युत ऊर्जा की चोरी करने लग रहे हैं। इसी बीच पंचायत-उदयपुर के ग्राम-चैता नर्वद के उपभोक्ताओं का बकाया पर विद्युत कनेक्शन कटने के पश्चात अवैध रूप से तार जोड़कर जलाने को लेकर अयोध्या चौधरी, पिता-सुधीर चौधरी पर 45828 रुपये राजस्व की क्षति लगाई गई है। कनीय विद्युत अभियंता, संझौली के द्वारा सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि जिनका बकाया पर लाइन कटा हुआ है वो अपना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा करने के पश्चात ही विद्युत ऊर्जा का उपभोग करें एवं अनावश्यक होने वाली परेशानियों से बचें। सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा समाचार पत्रों के माध्यम से सभी उपभोक्ताओं से आग्रह की गई है कि जो उपभोक्ता



मीटर बाईपास कर विद्युत ऊर्जा की चोरी कर रहे हैं वह दुरुस्त कर लें तथा जो व्यक्ति बिजली का कनेक्शन नहीं लिए हैं वह कनेक्शन ले लें अन्यथा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी अभियुक्तों के खिलाफ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत संझौली थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल, बिक्रमगंज अंतर्गत गत माह में 53 व्यक्तियों पर विद्युत ऊर्जा चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, जिसमे कुल जुर्माने की राशि 2269940 रुपये थी।

## ख़ास ख़बर

### प्रखंड अंतर्गत खरेंदा पंचायत वार्ड नंबर 8 में अवैध तरीके से किया गया अध्यक्ष का चुनाव

**भभुआ रामपुर, शुभ भास्कर।** ग्राम पंचायत खरेंदा के मुखिया दीपक कुमार सहित ग्रामीणों का कहना हैं कि बिना लाभुकों के बैठक किया घर-घर घूम कर राशन दिलाने के नाम पर हस्ताक्षर करा लिया गया, जिसमें लाभुकों को बताया गया कि, अब आंगनबाड़ी केंद्र से हर महीने 2 किलो चावल और 2 किलो दाल दिया जाएगा, जो हस्ताक्षर करेगा उसी को आंगनबाड़ी से राशन दिया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि लाभुकों की बैठक का एलएस की उपस्थिति में चुनाव कराया जाए।

### एससी एसटी एक्ट का फरार अभियुक्त मामादेव से गिरफ्तार

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता मोहनिया अनुमंडल।** मोहनिया थाना क्षेत्र के दादर पंचायत अंतर्गत मामादेव गांव के रहने वाले अभिषेक सिंह पिता सुदर्शन सिंह को एससी एसटी एक्ट मामले में पुलिस ने बीते रात गिरफ्तार किया है इस संबंध में बताया जाता है कि मोहनिया थाना में दर्ज कांड संख्या 544/23 में अभिषेक सिंह अभियुक्त था और कई दिनों से फरार चल रहा था जिसे पुलिस की तलाश थी वहीं गुप्त सूचना के आधार पर बीते रात उक्त अभियुक्त को उसके घर से पुलिस ने गिरफ्तार किया है गिरफ्तार व्यक्ति को मेडिकल जांच के बाद आज न्यायिक हिरासत में जिला कारागार भभुआ भेज दिया गया

### नागरिक हार्दिक अभिनंदन में शिवहर के पूर्व सांसद का लोगों ने किया स्वागत



**दैनिक भास्कर संवाददाता कैमूर सदर (कैमूर)।** भभुआ लिच्छवी भवन में नागरिक हार्दिक अभिनंदन में शिवहर के पूर्व सांसद आनंद मोहन का लोगों ने जमकर स्वागत किया है। वही कार्यक्रम के दौरान लिच्छवी भवन में काफी संख्या में लोगों की भी उपस्थित हुई थी। उनके स्वागत के लिए लिच्छवी भवन के कार्यक्रम में आयोजन किया गया था। उनके साथ उनकी पत्नी लवली आनंद सहित अन्य लोग भी साथ में मौजूद रहे। कार्यक्रम में पहुंचने के बाद उपस्थित लोगों ने फूल माला पहनकर साल और तलवार से भेंट किया। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि कई प्रांत में सरकार है लेकिन हम मानते हैं कि 122 करोड़ आपके साथ है और 20 करोड़ अन्य है ऐसे में 20 करोड़ से 122 करोड़ वालों को कैसे खतरा हो सकता है। उन्होंने अपने पूर्व के राजनीतिक सफर पर वर्णन करते हुए बातों का रखा। उन्होंने कहा कि मंत्री पद को त्याग कर अपनी ही सरकार के खिलाफ खड़ा होने वाला आनंद मोहन है। जो किसानों के समर्थन में भी आवाज उठाते हुए कहा कि समाजवाद व पूंजीवाद अलग-अलग होगा देश किसानों का होगा। अपनी संबोधन के दौरान उन्होंने देश की आजादी लोकतंत्र सहित कई बिंदुओं पर संबोधित किया। उन्हें परिवारवाद पर कहा कि जिसे आज परिवारवाद कहा जा रहा है वह संघर्षवाद है। वही कार्यक्रम में कई पार्टी के नेता व विभिन्न जगहों से लोग आए उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री की अंतिम यात्रा निकाल राम नाम सत्य के साथ समाहरणालय के मुख्य गेट पर किया पुतला दहन, कराया मुंडन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर सदर (कैमूर)।** भभुआं जिले के किसान संघर्ष मोर्चा के बैनर तले मुख्यमंत्री के अंतिम यात्रा हम सत्य के साथ निकलते हुए प्रदान किया गया व मुंडन भी कराया। कैमूर जिले में बुधवार को किसान संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष विमलेश पाण्डेय की अध्यक्षता में भारत माला परियोजना के तहत वाराणसी कोलकाता एक्सप्रेसवे तथा एनएच 219 में भूमि अधिग्रहण के विषय पर अबतक सरकार व प्रशासन का मुववजा के संबंध में भुगतान का आराम स्पष्ट ना होने की वजह से मुख्यमंत्री,उप मुख्यमंत्री,स्थानीय सांसद का अंतिम यात्रा निकलते हुए राम नाम सत्य के नारे लगाते हुए समाहरणालय के मुख्य गेट पर पुतला दहन के साथ साथ मुंडन भी कराया। तत्काल सूचना पर एसडीओ,डीएसपी व स्थानीय पुलिस पहुंची जहां भभुआ एसडीओ ने कहा कि कार्यक्रम की कोई जानकारी नहीं दी गई मुख्यालय के सामने इस तरह प्रदर्शन करना गलत है विधि सम्मत करवाई की जाएगी।

# CO को स्पष्टीकरण करने एवं वेतन बंद करने का निर्देश

**भभुआ कैमुर, शुभ भास्कर ब्यूरो।** जिला पदाधिकारी कैमूर द्वारा भगवानपुर प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण में क्रम निम्नलिखित पाया प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अपने कार्यालय में अनुपस्थित पाए गए हैं इस संबंध में बताया गया कि वह अभी BPSC शिक्षक के डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन में DRCC में प्रतिनियुक्ति हैPO छुट्टी में पाया गया प्रखंड श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी का तबीयत खराब होने के वजह से अनुपस्थित थे ICDS अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना की समीक्षा के क्रम में महिला पर्यवेक्षका माधुरी कुवर द्वारा बताया गया कि उनके क्षेत्र अंतर्गत कुल 53 आंगनबाड़ी केंद्र आते हैं जिसमें कुल 112 आवेदन प्राप्त हुए, दूसरे महिला पर्यवेक्षका अरुणिमा कुमारी क्षेत्र अंतर्गत 47 आंगनबाड़ी केंद्र में कुल 50 आवेदन प्राप्त हुए हैं इतने कम





आवेदन प्राप्त होने एवं यही स्थिति मातृत्व बंदना योजना में पाया गया इन दोनों को स्पष्टीकरण के साथ-साथ सीडीपीओ को पर्यवेक्षक नहीं करने के लिए स्पष्टीकरण के साथ वेतन बंद करने का निर्देश दिया गया अंचल कार्यालय के निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि दाखिल खारिज में 30 दिनों से अधिक ऐसे 24 मामले कर्मचारी के login में लंबित हैं जो कर्मचारी के द्वारा इस पर कोई कार्रवाई नहीं किया गया है।

राजस्व कर्मचारी रजनीश कुमार एवं रवि शंकर कुमार अपने पोर्टल पर इतने अधिक दिनों तक लंबित रखने एवं सासमय प्रतिवेदन नहीं देने के लिए स्पष्टीकरण करने के साथ-साथ प्रपत्र क गठित करने का निर्देश दिया गया। भू माफी से संबंधित आवेदक श्री मदन चौबे, ग्राम कटकारा के आवेदन को 45 दिन तक माफी के लिए लंबित रखने हेतु CO को स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया एवं वेतन बंद करने का निर्देश दिया गया साथ ही साथ C O पर नियमाकूल कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

## 111 बोतल शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, कार जप्त



**रामगढ़ कैमूर, शुभ भास्कर।** रामगढ़ मोहनिया पथ स्थित दैतरा वीर बाबा के समीप मारुति सुजुकी से 111 बोतल शराब के साथ एक तस्कर को तस्कर को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष शशि भूषण कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर रामगढ़ मोहनिया पथ स्थित दैतरा वीर बाबा के समीप से मारुति सुजुकी डिजार कार से 111 बोतल 180 एमएल एट पीएम शराब को बरामद किया गया। वही गाड़ी को जप्त कर थाना लाया गया। गिरफ्तार तस्कर कैमूर जिला के सोनहन थाना क्षेत्र के पिया गांव निवासी नगीना सिंह का पुत्र राहुल कुमार बताया जाता है ।गिरफ्तार तस्कर को मेडिकल जांच कराने के बाद भभुआ जेल भेजा जा रहा है।

## वाहन चेकिंग अभियान के तहत वसूले गए नव हजार





**दुर्गावती सदर, शुभ भास्कर।** आरक्षी अधीक्षक के निर्देश पर वहान जांच के लिए एक विशेष अभियान दुर्गावती थाने के थाना प्रभारी राजीव रंजन सिंह के नेतृत्व में विभिन्न जगहों पर चलाया गए अभियान के अंतर्गत 11वाहनों से कुल नव हजार रुपए वसूले गए ।ये सभी वाहन बिना कागजात और हेलमेट के अभाव में पकड़े गए थे। साथ ही दुर्गावती थाना प्रभारी ने वैसे वाहन चालकों को चेतावनी दी और समझाया कि बिना कागजात के और बिना हेलमेट के वाहन चलाना एक गैरकानूनी काम है इसलिए आप लोग कानून को हाथ में न ले ।जो भी कानून सरकार ने बनाया है आप सबों के सुरक्षा के लिए है। बता दे कि जनता को भी जागरूक होना चाहिए ताकि सुरक्षित यात्रा और सुरक्षित रूप से परिवार से मिलन हो सके इसके लिए प्रशासन तो समय-समय पर जांच करती है लेकिन प्रशासन से ज्यादा जिम्मेवारी हम सब वाहन चालकों की है। चालकों को भी अपनी जिम्मेदारियां को समझना चाहिए क्योंकि लापरवाही बरतना खतरे से खाली नहीं है।

# गृह निर्माण नहीं कराने वाले लाभुकों पर नीलाम पत्र भी किया जा रहा है दायर

**रामपुरः कैमूर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राशि प्राप्त कर घर नहीं बनाने वाले लाभुकों के यहां अधिकारी जांच के लिए पहुंच रहे हैं। गृह निर्माण नहीं कराने वाले लाभुकों पर नीलाम पत्र भी दायर किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को बीडीओ दृष्टि पाठक ने प्रखंड के बड़कगाव, सबार, अमाव पंचायत सहित अन्य पंचायतों में लाभुकों के यहां पहुंच गृह निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान सुस्त गति से निर्माण कार्य करने वाले लाभुकों



को निर्माण कार्य तेजी से पूरा करने का आदेश दिया। प्रथम किस्त की राशि लेकर अभी तक निर्माण कार्य नहीं शुरू करने वाले लोगों के विरुद्ध आवास पर्यवेक्षक को नोटिस भेजने का आदेश दिया है। बीडीओ दृष्टि पाठक ने बताया कि प्रखंड के विभिन्न पंचायत में राशि प्राप्त किये हैं लेकिन गृह निर्माण कार्य पूरा नहीं किया है। उनके विरूद्ध नीलाम पत्र दायर किया गया है। इस दौरान जांच के दौरान बीडीओ ने लाभुकों से कहा कि अधूरे आवास 31 सितंबर तक हर हाल में पूर्ण कर ले अन्यथा उनके विरुध्द नीलाम पत्र दायर किया जाएगा। इस संबंध में बीडीओ ने बताया कि अपूर्ण आवास वाले लाभुक अपने आवास में कार्य शुरू कर दिए है कार्य प्रगति पर है।

### दैनिक जनता दरबार में कुल 23 आवेदन प्राप्त हुए, अधिकतर मामले भूमि विवाद से संबंधित थे



**समाहरणालय कैमूर।** जिला पदाधिकारी कैमूर के द्वारा आयोजित दैनिक जनता दरबार में कुल 23 आवेदन प्राप्त हुए । अधिकतर मामले भूमि विवाद से संबंधित थे जिला पदाधिकारी द्वारा प्राप्त आवेदनों के त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया।

### बीते दिनों एक ही परिवार के 6 की हादसे में मौत से दुखी चिराग पासवान ने बमहौर जाकर जताया शोक



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर सदर (कैमूर)।** भभुआं बीते दिनों कंटेनर व स्कार्पियों की टक्कर में एक ही परिवार के 6 लोगों की हादसे में दर्दनाक मौत से मर्माहत लोकजनशक्ति पार्टी रामबिलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद चिराग पासवान पीड़ित परिवार से मिलने मोहनिया प्रखंड अंतर्गत बमहौर खास गांव पहुंचे।यहां उनके साथ कई पार्टी के नेता व जनप्रतिनिधि शामिल रहे। चिराग पासवान ने शोकाकुल परिजनों को ढाढस बांधते हुए कहा कि दुःख की इस घड़ी में हम पीड़ित परिवार के साथ हैं , चिराग पासवान ने मीडिया से बातचीत में सरकार भी सवाल उठाया उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश में ट्रैफिक नियमों का सही से पालन नहीं हो रहा है इसपर मॉनीटिरिंग जरूरी है। बता दें कि बीते दिनों अहले सुबह रोहतास के शिवसागर के समीप सड़क दुर्घटना में मोहनिया के बमहौर खास गांव के एक ही परिवार के 6 लोगों की कंटेनर व स्कार्पियों की टक्कर में दर्दनाक मौत होने के बाद एक तरफ पूरा कैमूर शोकागुल था वहीं दूसरी तरफ पीड़ित परिवारों के घर राजनीतिक सामाजिक बुद्धिजीवी लोगों के आने-जाने का तांता लगा रहा। इसी क्रम में आज चिराग पासवान बमहौर पीड़ित परिवार के घर गए और परिजनों को ढांढस बांधते हुए मातम पुर्सी की तथा मुवावजे की भी मांग की ।

### चैनपुर प्रखण्ड क्षेत्र में कम वर्षा के अभाव में खेतों में उगे घास से किसानों की चिंता बढ़ाई



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता चैनपुर, कैमूर चैनपुर।** प्रखण्ड क्षेत्र में वर्षा के अभाव में किसानों को परेशानी बढ़ा दी है। जहां कि खेतों में पानी के अभाव में घास उग गई है। और लोगों को शुखे खेतो से सोहनी कराने में परेशानी झेलना पड़ रहा है। इस संबंध में चैनपुर प्रखण्ड के गांव घाटी बखारी देवी के किसान बलदाऊ सिंह, काशी बिंद, आत्मा सिंह काशी यादव ने बताया कि इन दिनों खेती करने में बड़ी फजिहत झेलना पड़ रहा है। जहां कि बारिश का आवश्यकता के अनुसार पानी नहीं हो रही है। वहीं दूसरी ओर खेतों में उगे घास लोगों को दूसरी मार से झेलना पड़ रहा है। क्यों कि खेतों में पानी के अभाव में उगे घास को निकालने के लिए सोहनी लगाईं गयी है। लेकिन किसान के साथ मजदूर भी घास निकालने के लिए बड़ी मशक्कत करना पड़ रहा है। इतनी जड़ मजबूत हो जा रहा है कि घास निकल नहीं पा रहा है। लोगों को हाथ भी कट जाता है। और किसानों को काफी घाटा सहना पड़ रहा है। जो कि ज्यादा समय के साथ पैसा अधिक खर्च करना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि अगर समय पर बारिश होती तो इतनी परेशानी नहीं झेलना पड़ता। अब देखना है कि वैसे किसानों पर भगवान मेहरबान होते हैं या बड़ी फजिहत झेलने के लिए मजबूर होंगे।

जांच | भगवानपुर प्रखंड अंतर्गत सभी गांव मे जा जाकर किया जा रहा डेगु का जांच

# डेंगू के लझण और उनसे बचने के उपाय

**दैनिक शुभ भास्कर, कैमूर (भभुआ)।** अनुमंडल संबादाता भगवानपुर प्रखंड अंतर्गत सभी गांव मे जा जाकर किया जा रहा डेगु का जांच। भगवानपुर C.H.C.के मैनेजर तारकेश्वर उपाध्याय के बताने के अनुसार आज कसेर और भगवानपुर मे अपनी जांच टीम के साथ जाकर ब्लड सिम्पल से लगभग 18 लोगो का जांच किया गया। लेकिन सभी लोगो का ब्लड रिपोर्ट के अनुसार सभी लोग का धनात्मक रिपोर्ट पाया गया। लेकिन देखा गया कि जो लोग बाहर से आए उनमे डेगु के लझण पाए गए। इसलिए जो ब्यक्ति बाहर से आए और उनको अगर बुखार आए तो वो अपने आप अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अपना ब्लड जांच जरुर कराए। डाक्टर जौनी के अनुसार डेगु के खास लझण तेज बुखार, बदन दर्द, यह रोग मादा एडीस मक्षर के काटने से होता है। यह रोग तब भी फैलता है जैसे डेगु के संक्रमित व्यक्ति को



जो मझर काट कर वही मक्षर अगर सही ब्यक्ति को काटे तो यह रोग फैल सकता है। इसलिए आप अपने घर के आसपास और घर मे कुलर, गमला मे एक हफ्ते से ज्यादा दीन पानी नही रखे, उसे बदल दे अथवा उसमे मिट्टी तेल का छिड़काव करे। इस अभियान मे लैब टेक्नेशीयन चन्द्रकान्ती आनन्द, तारकेश्वर उपाध्याय, डाक्टर जौनी, रोहीत कुमार भेक्टर रोग नियंत्रण पदाधिकारी मौजुद रहे ।



# मोटो जीपी रेस को बंद करे भारत सरकार नही तो अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहे हेलमेट मैन

**दुर्गावती सदर, शुभ भास्कर।** हेलमेट मैन ऑफ इंडिया के नाम से कहे जाने वाले मशहूर चर्चित राघवेंद्र कुमार ने मोटो जीपी रेस को बंद करने के लिए राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को एक पत्र लिखा है। बता दे कि हेलमेट मैन ऑफ इंडिया के नाम से कहे जाने वाले राघवेंद्र कुमार बिहार के कैमूर जिले के रामगढ़ के रहने वाले हैं जो देश भर में चल रहे सड़कों पर लोगों की जिंदगी बचाने के लिए अब तक हजारों की संख्या में फ्री में हेलमेट वितरण कर चुके हैं। हेलमेट मैन राघवेंद्र कुमार ने बताया की मोटो जीपी रेस सिर्फ अमीर देशों के लिए रोमांच है, भारत के लिए मौत की रफ्तार है। मोटोजीपी रेस अभी तक सिर्फ 30 देश मे ही आयोजित हुआ है जो 31वा देश अब भारत होगा। जिन देशों में अभी तक यह रेस आयोजित हुआ है उन देशों के सड़क सुरक्षा के बुनियादी ढांचे बहुत मजबूत है। उन देशों में पैदल चलने और साइकल चलाने वाले लोगो के लिए अलग ट्रैक होते हैं। कार और बाइक की रफ्तार में स्पीड लीमिट है यहां तो अधिक होती हैं। वहा सड़क हादसे बहुत कम होते हैं क्योंकि सड़क सुरक्षा को लेकर काम करने वाली एजेंसी बहुत मजबूत होती हैं। भारत पहले से ही विश्व के सभी देशों से मौत के आंकड़ों में पहले पायदान पर है। यहाँ जागरुकता बढ़ाने बुनियादी ढांचे को मजबूत करने एवं सुरक्षा कानून



को लागू करने पर सरकार ध्यान केंद्रित कर रही हैं। क्योंकि भारत में प्रतिवर्ष सड़क हादसों की वजह से 4 प्रतिशत जीडीपी का नुकसान हो रहा है। जबकि भारत में विश्व स्तर पर लगभग दो प्रतिशत ही वाहन है लेकिन यह 11 प्रतिशत से अधिक सड़क यातायात मौत के लिए जिम्मेदार है ।भारत में पैदल यात्रियों और साइकिल चलाने वाले के लिए कोई सुरक्षा कानून नहीं है, जो देश में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौत में से एक तिहाई से अधिक के लिए जिम्मेदार है, और इसके लिए कोई आपातकालीन प्रणाली भी नहीं है। सड़क यातायात से होने वाली मौत का मजबूत आकड़े की कमी भी शामिल हैं। हमारे भारत में आज भी सड़क पार करने के लिए दोनों दिशाओं में देखना पड़ता है. क्योंकि भारत में गाड़ी चलाने वाले जिम्मेदार नागरिक की आज भी कमी हैं।

# ख़ास ख़बर

## रामनाथ चौहान हत्याकांड का नही हुआ खुलासा



**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय,जखनियां गाजीपुर।** रामनाथ हत्याकांड मामले में पुलिस खुलासा करने में नाकाम साबित हो रही है।मालूम हो की 1सितंबर को क्षेत्र के तिरक्षी गांव निवासी रामनाथ चौहान 70वर्ष की शव घर में ही सिर पर गहरा चोट लगी अवस्था में लहूलुहान हालत में मिला था।जिसमे एसपी ओमवीर सिंह सहित अन्य अधिकारी मौके पर जांच पड़ताल करने पहुंचे थे।इस सिलसिले में दर्जनों लोगो को हिरासत में लेकर पूछताछ को गई लेकिन हत्या का पुख्ता सबूत पुलिस को नही मिल पाई।पुलिस ने आटा चक्की के खोले गए पार्ट पुर्जे सहित छत पर पसारे गेहूं में खून लगे होने से उसको भी कब्जे में लिया लेकिन आज रामनाथ चौहान की तेरही के बावजूद मामला खुलासा नहीं हुआ।मृतक के बेटे के तरहीर पर पुलिस ने अज्ञात में 302दर्ज किया था। पीएम रिपोर्ट में बाए तरफ सर में चार जगहों पर चोट के निशान को पुष्टि हुई।थानाध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि मामला में सही दोषियों को पकड़ना और मामले का खुलासा जल्द किया जाएगा।

## आयुष्मान भवः कार्यक्रम के शुभारंभ पर वितरित हुआ आभा कार्ड

**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय ।** भारत सरकार के द्वारा आमजन के स्वास्थ्य के हित को ध्यान में रखते हुए आए दिन नई-नई योजनाएं चलाई जा रही है। जिससे जन समुदाय में लोगों की स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती जाए। इसी के तहत बुधवार को आयुष्मान भवः अभियान का शुभारंभ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के द्वारा किया गया। वही इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जनपद के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर देखा गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद पर चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष कुमार राय के साथ ग्राम प्रधान राजापुर अश्वनी राय, अहिरौली ग्राम प्रधान मनीष जायसवाल बीपीएम संजीव कुमार सहित अन्य स्टॉफ भी मौजूद रहे। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ आशीष राय के द्वारा आभा कार्ड ग्राम प्रधान अश्विनी राय को दिया गया। कित्सा अधीक्षक डॉ आशीष राय ने बताया कि आभा कार्ड एक ऐसी योजना है। जिससे मरीज के पूर्व में हुए इलाज का पूरा डाटा ऑनलाइन मौजूद रहता है। जिसके चलते उन्हें डॉक्टर के द्वारा पूर्व में लिखी हुई ओपीडी स्लिप आदि लेकर नहीं चलना होता है। सिर्फ उन्हें अपना आभा कार्ड का नंबर बताना होता है और एक क्लिक में ही मरीज की पूरी हिस्ट्री डॉक्टर के सामने होती है। उन्होंने बताया कि यह आभा कार्ड समुदाय में सभी व्यक्ति का बनाया जाना है। जिसको लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद पर कार्य जोरों शोर पर चल रहा है। आने वाले समय में सभी को इस कार्ड से आच्छादित कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसे आमजन खुद ऑनलाइन भी अपने आधार कार्ड और उससे जुड़े मोबाइल नंबर के माध्यम से बना सकता है। आभा कार्ड का निर्माण अपने और अपने परिवार के लिए सुरक्षित और कुशल डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड बनाने का पहला चरण है।

## अयोध्या में ताज और ओबेरॉय बनाएंगे फाइव स्टार होटल

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या ।** राममंदिर निर्माण के साथ ही अयोध्या विश्वस्तरीय पर्यटन नगरी के रूप में भी विकसित हो रही है। यहां जैसे-जैसे राम मंदिर निर्माण कार्य आगे बढ़ रहा है वैसे-वैसे श्रद्धालुओं के आने की संख्या भी बड़ी तेजी से बढ़ती चली जा रही है इनमें देश के विभिन्न प्रांतो से आने वाले श्रद्धालुओं के अतिरिक्त विदेश से भी बड़ी संख्या में पर्यटकों के अयोध्या आने की संभावनाएं हैं। पर्यटकों की आने की संभावनाओं ने अयोध्या में व्यापार की संभावनाओं को भी पंख लगा दिए हैं। देश के बड़े-बड़े पूंजीपति आज अयोध्या में पूंजी निवेश करने की तैयारी में है। अयोध्या में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए होटल के क्षेत्र में काफी आर्थिक समृद्धि आने की संभावनाओं को देखते हुए देश के जाने-माने होटल कंपनी ओबेरॉय ग्रुप व ताज ग्रुप ने भी अयोध्या में होटल बनाने के लिए पंजीकरण कराया है। बड़े होटल समूहों की पसंद बन रही अयोध्या होटल कारोबारियों को भी रामनगरी पसंद आ रही है। कई बड़े समूह अयोध्या में होटल बनाने के लिए इच्छुक हैं। इसी क्रम में ताज ग्रुप अयोध्या में फाइव स्टार होटल बनाने जा रहा है। ताज सहित अब तक 42 होटलों को स्वीकृति मिल चुकी है। होटलों के निर्माण से रामनगरी में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही आर्थिक समृद्धि भी बढ़ेगी। गोंडा जिले के स्माइलपुर में ली जाएगी होटल के लिए जमीन ताज ग्रुप को इस्माइलपुर गोंडा में होटल के लिए जमीन दिए जाने की योजना है। पर्यटन अधिकारी आरपी यादव ने बताया कि सरयू पुल के पार करोब 10 किमी. की दूरी पर स्थित इस्माइलपुर में ताज ग्रुप ने जमोन चिन्हित की है।

## खुदाई में प्राचीन मंदिर के मिले अवशेष, महासचिव ने इस पर दी जानकारी

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या ।** अयोध्या में रामजन्मभूमि पर राम मंदिर का निर्माण आखिरी चरण में है। इस दौरान खुदाई में प्राचीन मंदिर के अवशेष मिले हैं। इस बारे में राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने इस पर जानकारी दी। उन्होंने एक फोटो शेयर की जिसमें ये अवशेष इकट्ठा करके रखे गए हैं। इस फोटो के साथ उन्होंने लिखा, श्री रामजन्मभूमि पर खुदाई में मिले प्राचीन मंदिर के अवशेष। इसमें अनेकों मूर्तियाँ और स्तंभ शामिल हैं। हालांकि इससे अधिक कोई जानकारी अभी नहीं दी गई है। इसमें प्राचीन मूर्तियों के अवशेष, प्राचीन मंदिर के स्तंभ, शिवलिंग के अवशेष और अन्य पत्थर शामिल हैं। ये सभी अवशेष मंदिर परिसर में सुरक्षित रखे गए हैं।

# एसपी ने अधिकारियों संग भारी फोर्स के साथ जिले के प्रमुख बैंक का किया निरीक्षण



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर ।** यूपी के मिर्जापुर जिले के कटरा कोतवाली क्षेत्र के बेलतर के पास हौसलाबुलंद बदमाशों ने मंगलवार को दिनदहाड़े बड़ी वारदात को अंजाम दे दिया। बदमाशों ने एक्सिस बैंक के एटीएम का कैश लेकर जा रहे वैन चालक की गोली मारकर हत्या कर दी और करीब 35 लाख रुपये की लूट की घटना को अंजाम दे दिया। वही पास में जा रहे दो राहगीरों को भी गोली लग गई। दिनदहाड़े हुई वारदात के बाद आज गाजीपुर एसपी ओमवीर सिंह अपने अधिकारियों संग भारी फोर्स के साथ शहर के प्रमुख बैंक एसबीआई व यूबीआई के शाखाओं में सुरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी के साथ एसपी सिटी,एसपी ग्रामीण, सीओ सिटी समेत भारी फोर्स मौजूद रही। इस दौरान बैंक की शाखाओं के साथ कैश वैन और कैश वैन के साथ जाने वाले बैंक कर्मियों और सुरक्षा गार्डों के साथ बातचीत करते हुए सुरक्षा के टिप्स भी दिए। इस दौरान एसपी ओमवीर सिंह ने बताया कि कल मिर्जापुर में हुई कैश वैन के साथ वारदात के बाद आज ग़ाज़ीपुर शहर के प्रमुख बैंक का निरीक्षण किया गया है। साथ ही कैश वैन के साथ जाने वाले सिक्युरिटी गार्ड और बैंक कर्मियों के साथ सुरक्षा की दृष्टि से बातचीत की गई है। क्योंकि कैश वैन में ज्यादा पैसा एक दूसरे बैंक में शिफ्ट किया जाता है। जिसको लेकर सुरक्षा से सम्बंधित टिप्स दिए गए है। ताकि कोई भी घटना घटित होने से पहले जागरूकता रहेगी तो ऐसी घटनाओ से बचा जा सकता है।

## दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग व उपकरण के लिए चिन्हाकन्न कैंप



**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय ,जखनियां गाजीपुर।** जखनिया विकास खंड पर 26सितंबर को मेगा कैंप लगाकर दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण सहित विभिन्न अंगों के लिए उपकरण दिए जाने के लिए चिन्हाकन शिविर आयोजित होगे।एडीओ पंचायत राजकमल गौरव ने बताया की कोई भी लाभार्थी न छूटे इसके लिए तमाम कर्मचारियों को लगाया गया है।जिसमे लाभार्थी को आधार कार्ड,दिव्यांगता प्रमाण पत्र न्यूनतम 40% तथा आय प्रमाण पत्र,एक पासपोर्ट साइज फोटो लेकर आना है।इसको लेकर ग्राम के लेखपाल,प्रधान, सचिव,रोजगार सेवक,सफाई कर्मचारी को भी प्रचार प्रसार में शामिल किया गया है।

## खेत गिरे हाईटेंशन तार की चपेट में आने से होमगार्ड की मौत




**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी ,गाजीपुर।** कासिमाबाद थाना क्षेत्र में अपने खेत में काम करने गए अधेड़ की हाई टेंशन तार की चपेट में आने से हुई मौत। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेजा। मिली जानकारी के मुताबिक कासिमाबाद कोतवाली क्षेत्र के चावनपुर टोड़र गांव निवासी जनार्दन राजभर उम्र 55 वर्ष पुत्र स्वर्गीय नरेश राजभर प्रतिदिन की भांति आज बुधवार को तड़के सुबह अपने खेत में किसी कार्य से गए हुए थे इसी बीच खेत में गिरे हाई टेंशन तार की चपेट में आ जाने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई इस घटना की ग्रामीणों के द्वारा सूचना पर पहुंची कासिमाबाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया मृतक के तीन पुत्र है और मृतक कासिमाबाद कोतवाली में होमगार्ड के पद पर तैनात था इस घटना से पूरे गांव में मातम छाया हुआ है वहीं विद्युत विभाग के खिलाफ लोगों में आक्रोश भी है । इस मौके पर थानाध्यक्ष कासिमाबाद ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# योगिराज में पत्रकार भी सुरक्षित नही



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता,ग़ाज़ीपुर ।** जनपद के बरेसर थाना क्षेत्र बाराचवर के दहेनु गाँव के पत्रकार राजू पांडेय पर गाँव के मनबढ़ ने मजदूरों के मामला को लेकर मनबढ़ों ने पत्रकार राजू पांडेय पर हमला कर दिया जिससे राजू पांडेय बुरी तरह चोटिल हो गए। राजू पांडेय को प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बाराचवर ततपश्चात सदर हॉस्पिटल ग़ाज़ीपुर में कराया गया। सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि बरेसर थाना अध्यक्ष पर पत्रकार राजु पांडेय ने आरोप लगाया कि मेरा मुकदमा लिखने के बजाए थानाध्यक्ष बडेसर ने मेरे पर ही मुकदमा कर दिया जिससे यह ज्ञात होता है कि थाना अध्यक्ष ने बिना जाँच किये किस आधार पर एकतरफा कार्यवाही की राजू पांडेय ने कहा थाना अगर निष्पक्ष जांच नही करेंगें तो हम पत्रकारों के साथ इस ऐसे दलालो का पर्दाफाश करेंगे। राजु पांडेय ने बताया कि मैं पोलिस कप्तान ग़ाज़ीपुर से मिलकर आरोपी और थाना अध्यक्ष के खिलाफ शिकायत किया जिसका उन्होंने भरोसा दिलाया कि आपका मामले का जाँच क्षेत्राधिकारी मोहम्दाबाद करेंगें। मोहम्मदाबाद क्षेत्राधिकारी हितेंद्र कृष्ण को मजदूरों के साथ सारे मामलों से अवगत करा दिया गया है,उन्होंने कहा कि आपके साथ पुरा न्याय किया जाएगा, विवेचना निष्पक्ष की जायेगी।

## जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी का तबादला

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो,ग़ाज़ीपुर।** जिला पंचायत गाजीपुर के अपर मुख्य अधिकारी, सुजीत कुमार मिश्रा का तत्काल प्रभाव से तबादला कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश शासन ने गाजीपुर जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी का तबादला करते हुए उन्हें जिला पंचायत अनुश्रवण कोष्ठक उ0प्र0 लखनऊ से सम्बद्ध किया है। उत्तर प्रदेश शासन के पंचायती राज अनुभाग-2 के पत्रांक संख्या-2056(1)/33-2-2023 के तहत गाजीपुर के अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सुजीत कुमार मिश्रा के स्थानान्तरण का आदेश जारी किया गया है। आदेश के तहत सुजीत कुमार मिश्रा का जिला पंचायत अनुश्रवण कोष्ठक उ0प्र0 लखनऊ से सम्बद्ध किया गया है। अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत गाजीपुर सुजीत कुमार मिश्रा का कार्यकाल काफी विवादास्पद रहा। उनके कार्यकाल में जिला पंचायत परिषद गाजीपुर की ओर से जिले भर में करोड़ों की लागत से लगायी गयी स्ट्रीट एल0ई0डी0 लाईटों में बड़े घोटाले का मामला सामने आया था। जिले के तमाम ग्रामप्रधानों/बी0डी0सी0 सदस्यों/जिला पंचायत सदस्यों की तमाम शिकायतों के बाद विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल ने जिला प्रशासन और शासन को मामले की जॉच के लिए पत्र लिखा था, जिस पर जिला प्रशासन की ओर से एक कमेटी गठित कर मामले की भौतिक जॉच करायी गयी थी। जिला प्रशासन की जॉच कमेटी ने भी जिला पंचायत की ओर से लगायी गयी एल0ई0डी0 लाईटों में भारी घोटाला पाया था और अपनी रिपोर्ट शासन को प्रेषित की थी, जिस पर शासन की ओर से भी जॉच जारी है।

## फैजाबाद शाखा के स्टार अभिकर्ता बने कौशल कुमार शुक्ला

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या ।** भारतीय जीवन बीमा निगम फैजाबाद मंडल की मुख्य शाखा फैजाबाद में कार्यरत वरिष्ठ एलआईसी अभिकर्ता कौशल कुमार शुक्ला को स्टार अभिकर्ता अवार्ड से सम्मानित किया गया है। मंगलवार को मंडल कार्यालय की मुख्य शाखा में आयोजित अभिकर्ता सम्मान समारोह में बीमा क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने के फल स्वरुप कौशल कुमार शुक्ला शुक्ला को मुख्य प्रबंधक आर के पांडे द्वारा बीमा सेवा सम्मान ट्रॉफी से नवाजा गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते शाखा के मुख्य प्रबंधक श्री पांडेय ने कहा कि कौशल कुमार शुक्ला जैसे अभिकर्ताओं पर एल आई सी को नाज है। ऐसे ही अभिकर्ता समाज में बेहतर प्रदर्शन करके अपनी मेहनत और ईमानदारी की मसाल जला रहे हैं। ऐसे अभिकर्ताओं ने क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करके पॉलिसी धारकों की बेहतर सेवा और उनकी हर समस्याओं के निदान के लिए तत्पर रहने वाले श्री शुक्ला का अब तक का प्रदर्शन बहुत ही सराहनीय और प्रशंसनीय रहा है। एलआईसी परिवार की ओर से श्री शुक्ला बधाई के पात्र हैं। कौशल कुमार शुक्ला को इस बात के लिए एडवांस में शुभकामनाएं प्रदान की जा रही है कि वह इस वित्तीय वर्ष में शिखर की सबसे ऊंची पायदान पर पहुंचे और क्षेत्र ही नहीं जिले स्तर पर अपना नाम रोशन करें।

## राष्ट्रीय स्तर पर आयुष्मान भवः अभियान का हुआ शुभारम्भ

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या ।** भारत सरकार द्वारा यूनीवर्सल हेल्थ कवरेज का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु जनसमुदाय में विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं से संतृप्त करने के उद्देश्य से राष्ट्रपति महोदया श्रीमती द्रोपदी मुर्मू द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयुष्मान भवः अभियान के शुभारम्भ के अवसर पर जिला चिकित्सालय पुरूष में सजीव प्रसारण कार्यक्रम में सांसद लल्लू सिंह, जिलाधिकारी नितीश कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 संजय जैन, प्रमुख अधीक्षक जिला चिकित्सालय भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह आदि ने प्रतिभाग किया तथा राष्ट्रपति महोदया के उद्बोधन को सुना गया। इस अवसर पर अभियान को सफल बनाने हेतु सभी सम्बंधित चिकित्सकों एवं अधिकारियों/कर्मचारियों को अभियान के अन्तर्गत संचालित होने वाली विभिन्न घटकों यथा- सेवा पखवाड़ा, आयुष्मान आपके द्वार 3.0, आयुष्मान मेला, आयुष्मान सभा एवं आयुष्मान ग्राम/आयुष्मान नगरीय वार्ड की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। इस अवसर पर अवगत कराया गया कि आयुष्मान भवः अभियान के तहत सेवा पखवाड़ा 17 सितम्बर 2023 से 2 अक्टूबर 2023 आयुष्मान आपके द्वार 3.0 17 सितम्बर 2023 से आयुष्मान मेला 2 अक्टूबर 2023 से, तथा आयुष्मान ग्राम पंचायत एवं आयुष्मान अर्बन वार्ड घटक शामिल है। जिनके द्वारा अन्त्योदय- प्रत्येक गांव में सभी स्वास्थ्य सेवाओं से संतृप्ति किया जायेगा।

## ऑन ग्रिड सोलर प्लांट लगाने से बिजली की होती है बचत - नेडा परियोजना अधिकारी प्रवीण नाथ पाण्डेय

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या ।** रायबरेली रोड गुरु नानक पीजी कॉलेज में बुधवार को सोलर सिटी के अन्तर्गत ऑन ग्रिड सोलर प्लांटके बारे में कैंप का आयोजन करके लोगों को किया जा रहा हैं जागरूक। लोगों को सोलर सिस्टम लगाने के महत्व को बताया और उसके लाभ के बारे बताया। इसको लगाने से बिजली की बचत होती है बिजली का बिल भी कम हो जाता हैं। कैंप में कुल मिलाकर 250 टीचर्स व छात्र-छात्राएं ने भाग लिया। नेडा परियोजना अधिकारी प्रवीण नाथ पाण्डेय ने बताया कि इस कैंप के माध्यम से 100 लोगों ने सोलर प्लांट लगवाने के लिए सहमति दी हैं। सोलर सिटी से संबंधित एक लघु फिल्म भी दिखाई गईं। ऑन ग्रिड सोलर रूफटॉप सिस्टम योजना चलायी जा रही है। इसके तहत उपभोक्ताओं के घरों की छत पर सोलर प्लांट लगाए जाएंगे, जिससे वो बिजली का इस्तेमाल कर पाएंगे। इससे उनके बिजली की बिल में कमी आयेगी।

## जिम का हुआ शुभारंभ

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** शहर में एक और जिम का हुआ उद्घाटन। शरीर को फिट करने के लिए जिम आज के युग में व्यक्ति के अंग का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। सुल्तानपुर रोड ब्रह्म बाबा के पास फोर्स क्लब जिम का हुआ भव्य उद्घाटन। जिम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में आए अवध यूनिवर्सिटी के चीफ प्रॉक्टर अजय सिंह ने फीता काटकर किया।

बैठक — हापुड़ घटना को लेकर अधिवक्ताओं में काफी आक्रोश है

# मांगों के समर्थन में अधिवक्ताओं का हड़ताल जारी एसडीएम को सौंपा पत्रक



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, मुहम्मदाबाद ब्लॉक ।** हापुड़ घटना के विरोध में बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आवाहन पर सेंट्रल बार एसोसिएशन की बुधवार को बार परिसर में बैठक हुई बैठक में सर्वसम्मत से वृहस्पतिवार तक हड़ताल पर रहने का निर्णय लिया गया । सचिव धनंजय कुमार राय ने बताया कि मांग पूरी होने तक हड़ताल जारी रह सकती है हापुड़ घटना को लेकर अधिवक्ताओं में काफी आक्रोश है अभी हमलोग वृहस्पतिवार तक हड़ताल पर रहेंगे और बार काउंसिल के निर्णय का इंतजार करेगे फिर आगे का निर्णय लिया जाएगा। अधिवक्ताओं ने उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के मांगों के समर्थन में सदस्यों ने हापुड़ जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के स्थानांतरण, अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किये जाने ,हापुड़ की घटना में घायल अधिवक्ताओं को मुआवजा प्रदान किए जाने तथा दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किए जाने सहित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर अधिवक्ताओं ने माननीय मुख्यमंत्री महोदय को संबोधित उपजिलाधिकारी मोहम्मदाबाद को पत्रक सौंपा । इस अवसर पर प्रमुख रूप से सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार राय संयोजक आलोक कुमार राय पूर्व अध्यक्ष दयाशंकर दूबे रितेश कुमार राय जितेंद्र यादव पूर्व सचिव संजय कुमार राय कृष्णकुमार राय आनंद प्रधान आशुतोष राय मुन्ना यादव चंद्रप्रकाश राय अशोक तिवारी सहित काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# महादेव हास्पिटल संचालक पर पीड़ित ने लगाया दबाव बनाकर समझौता कराने का आरोप






**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, अंकित दुबे, गाजीपुर।** सादात थाना क्षेत्र अंतर्गत महादेव हॉस्पिटल का एक नया मोड़ सामने आने लगा है। पीड़ित ने हास्पिटल संचालक पर दबाव बनाकर समझौता करने का गंभीर आरोप लगाया है। कुछ लोगों ने सीएम से शिकायत कर हास्पिटल बंद होने की मांग किया है। बताते चलें कि ओड़ासन गांव निवासिनी पुष्पा बनवासी (25) पत्नी मनोज बनवासी जो एक बच्चे की मां है।वायरल वीडियो में पीड़ित ने आरोप लगाते हुए बताया कि मेरे पत्नी को अचानक बाथरूम के रास्ते से लैट्रिन होने लगा तो मनोज बनवासी ने महादेव हॉस्पिटल में दिखाया महादेव हॉस्पिटल के डॉक्टर ने कहा कि पच्चीस हजार रुपए में हम ठेका ले रहे हैं ठीक कर देंगे। लेकिन ऑपरेशन के एक सप्ताह बाद भी हालत वही रहा तो महादेव हॉस्पिटल के संचालक ने इन्हें वाराणसी के किसी प्राइवेट हॉस्पिटल को बताया उन्होंने कहा कि मेरे भाई का हास्पिटल है। वहां जाइए आपका ऑपरेशन हो जाएगा लेकिन वहां जाने पर भी तीन बार ऑपरेशन हुआ पच्चास हजार रुपए लगा। पुष्पा की हालत और सीरियस होती गई तो कहां जांच करवाने के लिए जांच के लिए पास पैसे नहीं थे बिना कागज बिना लिखा पड़ी इसको वापस कर दिए। पीड़ित ने बताया कि घर चला आया फिर जाकर के महादेव हॉस्पिटल पर कहा कि आप हमसे पैसा लिए और हमारा मरीज ठीक नहीं हो रहा है हमारा इलाज कराओ या हमें पच्चास हजार रुपए दीजिए मैं जाकर इलाज कराता हूं तो अस्पताल संचालक ने धमकी देते हुए भगा दिया मैं तुम्हें पहचानता नहीं हूं। उन्होंने कहा कि जब पहचानते नहीं हो तो घर क्यों दौड़ रहे हो दबाव डलवा रहे हो धमकी दिलवा रहे हो । अब सोचिए कि अगर निजी अस्पताल में इस तरह मरीजो का शोषण होने लगेगा तो भला कौन इलाज कराने जायेगा। कुछ दिनों पहले हास्पिटल संचालक का पक्ष जानने के लिए फोन किया गया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। अब पीड़ित ने हास्पिटल संचालक पर दबाव बनाकर समझौता करने का भी गंभीर आरोप लगाया है।

## ख़ास ख़बर

### थाना करनैलगंज पुलिस ने नशीली गोलियों के साथ 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा** । गोंण्डा पुलिस अधीक्षकअंकित मित्तल ने अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री मे संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के आदेश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षो को दिये थे। उक्त आदेश के अनुक्रम में आज दिनांक 13.09.2023 को थाना को0 करनैलगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर कन्हैयालाल इन्टर कालेज मैदान के पास से अभियुक्त राजा बाबू उर्फ बाज को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 128 अल्प्राजोलम की नशीली गोलिया बरामद किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0 करनैलगंज में एन0डी0पी0एस0 एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

### आयुष्मान भवः कार्यक्रम का मा0 राष्ट्रपति महोदया ने किया शुभारम्भ

**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा** । गोंण्डा एनआईसी में वर्चुअलमोड के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम आयुष्मान भवः का शुभारम्भ मा० राष्ट्रपति महोदया द्वारा किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के 10 निःक्षय मित्रो कमशः रेडकास सोसायटी गोंडा, सावन कृपाल रूहानी मिशन, शांति नगर मिशन हास्पिटल गोंडा, सोसायटी सेवी अंशू सिंह, ज्योति सेवा संस्था फाउंडेशन करनैलगंज दिनेश कुमार दूबे, समाज सेवी असलम खॉन, यूनिटी एजूकेशनल सोसायटी, ज्ञान कश्मीर मेमोरियल चैरिटिबिल ट्रस्ट गोण्डा एवं सत्य सरोज फाउन्डेशन गोण्डा, सोसासटी को उनके द्वारा गोद लिये जाने हेतु मा० जिला पंचायत अध्यक्ष, मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी ने प्रस्तति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही साथ नये 15 मरीजो को भी गोद लिया गया, जिन्हे पोषण सामग्री का वितरण भी किया गया, जिसमें क्रमश अध्ययन कुमार, आकिब खान, अमन, अभिनव, अर्जुन जब्बार, ननका, राजेश, राम नरायण, रेशमा सतीश सिंह, शिखा, सिराजुदीन, एवं ताशिफ खान रहे।

### डीएम के निर्देश पर नगर पालिका व नगर पंचायतों में लगे अवैध होल्डिंग हटाई गई

**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा** । गोंण्डा बुधवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देशानुसार नगर पालिका एवं नगर पंचायतो में अवैध तरीके से चौराहों पर सड़कों के किनारे मार्केट में व अन्य सभी स्थानों पर लगी होल्डिंग बैनर को अभियान चलाकर हटाया गया। इन स्थानों से हटाई गई होल्डिंग नगर पालिका गोंडा में गुरु नानक चौराहा से लेकर बड़गांव ओवर ब्रिज, मनकापुर बस स्टैंड तक, नगर पालिका नवाबगंज में कोल्ड स्टोरेज चौराहा कटी तिराहा एवं अन्य स्थान, नगर पंचायत मनकापुर में स्टेशन रोड उतरौला रोड तथा अन्य चौराहा पर, नगर पंचायत धानेपुर में सभी चौराहों व सभी स्थानों पर लगी अवैध होल्डिंग एवं बैनर को हटाया गया।

### अवर अभियंता ने क्षेत्र में चलाया क्रास चेकिंग अभियान



**नवाबगंज (गोण्डा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा** । क्षेत्र के सभी फीडरो पर बुधवार से क्रास चेकिंग अभियान की शुरआत हुई. विद्युत बिल वितरण व भुगतान का अवर अभियंता ने लिया जायजा. विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता के निर्देश पर विद्युत उपखण्ड के अंतर्गत आने वाले सभी फीडरो पर क्रास चेकिंग अभियान की शुरुआत की गयीं. अवर अभियंता रामचल ने बताया की प्रतिदिन 10 से 2 बजे तक अभियान के अंतर्गत विद्युत उपभोक्ताओं के परिसर पर पहुँचते हुए बिल वितरण, मीटर की स्थिति, बिल भुगतान, संयोजन का प्रकार, विद्युत चोरी आदि की जानकारी प्राप्त की जाएगी. साथ विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान भी किया जायेगा. इसके लिए सभी क्षेत्रो के लिए टीमें गठित कर दी गयीं हैं.टी जी टू, एसएसओ के साथ क्षेत्रीय मीटर रीडर टीम में शामिल किये गए हैं.बुधवार को अवर अभियंता ने ढेमवा फीडर के अंतर्गत माझाराठ, तुलसीपुर माझा, चौखड़िया का निरीक्षण किया.

### सिविल बार एसोसिएशन के पूर्व पदाधिकारीयों ने अध्यक्ष एवं मंत्री के विरुद्ध फूंका विगुल



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंडा** । गोण्डा मामला सिविल बार एसोसिएशन के चुनाव का है जहां के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभात कुमार शुक्ला, पूर्व महामंत्री विजय प्रकाश त्रिपाठी, पूर्व महामंत्री राम आशीष त्रिपाठी, पूर्व महामंत्री प्रदीप कुमार पाण्डेय, विवेक मणि श्रीवास्तव व राजेश मिश्रा पूर्व अध्यक्ष, आलोक पाण्डेय पूर्व मंत्री,वरिष्ठ सदस्य शिवकुमार तिवारी व रामनारायण पाठक, अभय कुमार तिवारी मोहम्मद आरबी ने निर्धारित समय पर चुनाव न होने पर दिखाई नाराजगी और अपने साथियों के साथ बैठे धरने पर। बताते चलें कि सिविल बार एसोसिएशन का चुनाव 2022 में हुआ था ।

# पांच सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को दिया



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । हापुड़ लाठी चार्ज के विरोध फैजाबाद अयोध्या बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीएम सिटी को दिया इसमें प्रमुख रूप से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने ,दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने, अधिवक्ताओं पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग की गई है ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से फैजाबाद अयोध्या बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्र, महामंत्री सूर्य नारायण सिंह ,उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार दुबे ,राजीव कुमार शुक्ला विजय कुमार द्विवेदी ,कृष्ण मोहन सिंह ,सोमनाथ तिवारी ,रघुवंश वर्मा लाल जी गुप्ता ,अखंड यादव ,सुरेंद्र सिंह ,प्रदीप गुप्ता ,उपेंद्र कुमार मिश्रा अनिल अवस्थी सहित तमाम अधिवक्ता गण मौजूद रहे।इसी तरह हापुड़ प्रकरण के विरोध में बीकापुर में वकीलों ने भरी हुंकार।तहसील परिसर के शाहिद स्मारक पर बैठे धरने पर बीकापुर के वकीलों की चेतावनी देते हुए बार एसोसिएशन अध्यक्ष आबाद अहमद खान का बयान कल तक अगर उनकी मांगे न मानी गई तो राज्य सरकार का पुतला फूंक कर अपना बिरोध प्रर्दशन करेंगे तथा वकीलों का बयान रहा कि जरूरत पड़ी तो सड़क पर उतरकर उग्र अंदोलन करेंगे। सभी पीड़ित लोगों को न्याय दिलाने के लिए मेहनत करता है इसलिए सड़क पर आने पर क्षेत्रिय जन-मानस के साथ होने का विस्वास वकीलों ने व्यक्त किया है। धरने में मुख्य रूप से बार अध्यक्ष आबाद अहमद मंत्री ब्रह्मानंद मिश्रा उमेश पांडे बृजेश यादव बृजेश तिवारी मनोज यादव आलोक सिंह राकेश तिवारी प्रमोद शर्मा अवधराम यादव अरुण मिश्रा पुष्पेन्द्र मिश्रा समेत सैकड़ो अधिवक्ता शाहिद रहे। अक्ष्यक्ष एवं मंत्री के साथ तहसील के अधिवक्ताओं ने मुख्य मंत्री को पांच सूत्रीय माँग पत्र सौप कर चौबीस घंटे में कार्यवाही न होने पर आन्दोलन उग्र करने और गुरुवार को राज्य सरकार का पुतला दहन करने की चेतावनी देते हुए अक्ष्यक्ष आबाद अहमद द्वारा आज के धरने का समापन किया है।

## चाकू मारकर हत्या करने का नामजद अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा** । गोंण्डा थाना कोतवाली देहात पुलिस को सूचना मिली कि अली हुसैन पुत्र मोहम्मद जलील निवासी दौलतपुर दर्जी कुंआ थाना कोतवाली देहात ने अपने साथियों के साथ आपसी वाद-विवाद में 1.साकिब पुत्र सलामत निवासी खोरहंसा बाजार कोतवाली देहात को फिरोजपुर मस्जिद के सामने की गली में चाकू मार कर हत्या कर दिया था, उक्त सूचना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री अंकित मित्तल ने अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री शिवराज के पर्यवेक्षण में घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना को0देहात से टीमें लगाई गयी थी। उक्त निर्देश के क्रम में आज दिनांक 13.09.2023 को थाना को0देहात पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर मु0अ0सं0 495/23 धारा 147, 148, 149, 302, 307 भा0द0वि0 के नामजद अभियुक्त अली हुसैन उर्फ लादेन उपरोक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना कोतवाली देहात की टीमे द्वारा ग्राम कलन्दरपुर मोड़ मुन्ना भठ्टा के निकट गाड़ाबन्दी की गयी थी। एक व्यक्ति आता दिखाई दिया नजदीक आने पर रोका टोका गया तो गिरफ्तारी से बचने के लिए जान से मारने की नियत से तमंचे से पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। आपसी मुठभेड़ में अभियुक्त के दाहिने पैर में गोली लगी है, जिससे वह गिर गया और उसे पकड़ लिया गया तथा .12 बोर तमंचा व 01 अदद खोखा कारतूस व 1 अदद जिंदा कारतूस बरामद किया गया। अभियुक्त अली हसन उर्फ लादेन का पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल गोण्डा में इलाज चल रहा है।

## अन्तर्जनपदीय जालसाज अभियुक्त गिरफ्तार, 04 अदद चार पहिया वाहन बरामद



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा** । गोंण्डा पुलिस अधीक्षकअंकित मित्तल ने अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में जालसाज अभियुक्तों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के आदेश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षो को दिये थे। उक्त आदेश के अनुक्रम में थाना वजीरगंज व स्वाट की संयुक्त टीम द्वारा चार पहिया वाहनों का कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जनता से धोखाधड़ी करने के आरोपी अभियुक्त रियासत अली गाजी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 04 अदद चार पहिया वाहन बरामद किया गया। उक्त अभियुक्त ने वादी बृजेश पुत्र शिव प्रसाद नि0 कस्बा/थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा को कूटरचित दस्तावेज तैयार कर महिन्द्रा टी0यू0वी0 गाड़ी 03 लाख 10 हजार में बेची थी। जिसके सम्बन्ध में वादी द्वारा थाना वजीरगंज में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ के दौरान अभियुक्त द्वारा बताया गया ।

## जिलाधिकारी ने संध्या सरोवर का किया निरीक्षण



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । रामनगरी अयोध्या के लोगों को एडवेंचर और वाटर एक्टिविटी के लिए अब बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। लोगों यह सभी सुविधाएं उपलब्ध हों, इसके लिए शहर के सिविल लाइन स्थित संध्या सरोवर में ही एडवेंचर और वाटर एक्टिविटी के साथ फूड कोर्ट विकसित कराए जाने की योजना पर काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। यहां बन रहे फूड कोर्ट की 10 दुकानों पर अलग-अलग व्यंजनों का भी लोग लुत्फ उठ सकेंगे। बुधवार को संध्या सरोवर पहुंचे जिलाधिकारी नितीश कुमार ने पार्क में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया और लैंड स्केपिंग और बेहतर करने का निर्देश दिया। उन्होंने अयोध्या विकास प्राधिकरण के कंसल्टेंट व संबंधित अधिकारियों से कहा कि कार्यों को जल्द पूरा करा कर फूड कोर्ट व विभिन्न एडवेंचर्स का शीघ्र संचालन शुरू करा दिया जाए। नितीश कुमार ने पॉर्क में घास की नियमित कटाई करने के साथ नियमित साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए हैं। एडवेंचर एक्टिविटी जिप लाइन, वर्मा ब्रिज,स्विंग लैडर,वर्मा लूप,कमांडो क्रॉसिंग वाटर एक्टिविटी पैडल बोट कयाकिंग ,जोरबिंग बॉल का लोग आनंद उठा सकेंगें।

### गैरइरादतन हत्या करने का वांछित अभियुक्त अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा** । गोंण्डा पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में लम्बे समय से फरार वांछित अभियुक्तों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के आदेश जनपद के समस्त प्र0नि0 थानाध्यक्षों के दिए थे। उक्त आदेश के अनुक्रम में थाना छपिया पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर गैरइरादतन हत्या करने के वांछित अभियुक्त नन्दलाल कश्यप को गड़रही अन्डर रेलवे पास के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। जामातलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा 12 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। उक्त अभियुक्त मु0अ0सं0-384/20, धारा 323,504,304 भादवि में काफी लम्बे समय से वांछित चल रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना छपिया पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

### शोहदों-मनचलों को दी कड़ी चेतावनीःएंटी रोमियो स्क्वायड ने चलाया चेकिंग अभियान, महिलाओं को किया जागरूक

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या गोसाईंगंज** । कोतवाली पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस महिला जागरूकता व सशक्तिकरण अभियान चला रही है। महिला पुलिसकर्मी और एन्टी रोमियो टीम मंदिरों, बाजारों, स्कूलों-कॉलेजो व प्रमुख मार्गों पर चेकिंग कर रही है। अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण के तहत महिलाओं और बलिकाओं को जागरूक कर रही है। साथ ही चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत नारी सुरक्षा व नारी सम्मान के लिए चलाये जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के तहत टीम ने महिलाओं को उनके आधिकारों और कानून के बारे में जागरूक किया।महिलाओं, बालिकाओं और छात्राओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने-अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में जानकारी देकर जागरुक किया। बेवजह घूमने वाले मनचलों को कड़ी चेतावनी दी गयी।

### स्पेशल कोच लगाने के लिए भाकियू ने दिया पत्र

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । 18 सितंबर को लखनऊ में होने वाली किसान मजबूर अधिकार महापंचायत में भारी संख्या में पहुंचने के लिए भारतीय किसान यूनियन जनपद इकाई अयोध्या द्वारा स्टेशन मास्टर अयोध्या कैंट अयोध्या को पत्र देकर 17 सितंबर को स्पेशल कोच लगाने की मांग की गई है। उक्त के संबंध में भारतीय किसान यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में स्टेशन मास्टर अयोध्या से मिलकर पत्र सौंपकर फैजाबाद- दिल्ली सहित कई ट्रेनों में 17 व 18 सितंबर को अतिरिक्त कोच लगाने की मांग की गई है स्टेशन मास्टर को संबोधित पत्र में जनपद से कई सौ किसान लखनऊ महा पंचायत में जाने की उम्मीद जताई गई है और सुविधा एवं शांति हेतु अतिरिक्त कोच लगाने की मांग की गई है।

### श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर छठी के दिन लड्डू गोपाल को लगाया गया छप्पन भोग का प्रसाद

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । मिल्कीपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत खंडासा में श्री कृष्ण जन्मोत्सव का पर्व बड़े ही धूमधाम व हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया। खांडसा बाजार के चौराहे पर स्थित शिव मंदिर व ब्रह्मबाबा स्थान पर हनुमान मंदिर प्रांगण में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्मोत्सव का पर्व मनाया गया। यहां पर लगातार 14 वर्षों से श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर श्री कृष्ण के बाल रूप की झांकियां सजाकर विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए भजन कीर्तन आदि का कार्यक्रम किया जाता है। श्री कृष्ण जन्मोत्सव से लेकर सप्तमी तक प्रतिदिन आरती, पूजन, भोग व संध्या आरती के बाद ढोल मजीरा के साथ भजन कीर्तन मंडली का कार्यक्रम चलता रहा। छठी के दिन भगवान लड्डू गोपाल को काजल लगाया गया व छप्पन भोग का प्रसाद लगाकर भक्तों में वितरण किया गया।कार्यक्रम में जजमान के रूप में रामली पत्नी सुरेंद्र कुमार उर्फ पेपे रहे वही कथा वाचक आचार्य पंडित सत्यदेव मिश्रा ने विधि विधान व वैदिक मंत्रोच्चार से पूजन अर्चन कर 56 भोग कार्यक्रम को संपन्न कराया।

### थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के अन्तर्गत चाकू मारकर हत्या करने का दूसरा आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा** । गोंण्डा 11.09.2023 को थाना कोतवाली देहात पुलिस को सूचना मिली कि अली हुसैन पुत्र मोहम्मद जलील निवासी दौलतपुर दर्जी कुंआ थाना कोतवाली देहात ने अपने साथियों के साथ आपसी वाद-विवाद में 1.साकिब पुत्र सलामत निवासी खोरहंसा बाजार कोतवाली देहात को फिरोजपुर मस्जिद के सामने की गली में चाकू मार कर हत्या कर दिया था, उक्त सूचना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक गोण्डा अंकित मित्तल ने अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री शिवराज के पर्यवेक्षण में घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना को0देहात से टीमें लगाई गयी थी।

योजना — बालक बालिकाओं के अधिकारों, आत्म रक्षा व अधिकारों के विषय में जागरूक किया जाएगा

## प्रारंभ हुई जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की नयी योजना एक नया सवेरा राजकीय बालिका इंटर कालेज में प्रथम शिविर



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायधीश गौरव कुमार श्रीवास्तव के दिशा निर्देशन में और सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला जज शैलेन्द्र सिंह यादव के संचालन में प्रारंभ किया गया प्रोजेक्ट "एक नया सवेरा" जिसमें बालक बालिकाओं के अधिकारों, असुरक्षा की भावना, आत्म रक्षा वह संवैधानिक अधिकारों के विषय में जागरूक किया जाएगा। प्रोजेक्ट श्वेता राज ने किया था प्रस्तावित, न्यायपालिका ने दिया हरी झंडी। राजकीय बालिका इंटर कालेज में आयोजित किया गया प्रथम शिविर शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बालिकाओं को विधिक सेवा प्राधिकरण की सेवाओं के विषय में अवगत कराया गया, उनके कानूनी अधिकारों के विषय में जानकारी दी और एडवोकेट श्वेता राज सिंह द्वारा बालिकाओं के संवैधानिक अधिकारों, असुरक्षा की भावना, आत्म रक्षा, अपने पर हो रहे अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाना आदि विषयों पर वार्ता की गई श्वेता द्वारा बालिकाओं को लॉ आफ कम्युनिकेशन और लॉ ऑफ़ रिपोर्टिंग बताया गया और यह भी बताया गया की बालिका अपने पर हों रहे अत्याचार को छुपा कर किसी पुरुष के सम्मान की रक्षा करती है अपने सम्मान के लिए उसे बोलना चाहिए। मौके पर डीआइओएस अयोध्या, प्रिन्सिपल जीजीआइसी व सभी अध्यापिकायें और छात्राएं उपस्थित रहीं।प्रोजेक्ट के विषय में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि ये पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर जिले स्तर पर प्रारंभ किया गया है, और प्रोजेक्ट के सफल होने के साथ इसको राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रस्तावित किया जाएगा, अभी समय समय पर प्रोजेक्ट में किसी बदलाव की आवश्यकता हुई तो वो भी किया जाएगा। प्रोजेक्ट मैनेजर के तौर पर श्वेता राज सिंह प्रत्येक विद्यालय में जा कर जागरुकता अभियान चलायेंगी जिसमें जिला न्यायपालिका का उनको पूरा सहयोग मिलेगा। श्वेता ने कहा कि न्यायपालिका द्वारा उनको दिया गया दायित्व वो पूरी तरह से निभाएंगी और जल्द ही प्रोजेक्ट के लिए अपनी टीम का गठन करेंगी।

## सनातन पर गलत बयान बाजी करने वाले नेताओं पर हो एफआईआर, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । इंडियन सवर्ण समाज पार्टी आज दिल्ली सहित उत्तर प्रदेश की कई जनपदों में ज्ञापन के साथ आक्रोश व्यक्त किया इस अवसर पर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी कहा गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित श्री रामचरितमानस सनातन हिंदू धर्म के आस्था का प्रतीक है और प्रत्येक सनातनी की प्राण वायु है उनके द्वारा रामचरितमानस में रचित चौपाइयों की गलत व्याख्या कर देश में सनातन धर्म को विकृत करने की कोशिश की गई है इसलिए स्वामी प्रसाद मौर्य व उदयनिधि स्टालिन की गिरफ्तारी हो। वही दिल्ली प्रदेश प्रभारी बृजभूषण शुक्ला ने कहा कि विगत कुछ महीने से स्वामी प्रसाद मौर्य और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पुत्र उदयनिधि स्टालिन द्वारा धार्मिक ग्रंथ रामचरितमानस को जलाने टिप्पणी करने सनातन धर्म के विषय पर धर्म के ऊपर अनाप-शनाप बयान देने के कारण सनातन धर्म के अनुयाई तथा इंडियन सवर्ण समाज पार्टी आहत है इसलिए हमारी पार्टी व आम जनमानस की तरफ से स्वामी प्रसाद मौर्य और स्टालिन के ऊपर अबिलंब कार्यवाही की जाए। उपजिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदया को ज्ञापन सौंपा। उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देते समय देवेंद्र कुमार शुक्ला प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश सुभाष चंद्र तोमर प्रदेश उपाध्यक्ष सुजीत पाठक जिला अध्यक्ष सीतामढ़ी राकेश पांडेय गोपाल मिश्रा घनश्याम तिवारी कमता तिवारी भास्कर दत्त द्विवेदी श्याम जी पांडेय शिव शंकर मिश्रा एडवोकेट रमाशंकर शुक्ल शिवसागर पांडेय प्रमोद कुमार मिश्रा जिला अध्यक्ष कानपुर अशोक कुमार शर्मा जिला उपाध्यक्ष कानपुर श्यामसुंदर दुबे नितिन जायसवाल आदर्श कुमार सौरभ मिश्रा शेषमणि दुबे प्रदेश सचिव उत्तर प्रदेश पीआर पांडेय पुजारी शिव शंकर तिवारी राजेश पांडेय राजेश कुमार मिश्रा संजय शुक्ला जिला उपाध्यक्ष अंबेडकर नगर अनीश तिवारी कृष्णमणि दुबे अजय दुबे मनोज दुबे अंबेडकर नगर समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे। इस क्रम में जनपद अंबेडकर नगर जनपद अमेठी जनपद जौनपुर जनपद कानपुर पंजाबी बाग दिल्ली प्रदेश के अन्य जिलों में इंडियन सवर्ण समाज पार्टी के पदाधिकारी ने भारी संख्या में मौजूद होकर ज्ञापन सौंपा और आक्रोश व्यक्त करते हुए जल्द से जल्द उपरोक्त टिप्पणी करता के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जाए अन्यथा इंडियन सवर्ण समाज पार्टी आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

## ख़ास ख़बर

### बुढ़ैई पुलिस ने अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को किया जब्त



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर।** देवघर पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुंग के निर्देश पर बुढ़ैई पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर अवैध रूप से बालू ले जा रहे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है ।वहीं ट्रैक्टर चालक फरार बताया जा रहा है पुलिस ने अवैध बालू लदे ट्रेक्टर को थाने ले आई है और इसकी सूचना जिला खनन विभाग के पदाधिकारी को दे दिया है। वहीं इस मामले में थाना प्रभारी हिरा लाल तुबिद ने बताया कि एनजीटी के तहत नदी घाट से बालू के उठा पर प्रतिबंध होने के बावजूद बालू माफिया अवैध रूप से बालू को उठाकर तस्करी करते हैं। जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना क्षेत्र के बुढ़ैई के तीनघरा रोड से अवैध रूप से बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले आई है। वहीं पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। छापेमारी अभियान में एएसआई भागीरथ महतो सहित पुलिस जवान मौजूद थे।

### मधुपुर पुलिस ने अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर किया जब्त



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर।** देवघर पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुंग के निर्देश पर मधुपुर पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर अवैध रूप से बालू ले जा रहे दो ट्रैक्टर को किया जब्त। पुलिस ने चेतनारी नदी घाट से अवैध रूप से बालू ले जा रहे दो ट्रैक्टर को छापेमारी कर जब्त किया। वहीं एक ट्रैक्टर चालक फरार बताया जा रहा है। पुलिस ने अवैध बालू लदे ट्रेक्टर को मधुपुर थाने ले आई है और इसकी सूचना जिला खनन विभाग के पदाधिकारी को दे दिया है। वहीं इस मामले में इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रामदयाल मुंडा ने बताया कि एनजीटी के तहत नदी घाट से बालू के उठा पर प्रतिबंध होने के बावजूद बालू माफिया अवैध रूप से बालू को उठाकर तस्करी करते हैं। पुलिस कप्तान के निर्देश पर थाना क्षेत्र के चेतनारी रोड़ से छापेमारी कर अवैध रूप से बालू उठा कर ले जा रहे दो ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले आई है। वहीं एक ट्रैक्टर चालक को हिरासत में लिया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। छापेमारी अभियान में एसआई अरविंद कुमार, एएसआई सामंत कुमार सहित पुलिस जवान मौजूद थे।

### कोचींग एसोसिएशन आफ मधुपुर (कैंम) की मासिक बैठक प्रेम पाठक की अध्यक्षता में संपन्न



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता,मधुपुर/ देवघर।** शहर के पथरचपट्टी स्थित एक निजी शिक्षन संस्थान में कोचिंग एसोसिएशन ऑफ मधुपुर (कैम) की मासिक बैठक प्रेम पाठक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक में 2 नए सदस्यों राइज- अप कोचिंग संस्थान से अंकीत शरण व अल्फा - प्लस कंप्यूटर सेंटर, रंगासिरसा से चंदन राणा को कैम की सदस्यता दिलाई गई। संस्था के अध्यक्ष प्रेम पाठक ने बताया कि बैठक में निकट भविष्य में होने वाले कैम के नए कार्यक्रम पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। साथ ही सितंबर के अंतिम सप्ताह में एक वृहत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन विभिन्न शिक्षण संस्थान के छात्रों के बीच करने पर भी सबकी सहमति बनी है। वही नए ऊर्जावान सदस्यों को अगली मीटिंग में जोड़ने पर भी सहमति बनी। इसके उपरांत राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन हुआ।

### आपदा से बचाव को लेकर किया जागरूक

**बलरामपुर।** जिलाधिकारी अरविन्द सिंह के निर्देशन में एनडीआरएफ वाराणसी की 11 वाहिनी के उपमहानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के नेतृत्व में एनडीआरएफ की टीम द्वारा बुधवार को तहसील उारौला अन्तर्गत चीनी मिल एवं तहसील परिसर में आपदा से बचाव को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की रेकी करने का काम किया गया। बताते चलें कि एनडीआरएफ टीम द्वारा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ मिलकर आपदा जोखिम को कम करने के लिए विभिन्न संसाधनों और हितकार्यों को सशक्त बनाने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी अरविंद कुमार सिंह से मार्गदर्शन प्राप्त करके बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण किया और प्रशिक्षित और अनुभवी टीमों द्वारा औद्योगिक संस्थानों एवं गा्रमों में कम्युनिटी अवेयरनेस प्रोग्राम चलाया, जा रहा है जिसमें भूकंप, बाढ़ में बचाव के तरीके, आकाशीय बिजली से बचाव, गले में फँसी बाहरी बस्तु को निकालने के तरीके, रक्तस्राव प्रबंधन, उपलब्ध संसाधनों से स्ट्रेचर बनाना, और उपलब्ध संसाधनों से फ्लोटिंग डिवाइस (राफ्ट) बनाने का आयोजन किया। चीनी मिल में अग्नि सुरक्षा एवं भूकम्प तथा अन्य आपदाओं से बचावश् संसाधनों की उपलब्धता आदि को लेकर तथा ग्रामों में लोगों को पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण के महत्त्व के बारे में जागरूक किया और इस अभियान को अपने जीवन में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। टीम की अगुआई उप-निरीक्षक जयप्रकाश और उनके सहायक टीम के सदस्यों ने प्रशिक्षण प्रदान किया।

# पीएमईजीपी एवं पीएमएफएमई की समीक्षात्मक बैठक संपन्न



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** बुधवार को उपायुक्त शशि भूषण मेहरा अध्यक्षता में उद्योग विभाग के समीक्षा हेतु बैठक आहूत किया गया। बैठक में उद्योग विभाग द्वारा जिले में क्रियान्वित योजनाओं के तहत पीएमईजीपी और पीएमएफएमई योजना की समीक्षा की गई। जिसमें उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों के साथ दोनो योजनाओं की प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त किया। बैठक में बताया गया कि चालू वित्तीय वर्ष में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) योजना के लिए निर्धारित भौतिक लक्ष्य 175 और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन (पीएमएफएमई) योजना के लिए निर्धारित भौतिक लक्ष्य 50 है। जिसमें पीएमईजीपी में निर्धारित लक्ष्य 175 के विरुद्ध 160 आवेदन विभिन्न बैंकों को प्रेषित किए गए हैं एवं 30 आवेदनों को बैंक द्वारा स्वीकृत किया गया है। वहीं 62 आवेदनों को अस्वीकृत किया गया है। इसके अलावा पीएमएफएमई में निर्धारित लक्ष्य 50 के विरुद्ध 175 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमे से 15 स्वीकृत किए गए हैं एवं 26 अस्वीकृत किया गया है। उपायुक्त ने लक्ष्य के अनुरूप आवेदनों का सृजन एवं स्वीकृति के लिए संबंधित अधिकारियों/ बैंक प्रतिनिधियों को आवश्यक एवं उचित निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि सभी बैंकों को अलग अलग लक्ष्य दिए गए हैं, आप लोग लाभुकों के द्वारा प्रेषित आवेदनों को भलीभांति जांच करें एवं लक्ष्य के अनुरूप योग्य लाभुकों को योजना का लाभ दें, ताकि वे उद्योग धंधा शुरू कर अपनी जीविकोपार्जन अच्छे से कर सके। उन्होंने कई बैंकों के लक्ष्य प्राप्ति की दिशा काफी पीछे रहने एवं उदासीनता को देखते हुए बैंकों के प्रतिनिधि को निर्देश देते हुए कहा कि आप लोग अपनी जिम्मेवारी को समझकर इस कार्य को प्राथमिकता दें। योजना के तहत शत प्रतिशत लाभुकों को योजना का लाभ दें। साथ ही उन्होंने विभाग एवं बैंक को आपकी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।मौके पर महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र जामताड़ा, मैनेजर प्रह्लाद कुमार, एलडीएम राजेश कुमार, बैंकों के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## गणेश पूजा महोत्सव में शामिल होने के लिए उपायुक्त को किया आमंत्रित



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** श्री श्री गणेश पूजा महोत्सव समिति के सदस्यों ने बुधवार को जिले के उपायुक्त शशि भूषण मेहरा से मुलाकात की और उन्हें बाबा गणेश का प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। महोत्सव समिति के अध्यक्ष मुक्ताराम दत्त के नेतृत्व में सदस्यों ने उपायुक्त से उनके कार्यालय में मुलाकात किया तथा गणेश पूजा महोत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। जानकारी देते हुए मुक्ताराम दत्ता ने बताया कि उपायुक्त को जानकारी दी गई कि विश्व गणेश महोत्सव 19 सितंबर से प्रारंभ होकर 29 सितंबर तक गांधी मैदान में आयोजित होना है। इस महोत्सव में गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जाएगी। इस दौरान भव्य मेला का भी आयोजन किया जाएगा। साथ की मेला के दौरान सभी सदस्यों द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन कर रक्त संग्रह भी किया जाएगा और लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस दौरान उपायुक्त को रक्तदान शिविर में भी भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया। उपायुक्त को बताया गया कि इस महोत्सव में बिहार बंगाल के काफी संख्या में दुकानदार यहां आकर दुकान लगाते हैं। साथ ही मेले में मनोरंजन के लिए भी काफी संसाधन मौजूद रहता है। मौके पर चमेली देवी,संजय नारनोलिया, शुभेंदु मुखर्जी, सुनील साव, रवि राय सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

## डीआरएम ने मधुपुर यातायात प्रशिक्षण केंद्र एवं कोचिंग कंपलेक्स का क्या निरीक्षण



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर।** आसनसोल रेल मंडल के डीआरएम चेतना नंद सिंह स्पेशल ट्रेन से मधुपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने 52 बीघा स्थित रेलवे यातायात प्रशिक्षण केंद्र , रेलवे स्टेडियम,भारत स्काउट एंड गाइड ट्रेनिंग सेंटर, निर्माणाधीन वॉशिंग पीट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेलवे ट्रेनिंग प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण ले रहे रेल कर्मियों से प्रशिक्षण संबंधी आवश्यक जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आगे उन्होंने निर्माणाधीन कोचिंग यार्ड कंपलेक्स वाशिंग पिट में चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लिया। एवं वाशिंग पिट नक्शे का अवलोकन कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। पूछे जाने पर श्री सिंह ने बताया कि दिसंबर माह में वॉशिंग पीट का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। आगे उन्होंने मधुपुर स्टेशन का जायजा लिया और यात्री सुविधा ट्रेन परिचालन सुरक्षा संरक्षण समेत स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफार्म,आदि परिसर का जायजा लिया। वहीं पेयजल साफ सफाई सहित अन्य यात्री सुविधा को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। मौके पर आसनसोल रेल मंडल की सीनियर डीपीओ बब्ल यादव, आरपीएफ के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा अयुक्त राहुल राज,सीनियर डीईई (जी) अजय कुमार, सीनियर डीसीएम शांतनु चक्रवर्ती, सीनियर डेन2 अमरीश मोहन, सीनियर डी.एम.ई स्टेशन अविनाश प्रकाश स्टेशन प्रबंधक एस के पाठक, टीआई यु के चौधरी, आरपीएफ सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र प्रसाद स्वास्थ्य निरीक्षक अभिमन्यु कुमार,एएसआई शौकत कमाल समेत रेलवे के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# मुख्तार अंसारी के चचेरे ससुर अताउर्रहमान व सहयोगी चुन्नू, शहाबुद्दीन के घर पर 82 की नोटिस चस्पा



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** पूर्व विधायक और माफिया मुख्तार अंसारी की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही है, गाजीपुर मोहम्मदाबाद कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मंगलवार की शाम को उसरी चट्टी हत्याकांड में महरूपुर गांव के निवासी अताऊर रहमान, शाहबुद्दीन और अफरोज उर्फ चुन्नू पहलवान के आवास पर पहुंचकर सीआरपीसी के तहत बयासी की नोटिस चस्पा की है, यह कुर्की से पूर्व की कार्यवाही है, इस दौरान भारी संख्या में पुलिस के जवान, पुलिस अधिकारी और राजस्व कर्मी भी उपस्थित रहे। इस दौरान पुलिस ने डुगडुगी बजा कर कोर्ट द्वारा जारी सीआरपीसी की नोटिस का तामीला कराया। इस बात की पुष्टि पुलिस अधीक्षक गाजीपुर ओमवीर सिंह ने भी की है। उल्लेखनीय है कि मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के उसरी चट्टी पर 15 जुलाई 2001 को मऊ के तत्कालीन विधायक मुख्तार अंसारी के काफिले पर हुई गोलीबारी में बिहार के बक्सर जिले के सगरांव गांव के निवासी मनोज राय की मौत हो गई थी। इस मामले में इसी वर्ष कोतवाली में मनोज राय के पिता कीओर से ठेकेदारी के मामले को लेकर हत्या का मामला मुख्तार अंसारी और उनके सहयोगियों पर दर्ज कराया गयाथा, मामले में मुख्तार अंसारी के साथ महरुपुर गांव के अताऊर रहमान उर्फ बाबू, शाहबुद्दीन और अफरोज उर्फ चुन्नू पहलवान आरोपी बनाए गए थे, इस मामले में सीजेएम गाजीपुर की अदालत से गैरजमानती वारंट जारी होने केबाद भी ये लोग न्यायालय में हाजिर नहीं हुए, जिस पर न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 30 अगस्त को सीआरपीसी के तहत 82 की कार्यवाही का आदेश जारी किया गया था, इसी नोटिस को तामिल करने के लिए स्थानीय मोहम्दाबाद पुलिस ने डुगडुगी पीट कर और लाउड स्पीकर के माध्यम से जानकारी देते हुए घरों पर नोटिस चस्पा की कार्यवाही की, अब अगर नियत समय पर उक्त आरोपी न्यायालय के सामने पेश नहीं होंगे तो कुर्की की अगली कार्यवाही भी की जाएगी।

### जिला कृषि पदाधिकारी लव कुमार ने जगन्नाथपुर में की किसान गोष्ठी



**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला /जामताड़ा।** बुधवार को जिला कृषि पदाधिकारी लव कुमार ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान एग्री स्मार्ट विलेज के रूप में चयनित जगन्नाथपुर गांव में किसानों के साथ बैठक की ।इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी लव कुमार ने आयोजित किसान गोष्ठी में उपस्थित ग्रामीण किसानों को सरकार द्वारा संचालित व प्रदत्त कृषि से सम्बंधित हर योजनाओं को किसान परिवार तक पहुंचाने की बात कही। कहा कि सरकार द्वारा कृषि से संबंधित हर योजनाओं को किसान परिवार तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा वहीं कृषि की नई तकनीक की जानकारी तथा पशुपालन, मत्स्य पालन,भूमि संरक्षण एवम कृषि से संबध सभी विभाग की सभी योजनाओं का प्रत्येक योग्य किसान परिवार को तक पहुंचाया जाएगा। इस दौरान किसानों ने भी कृषि से संबंधित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की साथ ही कृषि से संबंधित समस्याओं के बारे में भी पदाधिकारी को अवगत कराया गया। इस दौरान पदाधिकारियों ने कम लागत में उन्नत खेती एवं कृषि कार्य के अन्य विभिन्न तकनीकी के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर पर बीटीएम सुजीत कुमार सिंह ,जामताड़ा बीटीएम इकबाल हुसैन, आत्मा के लेखापाल गणेश कुमार सहित प्रगतिशील किसान आदि उपस्थित थे।

### प्लस टु उच्च विद्यालय नाला में नोडल शिक्षकों के द्वितीय दिवस का प्रशिक्षण का हुआ समापन



**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला/जामताड़ा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर स्थित सभागार में बदलाव फाउंडेशन एवं आईसीआरडब्लू संस्था के संयुक्त तत्वावधान में संचालित जेम्स परियोजना द्वारा तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में दुसरे दिन बुधवार को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत दश उच्च विद्यालयों से कुल 24 शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रशिक्षक पारस वर्मा ने बताया कि जेमस के तहत विभिन्न विद्यालयों में लैंगिक समानता पूर्ण माहौल के निर्माण हेतु आवश्यक जानकारी दी गई। शिक्षकों को बच्चों में जेंडर, हिंसा आदि कुरुतियों को छोड़कर बच्चों में आदर्श संबंध स्थापित करने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। ताकि विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक माहौल बन सकें। ताकि लड़का के साथ साथ लड़कियों को भी पढ़ाई लिखाई कर अपने अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर प्रशिक्षक पारस वर्मा, संगीता कुमारी,दीवाकर के अलावा विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया।

### कारीगरों द्वारा 55 ट्रेडों में आवेदन कर पंजीकरण कराया गया

**बलरामपुर।** सहायक श्रमायुक्त कुलदीप सिंह ने बताया कि मा० प्रधानमंत्री जी द्वारा 15 अगस्त, 2023 का स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर "पी०एम० विश्वकर्मा योजना" की घोषणा कर देश के परम्परागत 18 ट्रेडो से जुड़े कारीगरों एवं शिल्पकारों (जैसे-बढ़ई, नाव बनाने वाले, लोहार, हथौड़ा और टूलकिट बनाने वाले ताला बनाने वाले, मूर्तिकार / स्टोन कारवर / स्टोन ब्रेकर, स्वर्णकार, कुम्हार, मोची, राजमिस्त्री, टोकरी / चटाई / क्वायर बुनने वाले, झाडू बनाने वाले, गुड़िया एवं खिलौना बनाने वाले, नाई, माला बनाने वाले, धोबी, मछली एवं जाल बनाने वाले इत्यादि को "विश्वकर्मा" के रूप में विशिष्ट पहचान दिलाते हुए उनकी कौशल वृद्धि, टूलकिट इंसेंटिव, कोलेट्रेल फ्री ऋण, डिजिटेल भुगतान हेतु प्रोत्साहन एवं विपणन सहायता प्रदान करने का प्राविधान हैं। उन्होंने कहा कि योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त करने हेतु लाभार्थी की न्यूनतम आयु कम से कम 18 वर्ष पूर्ण हो आवेदक द्वारा लाभ प्राप्त करने हेतु अपने नजदीकी सेवा केन्द्र के माध्यम से किसी एक सदस्य द्वारा किसी एक ट्रेड में पंजीकरण कराया जा सकता है तथा सम्बन्धित ट्रेड में लाभार्थी को 05 दिवसीय प्रशिक्षण दिलाया जायेगा, जिसके उपरान्त लाभार्थी को रू0 - 15,000 / - का ई-वाउचर दिया जायेगा, जिससे लाभार्थी अपने ट्रेड के टूलकिट को खरीद सकेगा । टूलकिट प्राप्त कर रोजगार प्रारम्भ करने वाले लाभार्थी को इच्छुक होने पर रू0 1.00 लाख का ऋण 05 प्रतिशत व्याज पर बगैर गारण्टी के बैंक द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। प्रथम चरण में लिये गये ऋण को चुका देने पर लाभार्थी को Advance Skill Training हेतु 15 दिन / 120 घण्टे का प्रशिक्षण दिलाया जायेगा और पुनः इच्छुक होने पर लाभार्थी को इच्छुक होने पर रू० 2.00 लाख का ऋण 05 प्रतिशत ब्याज पर बगैर गारण्टी के उपलब्ध कराया जायेगा। पंजीकरण कराने हेतु सम्बन्धित श्रमिक को 01 फोटो, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, ई-कार्ड की छायाप्रति / श्रमिक कार्ड की छायाप्रति के साथ किसी भी जन सेवा केन्द्र पर जाकर अपना पंजीकरण कराकर हितलाभ प्राप्त कर सकते है। उन्होंने कहा कि आज 13.09.2023 को श्रम विभाग कार्यालय में उपस्थित होकर 55 कारीगरों द्वारा पंजीकरण हेतु आवेदन किया गया।

बैठक | सेवा पखवाड़ा के आयोजन एवं आईएमआई 5.0 के क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक

## टीकाकरण कार्य में लापरवाही बरतने को लेकर मांगा स्पष्टीकरण



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** बुधवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में आयुष्मान भवः - सेवा पखवाड़ा के आयोजन एवं आईएमआई 5.0 के क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक आहूत किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कार्यक्रम के आयोजन की पूरी जानकारी ली, जिसमे बताया गया कि 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक आयुष्मान भवः - सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान आयुष्मान आपके द्वार 3.0, आयुष्मान मेला एवं आयुष्मान सभा का आयोजन होगा। उपायुक्त ने कार्यक्रम के वृहत स्तर से प्रचार- प्रसार करते हुए सभी लोगों तक कार्यक्रम के आयोजन की जानकारी देने एवं शत प्रतिशत लोगों का आयुष्मान कार्ड एवं आभा कार्ड बनाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने पूरे पखवाड़ा के दौरान सभी बीडीओ और एमओआईसी को माइक्रोलेवल पर कार्ययोजना बनाते हुए कार्यक्रम के आयोजन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि जिनके पास अंत्योदय कार्ड है और उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है, तो सहिया द्वारा पोषण क्षेत्र अंतर्गत वैसे लोगों को चिन्हित कर सूची उपलब्ध कराने की बात कही। सहिया को पोषण क्षेत्र अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि जेएसएलपीएस, समाज कल्याण, आपूर्ति, पंचायती राज को स्वास्थ्य विभाग, सभी सीएससी/ प्रज्ञा केंद्रों के साथ आपसी समन्वय बनाकर शत प्रतिशत लोगों के आयुष्मान कार्ड एवं आभा कार्ड बनाने हेतु निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रमुख, मुखिया, वार्ड सदस्य, पीडीएस डीलर आदि की मदद लें। आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर जागरूकता लाना है कि किस प्रकार आयुष्मान कार्ड के बनने से पूरे परिवार को 5 लाख तक का निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि अंत्योदय की अवधारणा से प्रत्येक व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने का प्रयास है। आयुष्मान कार्ड, आभा कार्ड का निर्माण, वितरण के लिए फ्रंट लाईन वर्कर, सहिया, सेविका, आयुष्मान मित्र द्वारा गृह भ्रमण किया जाएगा। प्रखंड स्तर पर सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान मेला 23 सितंबर अथवा 30 सितंबर 2023 को जिला अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों के सहयोग से किया जाना है। आयुष्मान मेला में रक्तदान शिविर, टेली मेडिसिन आदि कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। उन्होंने ग्राम स्तर पर कितने आदमी का आयुष्मान कार्ड बना हैं एवं कितने अब तक इससे वंचित हैं, इसे चिन्हित करते हुए सूची तैयार करने एवं स्थल आदि का चयन कर प्रचार प्रसार कर सभी का कार्ड बनवाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने पूरे पखवाड़ा के दौरान सभी गतिविधियों के संचालन संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक एवं उचित दिशा निर्देश दिया।

## रजवाहा के ओवरफ्लो पानी से किसान परेशान

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता वीरबहादुर मौर्या, जमानिया।** क्षेत्र के गायघाट गांव में पोखरी से पानी निकासी न होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों कि माने को पोखरी का पानी ओवर फ्लो हो कर घरो और मकानों के दीवार को क्षतिग्रस्त कर रहा है। ग्रामीण ज्ञानेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि ताजपुर मौजा स्थित माइनर के टेल पर फाटक नहीं लगा है। जिससे लगातार पानी गांव की पोखरी में जाता है। जहां से ओवर फ्लो हो कर कर्मनाशा नदी में जाता है। ज्ञात हो कि पोखरी आबादी के बीच में है। जिससे पानी ओवर फ्लो हो कर ग्रामीणों के घरों के दीवारों से होकर गुजरता है और अब आलम यह है कि पानी दीवार को काटने लगा है। वही किसान हीरा कुशवाहा का कहना है कि माइनर का पानी कई बार खेतो में घुस जाता है जिससे करीब 150 किसानों कि फसल बर्बाद हो जाती है। उनका कहना है कि गांव में धान की फसल के अवाला कोई फसल नहीं बो पाते है। जिससे आर्थिक क्षति हो रही है।

# कुण्डहित वन क्षेत्र पर लकड़ी माफिया की है बुरी नजर, प्रशासन अविलंब करें कार्यवाही



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** बुधवार को वन विभाग के कर्मियों ने गुप्त सूचना के आधार पर कलाजोड़ा जंगल से अकासिया के कटे हुए लकड़ी को जब्त किया। कुंडहित वन क्षेत्र के वननरक्षी जफर मियां दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर जंगल किनारे अकेशिया के कटे हुए लड़कियों को ट्रैक्टर में लोड कर कुंडहित वन विभाग कार्यालय ले गये। जहां उसे सुरक्षित रख लिया गया। वनरक्षक जफर मियां ने बताया कि मंगलवार को गुप्त सूचना मिला था कि कलाजोड़ा जंगल के समय कुछ लकड़ी के वोटे कटे हुए पड़े हुए हैं। मंगलवार की रात काफी खोजबीन के बाद वह लकड़ी मिला बुधवार की सुबह कुंडहित वन विभाग कार्यालय में सुरक्षित रख लियागया। एक तरफ सरकार लाखों रुपए खर्च कर हर साल वृक्षारोपण कर रही है। वहीं दूसरी ओर लकड़ी माफिया जंगलों को काटकर साफ करने में लगे है।विदित हो कि इन दिनो कुंडहित वनक्षेत्र से किमती इमारती पेड़ धीरे धीरे गायब हो रहे है। हर साल लाखो रूपये खर्च कर सरकार वृक्षारोपण करा रही है। लेकिन क्षेत्र में किमती पेड़ो को रक्षा करने में वन विभाग नाकाम साबति हो रहे है। उधर लकड़ी माफीयाओ की चांदी है। जानकारी के अनुसारकुंडहित वनक्षेत्र के विभिन्न जंगलो से प्रतिदिन दर्जनो पेड़ काटे जा रहे है। लेकिन वन विभाग को इस संबंध में भनक तक नहीं हो पाती है।कुंडहित वनक्षेत्र अन्तर्गत वन सीमा से सटे हर गांव में वन समिति की सदस्य है। वनविभाग द्वारा हर गांव में इसलिए वन समिति का गठन किया गया ताकी वन एंव वन्य जीवो की रक्षा किया जा सके। कुंडहित वन क्षेत्र को जिला को सबसे बड़ा वन क्षेत्र कहा जाता है। लेकिन इतने बड़े वनक्षेत्र को सिर्फ एक वनरक्षी ही संभालते हैं। कुण्डहित में पदस्थापित रेंजर दो जगह के प्रभार में है। कुंडहित वन क्षेत्र के प्रभारी रेंजर रामचंद्र पासवान ने बताया कि मंगलवार शाम को गुप्त सूचना मिली थी। गुप्त सूचना के आधार पर सभी लकड़ियों को जब्त कर लिया गया है। वन विभाग द्वारा लगातार क्षेत्र में गस्ती जारी है। क्षेत्र में किसी भी तरह का अवैध लकड़ी का तस्करी नहीं होने दिया जाएगा।

# जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक

**बलरामपुर**। माननीय सांसद गोंडा कीर्ति वर्धन सिंह की अध्यक्षता एवं सांसद श्रावस्ती राम शिरोमणि वर्मा की सह अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान विधायक बलरामपुर सदर पलटूराम, विधायक उतरौला राम प्रताप वर्मा, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला, विधायक गैसडीं एसपी यादव, जिलाधिकारी अरविंद सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री आरती तिवारी, सदस्य विधान परिषद अवधेश कुमार, समस्त ब्लॉक प्रमुख उपस्थित रहे। जिलाधिकारी द्वारा सांसद गोंडा कीर्ति वर्धन सिंह को पुष्पगुच्छ देकर बैठक की कारवाही प्रारंभ की गई। बैठक के दौरान सांसद गोंडा कीर्ति वर्धन सिंह द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजना मनरेगा, किसान सम्मान निधि, सर्व शिक्षा अभियान, उज्ज्वला योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा



मिशन, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना, फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, रोजगार सृजन कार्यक्रम, आयुष्मान कार्ड, विद्युत आपूर्ति, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, जल जीवन मिशन, पहाड़ी नालों की सिल्ट सफाई, गड्ढा मुक्ति आदि की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने में जल जीवन मिशन के तहत गुणवत्तापूर्ण कार्य किए जाने तथा हाल ही में चूल्हेभारी ग्राम में टंकी फटने की घटना का संज्ञान लेते हुए उच्च स्तर पर जांच कराते हुए आवश्यक कार्यवाही का निर्देश दिया। ब्लॉक प्रमुखो द्वारा विद्युत आपूर्ति के संबंध में शिकायतों पर उन्होंने अधीक्षण अभियंता विद्युत को लाइन मेंटेनेंस,ट्रांसफार्मर बदलने का कार्य करने वाली संस्था के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया। नेपाल से आने वाले पहाड़ी नालों की सिल्ट सफाई के संबंध में उन्होंने कहा कि इसके लिए उच्च स्तर पर उनके द्वारा वार्ता की जाएगी तथा सिल्ट सफाई के लिए बजट एवं वन विभाग द्वारा आने वाले आपत्तियां को दूर करने के लिए प्रयास किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि बैठक में विधायकगण एवं ब्लाक प्रमुख द्वारा जनहित में जो भी समस्याएं उठाई गई है उनका प्राथमिकता के साथ निराकरण किया जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि बैठक में पॉजिटिव तरीके से जनप्रतिनिधिगण जो भी फीडबैक प्राप्त हुआ है, उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी प्राथमिकता के साथ करें। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण मा० जनप्रतिनिधि गण के साथ बेहतर तालमेल रखते हुए सार्थक प्रयासों के साथ योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करें।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुशील कुमार,पीडी डीआरडीए सीपी श्रीवास्तव,डीसी मनरेगा सतीश कुमार पांडे,डीसी एनआरएलएम व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## खास खबर

### उतरौला चीनी मिल एवं तहसील उतरौला परिसर में आपदा से बचाव को लेकर किया जागरूक

**बलरामपुर**। जिलाधिकारी अरविन्द सिंह के निर्देशन में एनडीआरएफ वाराणसी की 11 वाहिनी के उपमहानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के नेतृत्व में एनडीआरएफ की टीम द्वारा बुधवार को तहसील उारौला अन्तर्गत चीनी मिल एवं तहसील परिसर में आपदा से बचाव को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की रेकी करने का काम किया गया। बताते चलें कि एनडीआरएफ टीम द्वारा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ मिलकर आपदा जोखिम को कम करने के लिए विभिन्न संसाधनों और हितकार्यों को सशक्त बनाने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी अरविंद कुमार सिंह से मार्गदर्शन प्राप्त करके बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण किया और प्रशिक्षित और अनुभवी टीमों द्वारा औद्योगिक संस्थानों एवं गा्रमों में कम्युनिटी अवेयरनेस प्रोग्राम चलाया, जा रहा है जिसमें भूकंप, बाढ़ में बचाव के तरीके, आकाशीय बिजली से बचाव, गले में फँसी बाहरी बस्तु को निकालने के तरीके, रक्तस्राव प्रबंधन, उपलब्ध संसाधनों से स्ट्रेचर बनाना, और उपलब्ध संसाधनों से फ्लोटिंग डिवाइस (राफ्ट) बनाने का आयोजन किया। चीनी मिल में अग्नि सुरक्षा एवं भूकम्प तथा अन्य आपदाओं से बचावश् संसाधनों की उपलब्धता आदि को लेकर तथा ग्रामों में लोगों को पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण के महत्त्व के बारे में जागरूक किया और इस अभियान को अपने जीवन में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। टीम की अगुआई उप-निरीक्षक जयप्रकाश और उनके सहायक टीम के सदस्यों ने प्रशिक्षण प्रदान किया।

### जनपद बलरामपुर क्षेत्राधिकारी ललिया श्री राधारमण सिंह द्वारा परेड का किया गया निरीक्षण



**जिला ब्यूरो सौरभ**। आज दिनांक- 13.09.2023 को उत्तर प्रदेश बलरामपुर जनपद क्षेत्राधिकारी ललिया श्री राधारमण सिंह द्वारा* द्वारा पुलिस लाइन में बुधवार की परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए कराई गई दौड़। निरीक्षण के पश्चात , क्षेत्राधिकारी महोदय द्वारा परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई गयी । इस दौरान विभिन्न प्रकार के शस्त्राभ्यास कराए गए । इस दौरान पुलिस लाईन परिसर, जीडी कार्यालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन, आदर्श आरक्षी बैरक तथा पुलिस भोजनालय का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता परख कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए

### दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**बलरामपुर**। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अकुंश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी नगर बृजनंदन राय के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात जयदीप दुबे के नेतृत्व में बुधवार को थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 487/2023 धारा 306/323/504/56 भादवि0 से सम्बन्धित अभियुक्त 1.ननके गिरी पुत्र राजितराम गिरि 2.नानबाबू गिरी पुत्र राजितराम गिरि नि0गण गोसाईपुरवा झौहना थाना कोतवाली देहात जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

### अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान



**बलरामपुर**। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक पचपेड़वा के नेतृत्व में बुधवार को थाना पचपेड़वा पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजी0 मामला सं0 429/20 धारा 33 फारेस्ट एक्ट से सम्बन्धित वारन्टी अभियुक्त सूर्यलाल गुप्ता पुत्र बुद्धू गुप्ता निवासी शंकरपुर थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

### गन्ना विभाग की उप विधि बुकलेट के माध्यम से विधायक को भेट करते विशेष सचिव



**बलरामपुर संवाददाता**। गन्ना विकास विभाग से संचालित योजनाओं के बारे में लाभार्थियों को जानकारी के लिए बुकलेट निर्माण किया गया है। बुकलेट में जिले के गन्ना किसानों के साथ अच्छी एवं फायदेमंद फसलों के बारे में जानकारी दी गई है । बुकलेट में समिति की नवीनतम उपविधि भी शामिल है वरिष्ठ गन्ना निरीक्षक एवं विशेष सचिव अविनाश सिंह ने बुकलेट की प्रति सदर विधायक पलटू राम को भेंट की है उन्होंने बताया कि बुकलेट के बारे में विधायक से चर्चा की साथ ही साथ आगामी 19 सितंबर से 10 दिवसीय समिति स्तरीय सर्वे सट्टा मेला उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया है विधायक ने विशेष सचिव को कहा है कि वह किसानों के कार्यक्रम में प्रत्येक दशा में शामिल होंगे।

## मुख्यमंत्री के सचेतक से मिला देववंशी पटवा समाज का प्रतिनिधि मंडल

**चंदौली**। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व मुख्यमंत्री सचेतक डा.शलभमणि त्रिपाठी से उनके आवास पर अखिल भारतीय देववंशी पटवा समाज का प्रतिनिधि मंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय महामंत्री आकाश पटवा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात किया। इस दौरान समाज की ओर से आगामी 17 दिसम्बर से वाराणसी से निकलने वाली जन जागरण रथ यात्रा पर चर्चा किया। अखिल भारतीय देववंशी पटवा समाज अपनी राजनैतिक सामाजिक और शैक्षिक विकास और पहचान को लेकर लम्बे समय से गांव से लेकर नगर तक पहल तेज कर दिया है। इस क्रम में आगामी 17 दिसम्बर से 20 दिसम्बर तक चार दिवसीय जनजागरण रथ यात्रा 12 सौ किलोमीटर की वाराणसी से विभिन्न जनपदों में निकाला जायेगा। इसको लेकर जगह जगह स्वागत व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम को मजबूती प्रदान करने के लिये प्रतिनिधि मंडल भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व मुख्यमंत्री सचेतक डा.शलभमणि त्रिपाठी से मुलाकात कर आर्शिवाद प्राप्त करते हुए चर्चा किया। उन्होनें



बताया कि यह जनजागरण रथ यात्रा का हर संभव सहयोग का भरोशा दिया। इस मौके पर राष्ट्रीय महामंत्री आकाश पटवा,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेश देववंशी, शिव कुमार पटवा, मुख्य सचेतक विजय बहादूर पटवा,राष्ट्रीय मंत्री हीरालाल पटवा सहित अन्य रहे।

## कान्वेंट की तर्ज पर नौनिहालों को शिक्षा देने का फरमान हो रहा हवा हवाई



**चकिया चन्दौली**। एक तरफ प्रदेश सरकार के द्वारा परिषदीय विद्यालयों में कॉन्वेंट की तर्ज पर शिक्षा प्रदान करने के लिए लाखों रुपए खर्च करते हुए परिषदीय विघालयो को कान्वेंट की तर्ज पर हाइटेक बनाया जा रहा है तथा नौनिहालों को निशुल्क किताब ड्रेस मध्यान्ह भोजन भी प्रदेश सरकार के द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे परिषदीय विघालयो के बच्चों को निंशुल्क अच्छी शिक्षा ग्रहण कर सके मगर प्रदेश सरकार के प्रयास तथा कान्वेंट की तर्ज पर शिक्षा उपलब्ध कराने को लेकर परिषदीय विघालयो मे तैनात शिक्षक ही सरकार की योजनाओं पर ग्रहण लगाते नजर आ रहे है जिससे परिषदीय विघालयो मे नौनिहालो झाडु पोछा तक लगाने को लाचार है तस्वीरों से अंदेशा लगाया जा सकता है। दरअसल पुरा मामला चकिया नगर मुख्यालय के समीप गांव बुडवल का है जहां प्राथमिक विघालय बुडवल मे तैनात शिक्षकों के द्वारा परिषदिय विघालय मे शिक्षा ग्रहण करने आये नौनिहालों से विघालय परिसर मे झाडु पोछा करवाने का मामला प्रकाश मे आया जिससे प्रदेश सरकार के द्वारा जहां परिषदीय विघालयो को हाइटेक करने का दावा तस्वीरों मे नौनिहालों से छाडु पोछा लगवाया जा रहा है तस्वीरों से आप अंदेशा लगा सकते है की बच्चों को कैसी शिक्षा उपलब्ध हो पायेगी।

**क्या कहते है जिम्मेदारः** वही प्राथमिक विघालय बुडवल मे शिक्षकों के द्वारा झाडु व कमरो मे पोछा लगवाने की जानकारी देने पर एबीएसए चकिया रामटहल ने बताया की नौनिहालों से परिषदिय विघालय मे झाडु पोछा करवाना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना है मामले को जांच करवाकर कार्यवाही की जाएगी तथा किसी भी तरह नौनिहालों की शिक्षा मे लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी।

## जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में एनडीआरएफ की टीम ने उतरौला चीनी मिल एवं तहसील उतरौला परिसर में आपदा से बचाव को लेकर किया जागरूक

**बलरामपुर**। जिलाधिकारी अरविन्द सिंह के निर्देशन में एनडीआरएफ वाराणसी की 11 वाहिनी के उपमहानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के नेतृत्व में एनडीआरएफ की टीम द्वारा बुधवार को तहसील उारौला अन्तर्गत चीनी मिल एवं तहसील परिसर में आपदा से बचाव को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की रेकी करने का काम किया गया। बताते चलें कि एनडीआरएफ टीम द्वारा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ मिलकर आपदा जोखिम को कम करने के लिए



विभिन्न संसाधनों और हितकार्यों को सशक्त बनाने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी अरविंद कुमार सिंह से मार्गदर्शन प्राप्त करके बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण किया और प्रशिक्षित और अनुभवी टीमों द्वारा औद्योगिक संस्थानों एवं गा्रमों में कम्युनिटी अवेयरनेस प्रोग्राम चलाया, जा रहा है जिसमें भूकंप, बाढ़ में बचाव के तरीके, आकाशीय बिजली से बचाव, गले में फँसी बाहरी बस्तु को निकालने के तरीके, रक्तस्राव प्रबंधन, उपलब्ध संसाधनों से स्ट्रेचर बनाना, और उपलब्ध संसाधनों से फ्लोटिंग डिवाइस (राफ्ट) बनाने का आयोजन किया। चीनी मिल में अग्नि सुरक्षा एवं भूकम्प तथा अन्य आपदाओं से बचावश् संसाधनों की उपलब्धता आदि को लेकर तथा ग्रामों में लोगों को पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण के महत्त्व के बारे में जागरूक किया और इस अभियान को अपने जीवन में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। टीम की अगुआई उप-निरीक्षक जयप्रकाश और उनके सहायक टीम के सदस्यों ने प्रशिक्षण प्रदान किया।

### लोकतंत्र रक्षक सेनानी व वरिष्ट पत्रकार चुनीलाल गुप्ता का निधनः गार्ड ऑफ ऑनर से दी गई अंतिम विदाई



**सिकंदरपुर, बलिया**। कस्बा निवासी लोकतंत्र रक्षक सेनानी चुनीलाल गुप्ता का मंगलवार की शाम को निधन हो गया। भारतीय लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले वीर सिपाही का परिजनों व क्षेत्रीय लोगों की मौजूदगी में बुधवार को सरयू तट के कठौड़ा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र अरुण गुप्ता ने दी। चुनीलाल गुप्ता पत्रकारिता के साथ साथ सामाजिक क्षेत्र में विशेष पहचान थी। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। इसके पूर्व एसडीएम सिकंदरपुर रवि कुमार पासवान, क्षेत्राधिकारी सिकंदरपुर भूषण वर्मा की मौजूदगी में एसएचओ सिकंदरपुर दिनेश पाठक के नेतृत्व में जवानों ने लोकतंत्र सेनानी रक्षक को गार्ड आफ ऑनर दिया। वहीं क्षेत्रवासियों ने नम आंखों से अपने मार्गदर्शक, अभिभावक और प्रणेता को भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर उनके पुत्र अरूण कुमार गुप्ता, बरूण कुमार गुप्ता, रिंकू गुप्ता के अलावा अनिल बर्नवाल, अरविंद राय, आशुतोष गुप्ता, विजय जायसवाल, प्रेम नाथ श्रीवास्तव, अजय तिवारी, रमेश जायसवाल, मनीष गुप्ता, आरिफ अंसारी, अरविंद पांडेय, इमरान खान, प्रयाग चौहान, अमित गुप्ता, बजरंगी चौहान, व अन्य लोग मौजूद रहे।

### तीन दिवसीय गणित विज्ञान कार्यशाला समापन के दौरान प्रमाण पत्र देते डायट प्राचार्य





**बलरामपुर**। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद निदेशक के निर्देश के पर तीन दिवसीय गणित विज्ञान कार्यशाला संपन्न हुई समापन दिवस पर डाइट प्राचार्य हिफ्जुर्रहमान के मार्गदर्शन में परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों के विज्ञान एवं गणित विषय के अध्यापकों का किट आधारित संचालित हो रहे 03 दिवसीय प्रशिक्षण के तृतीय दिवस के सत्रों का संचालन किया गया जिसमें राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त संदर्भ दाताओं में शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया है। पूरे दिवस के प्रशिक्षण में अलग-अलग सत्रों में विज्ञान किट व गणित किट से किस प्रकार से हम विज्ञान व गणित को प्रभावी माध्यम से शिक्षण करते हुए बच्चों के अधिगम स्तर को बढ़ा पाए रुचिकर शिक्षण कर पाए इस पर चर्चा की गई। विज्ञान प्रशिक्षण में के प्रथम सत्र का शुरुआत प्रार्थना एवं द्वितीय दिवस के प्रतिवेदन से किया गया तत्पश्चात श्री पवन कुमार वर्मा द्वारा मानव निर्मित रेसे परमाणु की संरचना सूक्ष्म जीवों का सामान्य परिचय आदि विषय पर प्रकाश डालते हुए विषय वस्तु को समझाया गया द्वितीय सत्र में सुंदरता वीरेंद्र बहादुर द्वारा जंतुओं में जनन फसल उत्पादन बाल एवं दाब पर विभिन्न प्रयोग के माध्यम से चीजों को स्पष्ट करते हुए अपने सत्र को संचालित किया गया तृतीय सत्र में पवन कुमार वर्मा प्रवक्ता डाइट द्वारा विद्युत धारा कार्बन और उसके यौगिक ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत आज के बारे में चर्चा करते हुए प्रतिभागियों से समूह वर्क करते हुए तृतीय दिवस के प्रशिक्षण के अंतिम सत्र को संचालित किया गया गणित किट प्रशिक्षण में संदर्भ दाता प्रदीप बाजपेई राजेश कुमार व विजय कुमार के द्वारा विभिन्न सत्रों का संचालन किया गया तत्पश्चाप सभी प्रतिभागियों से फीडबैक लेते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत कराया गया ।प्राचार्य डायट हिफ्जुर्रहमान द्वारा प्रशिक्षण हाल में पहुंचकर प्रशिक्षण की स्थिति का जायजा लिया गया तथा अपने ओजपूर्ण संबोधन से सभी का मार्गदर्शन किया गया इसके उपरांत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए प्रशिक्षण के समापन की घोषणा की गई इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में विकासखंड श्री दत्त गंज, गैनसडी, तुलसीपुर व बलरामपुर देहात के कुल 100 अध्यापकों ने प्रतिभाग किया इस मौके पर संस्थान के प्रवक्ता पवन कुमार वर्मा गोविंद कुमार विज्ञान नोडल त्रिपुरारी पूजन अब्दुल वदू, गणित नोडल सपना वर्धन के साथ-साथ अन्य प्रवक्ता भी मौजूद रहे।

### वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया



**बलिया**। थाना सिकन्दरपुर जनपद बलिया पुलिस द्वारा 03 नफर वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। श्रीमान् पुलिस अधीक्षक बलिया श्री एस आनन्द महोदय के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सिकन्दरपुर महोदय श्री भूषण वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना सिकन्दरपुर पुलिस को मिली सफलता। उल्लेखनीय है कि दिनांक 13.09.2023 को थाना सिकन्दरपुर थानाध्यक्ष श्री दिनेश पाठक मय टीम द्वारा चेकिंग सन्दिग्ध वाहन/ सन्दिग्ध व्यक्ति, तलाश वांछित वारण्टी करते हुए 03 नफर वारण्टी अभियुक्त 1. बीरबल वर्मा, 2.निर्मल वर्मा, 3.सुरेन्द्र उर्फ गुड्डू पुत्रगण भोला वर्मा समस्त सा0 खरीद थाना सिकन्दरपुर जनपद बलिया को उनके घर से सम्बन्धित 1. मु0नं0 1066/2007 धारा 323,325,506 भादवि थाना सिकन्दरपुर जनपद बलिया में गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय बलिया भेजा गया।

**अभियान** आयुष्मान भवः अभियान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की एक योजना है

## वर्चुअल माध्यम से आयुष्मान भवः अभियान का शुभारंभ

**बलरामपुर**। बलरामपुर महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जी द्वारा वर्चुअल माध्यम से आयुष्मान भवः अभियान का शुभारंभ किया गया। आयुष्मान भवः अभियान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की एक ऐसी योजना है,जिसके अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र तक विस्तार किया जाएगा। आयुष्मान भवः अभियान के लाइव स्ट्रीमिंग को दिखाने के लिए जनपद बलरामपुर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में आयोजित समारोह की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद बलरामपुर के चेयरमैन श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह "धीरू" ने किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 17 सितंबर को जन्मदिन के अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय पूरे देश में आयुष्मान भव अभियान चलाने जा रहा है। अभियान के तहत सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर और अस्पतालों में मुफ्त जांच और इलाज के साथ ही प्रत्येक शनिवार



व रविवार को स्वास्थ्य मेले का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को पांच लाख रुपये सालाना मुफ्त इलाज की सुविधा वाले आयुष्मान कार्ड भी दिये जाएंगे। इस दौरान कोई भी लााभार्थी खुद या किसी अन्य के सहयोग से अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकता है। यही नहीं, इस दौरान अंगदान के लिए भी लोगों को प्रोत्साहित किया जाएगा और इसके लिए 180011477 का टोलफ्री हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी ब्लड बैंक को ब्लड डोनेशन कैंप और अस्पतालों को स्वच्छता अभियान चलाने को भी कहा गया है।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ सुशील कुमार ने कहा कि सरकार की कोशिश देश के सभी गरीब और मध्यमवर्गीय लोगों के स्वास्थ्य की जांच करने की होगी। जांच में किसी बीमारी के सामने आने पर अस्पताल में उनका इलाज भी सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अलावा पूरे देश में गांव और वार्ड स्तर पर आयुष्मान सभा का आयोजन किया जाएगा, जहां लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ ही सरकारी सेवाओं के भी जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर निःक्षय मित्रों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी जनपद स्तरीय चिकित्सालयों के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक,समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी,मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के समस्त स्टाफ भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी डी पी सिंह बैस व अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

## कारीगरों द्वारा 55 ट्रेडों में आवेदन कर पंजीकरण कराया गया

**बलरामपुर**। सहायक श्रमायुक्त कुलदीप सिंह ने बताया कि मा० प्रधानमंत्री जी द्वारा 15 अगस्त, 2023 का स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर "पी०एम० विश्वकर्मा योजना" की घोषणा कर देश के परम्परागत 18 ट्रेडो से जुड़े कारीगरों एवं शिल्पकारों (जैसे-बढ़ई, नाव बनाने वाले, लोहार, हथौड़ा और टूलकिट बनाने वाले ताला बनाने वाले, मूर्तिकार / स्टोन कारवर / स्टोन ब्रेकर, स्वर्णकार, कुम्हार, मोची, राजमिस्त्री, टोकरी / चटाई / क्वायर बुनने वाले, झाड़ू बनाने वाले, गुड़िया एवं खिलौना बनाने वाले, नाई, माला बनाने वाले, धोबी, मछली एवं जाल बनाने वाले इत्यादि को "विश्वकर्मा" के रूप में विशिष्ट पहचान दिलाते हुए उनकी कौशल वृद्धि, टूलकिट इंसेंटिव, कोलेट्रेल फ्री ऋण, डिजिटेल भुगतान हेतु प्रोत्साहन एवं विपणन सहायता प्रदान करने का प्राविधान हैं। कहा कि योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त करने हेतु लाभार्थी की न्यूनतम आयु कम से कम 18 वर्ष पूर्ण हो आवेदक द्वारा लाभ प्राप्त करने हेतु अपने नजदीकी सेवा केन्द्र के माध्यम से किसी एक सदस्य द्वारा किसी एक



ट्रेड में पंजीकरण कराया जा सकता है तथा सम्बन्धित ट्रेड में लाभार्थी को 05 दिवसीय प्रशिक्षण दिलाया जायेगा, जिसके उपरान्त लाभार्थी को रू0 - 15,000 / - का ई-वाउचर दिया जायेगा, जिससे लाभार्थी अपने ट्रेड के टूलकिट को खरीद सकेगा । टूलकिट प्राप्त कर रोजगार प्रारम्भ करने वाले लाभार्थी को इच्छुक होने पर रू0 1.00 लाख का ऋण 05 प्रतिशत व्याज पर बगैर गारण्टी के बैंक द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। प्रथम चरण में लिये गये ऋण को चुका देने पर लाभार्थी को Advance Skill Training हेतु 15 दिन / 120 घण्टे का प्रशिक्षण दिलाया जायेगा और पुनः इच्छुक होने पर लाभार्थी को इच्छुक होने पर रू० 2.00 लाख का ऋण 05 प्रतिशत ब्याज पर बगैर गारण्टी के उपलब्ध कराया जायेगा। पंजीकरण कराने हेतु सम्बन्धित श्रमिक को 01 फोटो, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, ई-कार्ड की छायाप्रति / श्रमिक कार्ड की छायाप्रति के साथ किसी भी जन सेवा केन्द्र पर जाकर अपना पंजीकरण कराकर हितलाभ प्राप्त कर सकते है। उन्होंने कहा कि आज 13.09.2023 को श्रम विभाग कार्यालय में उपस्थित होकर 55 कारीगरों द्वारा पंजीकरण हेतु आवेदन किया गया। 18 ट्रेडों में कार्य करने वाले कारीगरों से अपील है कि उक्त योजना के अन्तर्गत अधिक से अधिक विश्वमकर्मा योजना के अन्तर्गत पंजीकरण कराकर हितलाभ प्राप्त करें एवं किसी प्रकार की सहायता हेतु कार्यालय सहायक श्रमायुक्त कार्यालय, नील पैलेस रोड सिविल लाइन, बलरामपुर में उपस्थित होकर अपने समस्या का समाधान करा सकते है।

## ख़ास ख़बर

### मुखिया व पीओ ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का शुभारंभ



**कटोरिया/बांका से संवाददाता मनी सिंह।** प्रखंड क्षेत्र के बड़वासनी पंचायत अंतर्गत बाघमारी गांव में बुधवार को नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र में फीता काटकर व नारियल फोड़कर का शुभारंभ किया गया। मौके पर मनरेगा पीओ राकेश कुमार व मुखिया अमलेश कुमार, प्रतिनिधि त्रिभुवन कुमार टुनटुन मुख्य रूप से मौजूद थे। इस दौरान पीओ ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र खुलने से गांव के छोटे-छोटे बच्चों को शिक्षा मिलेगी। मौके पर पीआरएस मोइद्दीन अंसारी, सदस्य अंशु कुमार सिंह, कौशल्या देवी, नरेश मंडल, स्वच्छता पर्यवेक्षक मणिकांत सिंह, सेविका उर्मिला कुमारी, सहायिका अमृता कुमारी, नरेश मंडल, त्रिभुवन मंडल अन्य मौजूद थे।

### 65 वीं वाहिनी एसएसबी के मुख्यालय में 10वां स्थापना दिवस समारोह का किया गया आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा।** 65वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बगहा द्वारा अपना 10वां स्थापना दिवस जोश एवं हर्षोउल्लास से मनाया गया। जिसमे सभी अधिकारी और वाहिनी कर्मियों के द्वारा बढ़ चढ़ कर भाग लिया गया। वाहिनी के बल कर्मियों के द्वारा विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। जिसमे वॉली बॉल, रस्सा कस्सी तथा 100 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया साथ ही विजेता को पुरस्कृत किया गया। वाहिनी के बल कर्मियों के परिवार संदीक्षा सदस्यों तथा बच्चों के लिए भी विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे बच्चों के लिए 50 मीटर दौड़, टॉफी रेस, स्पून रेस तथा संदीक्षा सदस्यों के लिए म्यूजिकल चेयर, सुई धागा के अलावा अन्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट के द्वारा सभी उपस्थित बल कर्मियों को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। साथ ही इस अवसर पर संदेश सुनाया गया साथ ही आयोजित कार्यक्रमों के लिए बल कर्मियों को पुरस्कृत भी किया गया।

### शादियाबाद पुलिस द्वारा चला सघन चेकिंग अभियान वाहन चालक में अफरातफरी



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, शादियाबाद/गाजीपुर।** बुधवार को शाम के समय शादियाबाद पुलिस द्वारा काफी सख्ती दिखाई गई जिसको लेकर के शाम के समय परेवा नहर पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया इस दौरान पुलिस के द्वारा मानक विहीन चलने वाले करीब दर्जनो वाहनों को पकड़ा, जुर्माना भी लगाया गया पुलिस द्वारा नहर के सामने सड़क पर अभियान चला बिना मानक के चलने वाले चालकों को सबक सिखाया तथा जुर्माना भी लगाया गया मिली जानकारी के अनुसार कुल दर्जनो वाहनों को पकड़ा गया जिसमें चार वाहनों का चालान किया गया जो मानक विहीन चलाया जा रहा था जिसमें से किसी के पास डीएल नहीं था तो किसी के पास वाहन का पूर्ण रूप से कागज नहीं थे चेकिंग के दौरान यह निर्देशित किया गया कि वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करें जिससे होने वाली सड़क दुर्घटना को रोका जाए और खुद सुरक्षित रहें हैं इस दौरान उप निरीक्षक पुष्पेंद्र दुबे द्वारा वाहन चालकों पर जुर्माना लगाया पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाये जाने से दोपहिया वाहन चालकों में अफरा तफरी मच गई कई वाहन चालक पुलिस के इस अभियान को देखते हुए रास्ते बदलकर निकलते हुए दिखाई दिए।

### निजी नर्सिंग होम कि जांचोपरांत कारवाई नहीं होने से आम लोगों में आक्रोश व्याप्त

**हरलाखी।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर स्थित नर्सिंग होम कि जांच स्वास्थ्य विभाग के जिला टीम द्वारा पिछले दिनों किया गया था। जिसमें कई नर्सिंग होम में भाड़ी अनियमितता देखा गया था। जांच टीम के द्वारा रिस्पन के संबोधित करते हुए कहा गया था कि जांच रिपोर्ट जिला चिकित्सा पदाधिकारी को सौंप दिया जायेगा जिसके उपरांत सभी बिंदुओं पर गहन जांच कर अवैध पाए जाने वाले नर्सिंग होम पर तुरंत कार्रवाई किया जायेगा। लेकिन एक सप्ताह से ऊपर हो जाने के बावजूद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो सका है। जिसको लेकर स्थानीय पत्रकार सह आरटीआई एक्टिविस्ट राजू शर्मा के द्वारा जिला लोक शिकायत में परिवाद दायर किया गया है। जिसके उपरांत जिला लोक शिकायत पदाधिकारी के द्वारा आरटीआई एक्टिविस्ट राजू शर्मा को 27 नवंबर को कार्यालय आने कि सुचना दिया गया है। परिवादी राजू शर्मा ने बताया कि उक्त तारीख को जाकर संबंधित पदाधिकारियों से पिछले दिनों हुई जांच कि वास्तविक स्थिति जानने कि कोशिश करेंगे और कब तक अवैध नर्सिंग होम पर कार्रवाई होगी इसकी जानकारी लेंगे। आम लोगों के साथ ग़लत करने वाले लोग अब कानून के हथकंडे से बचेंगे नहीं।

# नवाडीह आजीविका महिला संकुल संगठन की वार्षिक आमसभा संपन्न



**चंदन कुमार गुप्ता, डिस्ट्रिक्ट रिपोर्टर, रांची झारखंड।** तमाड़ प्रखंड अंतर्गत नवाडीह आजीविका महिला संकुल संगठन की वार्षिक आम सभा संपन्न हुआ। वार्षिक आम सभा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा तथा विशिष्ट अतिथि के रुप में पेड़ायडीह मुखिया अनिता देवी तथा डोमन सिंह मुंडा विशेष रूप से उपस्थित हुए जिनका भव्य स्वागत महिला समुह के बहनों के द्वारा किया गया। महिला दीदियों को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा ने कहा कि जेएसएलपीएस महिला सशक्तिकरण का एक महत्वाकांक्षी योजना है जिससे जुड़कर महिलाएं स्वालंबन और आत्मनिर्भर तथा जागरूकता के आगे बढ़ सकती है। महिला सहकारी समिति के माध्यम से बैंक से जुड़ती है । बैंक कम ब्याज दर पर सखी मंडल को ऋण उपलब्ध कराती है जिसके माध्यम से सखी मंडल की दीदी गण अपने समझदारी से कोई व्यवसाय करती हैं और आगे बढ़ती हैं। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि भारत की सर्वोच्च पद पर आसीन महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू हैं। देश की वित्तीय व्यवस्था को संभालने वाली महिला है । और ऐसे कई उदाहरण हैं जहां महिलाएं आत्मनिर्भरता के साथ सशक्त और मजबूत होकर आगे बढ़ रही है। हर क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़ रही। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी महिला सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं चला रहे हैं जिससे जूड़ कर महिलाएं आगे बढ़ सकती है। मुखिया अनिता देवी ने भी अपने वक्तव्य में महिला उत्थान के लिए कई जानकारियां दीं। वहीं सीएलएफ दीदी रानी परवीन, दीदी पंचमी,दीदी पार्वती ने वार्षिक कार्य योजना की विस्तृत जानकारी दिया। कार्यक्रम में होलिका देवी,चांदमनी देवी,ललिता देवी, विन्ध्येश्वरी देवी,पद्दा देवी, धनमनी देवी,रिबन कुमारी, सविता देवी,यज्ञश्वरी देवी, शुक्रमनी देवी,संज्योति देवी, अनिता देवी तारिणी देवी,उमेश्वरी देवी सहित सैकड़ों महिलाएं शामिल थीं।

## हिंदी को महारानी होना चाहिए किंतु बनी हुई है नौकरानी- पंडित भरत उपाध्याय



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा।** गंडक पार स्थित राजकीयकृत हरदेव प्रसाद इंटरमीडिएट कॉलेज मधुबनी के पूर्व प्राचार्य पंडित भरत उपाध्याय को हिंदी दिवस के पूर्व संध्या पर उनके शिष्यों द्वारा पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया। अपना उद्गार व्यक्त करते हुए प्राचार्य ने कहा कि अवकाश प्राप्ति के बाद सम्मानित होना अविस्मरणीय है, अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि किसी भी देश के कार्य संचालन का माध्यम उस देश की आम भाषा होती है।ज्यादातर विश्व के किसी भी देश में वहां की जनसाधारण के द्वारा बोली जाने वाली भाषा ही उस देश की कामकाज की भाषा होती है। हमारे देश भारत में जहां तक हिंदी बोलने का सवाल है और समझने में भी हिंदी आज दुनिया की नंबर एक भाषा है। दुनिया में कोई भी भाषा इसका मुकाबला नहीं कर सकती। संविधान के द्वारा धारा 343 हिंदी को राजभाषा बने आधि शदी से ज्यादा बीत गया है। इसके बावजूद भाषा विवाद आज भी वैसा ही बना हुआ है। 12 सितंबर 1949 में हिंदी भाषा को राजभाषा बनाने का प्रस्ताव एन० गोपाल स्वामी ने रखा जो खुद तमिल भाषी थे हिंदी भाषा को संविधान में भारत संघ की भाषा कहा गया राजभाषा का दर्जा दिया गया! इसे महारानी होना चाहिए था पर बनी हुई है नौकरानी! दक्षिण में हिंदी को समझने वाले लोग भी इसको बोलना नहीं चाहते। अंततः यह कहना सही होगा की सामान्य जन ही हिंदी की शैली और लिपि का चयन करें !इसके बाद ही यह एक भारतीय भाषा हो पाएगी।प्रकृति कितना महत्वपूर्ण संदेश देती है बस समझने और सोचने की बात है ।हिंदी हमारी मातृभाषा है, आज भारत में 60 करोड़ के ऊपर लोग इसका प्रयोग करते हैं। कहा जाए ,तो विश्व की विशिष्टतम भाषा हिंदी ही है।

## व्यवसायियों और प्रशासन के बीच संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**समस्तीपुर मोहम्मद सिराज।** बताते चलें कि इसकी अध्यक्षता सदर अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार ने की जबकि संचालन कैट के ज़िला अध्यक्ष व पूर्व पार्षद राहुल कुमार ने की । संवाद के दौरान व्यवसायियों ने शहर के व्यवसायियों को होने वाले कठिनाइयों से अवगत कराते हुए बताया की शहर के विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरा खराब पड़ा है जिसका सुचारू रूप से संचालन कराया जाए। व्यवसायियों ने वन वे में सुधार लाने की भी बात बताई।संवाद में सुनील अग्रवाल ने निगम हल्का के दुकानदारों की सुरक्षा पर चर्चा की जबकि दवा व्यवसाई विनोद कुमार राय ने इमर्जेंसी सेवा वाली गाड़ियों को वन वे में सुविधा देने की बात कही।संवाद में सदर एसडीओ और नगर थाना अध्यक्ष ने वयावसाइयों को आश्वासन दिया की उनके सुझाव पर उचित विचार करते हुए यथाशीघ्र करवाई की जायेगी।इस अवसर पर नगर थाना अध्यक्ष विक्रम आचार्य के अलावा सुनील कुमार, विनोद कुमार राय, राहुल कुमार, निर्मल केडिया, रमेश बोहरा, पारस जैन, ओम प्रकाश गुप्ता, राकेश तनेजा, भरत पालीवाल, राकेश राज, गोपाल सिंथानिया, बद्री गोयंका, सुमित कुमार, छेदीलाल, जेपी आर्या, किशोर, अनीस ,सुमन आदि लोग उपस्थित थे।

# पीड़िता की सुरक्षा की मांग को लेकर महिला संगठन नें की डीआईजी से मुलाकात



**दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चंद्र झा, सहरसा।** शहर के मेनहा स्थित स्कूल को बंद कर जांच करने तथा पीड़ित परिवार की सुरक्षा की मांग को लेकर बुधवार को महिला सुरक्षा सेवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रुही सिंह के नेतृत्व में डीआईजी सें मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई है।श्रीमति सिंह नें बताया कि महिला सुरक्षा सेवा संगठन के द्वारा पांच मांग की गई है।जिसमें शांतिनिकेतन स्कूल मेनहा को अविलंब बंद करने,दायर प्राथमिकी का स्पीड ट्रायल चलाने,इस कांड की जांच सीबीआई से कराने,संस्थान के निदेशक को गिरफ्तार करने तथा पीड़िता एवं परिवार की सुरक्षा देने की मांग शामिल है।वही अनुसंधान कर्ता के द्वारा पीड़िता एवं गवाहों के साथ डांट-फटकार भी किये जानें की डीआईजी से शिकायत की गई।उन्होंने कहा कि इस स्कूल के द्वारा वर्षों से इस तरह की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। जिसमें बहुत सारी लड़कियों के साथ इस तरह की घटना घट चुकी है।वे घुट घुट कर तिल तिल मानसिक अवसाद के शिकार हो रहे है।लेकिन सामाजिक लोक लाज के भय से अब तक अन्य मामले उजागर नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अपने बेटे को अच्छे संस्कार नहीं दे पाया वह अन्य बच्चों को क्या संस्कार दे रहे हैं।ऐसे संस्थान को बंद कर उच्चस्तरीय जांच कराई जाय।शिष्टमंडल में शामिल भाई सुधाकर ने कहा कि शांतिनिकेतन शिक्षण संस्थान में केवल लड़कियों के साथ ही नहीं बल्कि लड़कों के साथ भी अप्राकृतिक दुराचार किया गया है। इससे पूर्व भी 2021 में एक वीडियो वायरल हुआ था।लेकिन उस कांड को भी संस्थान की निदेशक के द्वारा पैसे एवं पैरवी के बल पर मामले को दबा दिया गया। महिला सुरक्षा सेवा संगठन के सदस्यों ने बताया कि स्कूल को बंद कर कड़ाई से निष्पक्ष जांच नहीं की जाएगी तो हम लोग आगे धरना प्रदर्शन कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का कार्य किया जाएगा।ज्ञात हो कि यौन शोषण के शिकार पीड़िता का इलाज कराया जा रहा है।इस मामले में दो लोगो की गिरफ्तारी भी हो चुकी है।वही परिवार को केस में मेल मिलाप को लेकर धमकी भी दी जा रही है।

### जीविका ग्राम संगठन में दी गई पोषण आहा, टीबी और पोषण की जानकारी



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो बेतिया, मझौलिया।** प्रखंड के दूधा मठिया गाँव मे सहयोग जीविका ग्राम संगठन में जीविका और केएचपीटी क सहयोग से पोषण आहार विविधता,टीबी एवं पोषण की जानकारी बुधवार को दी गयी। इसको लेकर आकर्षक रंगोली बनाकर सजाया गया जिसपर पहले दीप जलाई गई बाद में पोषण आहार विविधता के बाबत 10 अलग-अलग भोज्य पदार्थों को बेहतर तरीके से सजाकर आहार श्रृंखला की जानकारी जीविका की स्वास्थ्य एवं पोषण समन्यवक रेखा कुमारी द्वारा विस्तारपूर्वक दी गयी ताकि गर्भवती और धात्री महिला सहित नवजात शिशु का सही पोषण हो सके और कुपोषण से बचा जा सके।वही केएचपीटी के सामुदायिक समन्यवक डॉ घनश्याम ने बताया कि कुपोषण व टीबी का आपस मे गहरा संबंध है। कुपोषण सक्रिय टीबी रोग के प्रसार, बीमारी की गंभीरता को बढ़ाने, दवा विषाक्तता व दवा के असर को कम करने, इलाज के दौरान दवा छोड़ने के साथ ही टीबी रोगियों की मृत्यु दर में वृद्धि आदि का मुख्य कारण है। इस गंभीर समस्या को देखते हुए टीबी रोगियों को पोषण के लिए 500 रुपए सरकार की ओर से खाते में भेजी जाती है।डॉ घनश्याम ने बताया कि सही तरीके से आहार लेने से टीबी बीमारी का ख़तरा नही रहता है।वही इस दौरान दीदियों द्वारा टीबी एवं पोषण का श्रृंखला बनाकर जागरूक किया गया।कार्यक्रम में बूक कीपर सरिता कुमारी, सीएनआरपी रंजू देवी, सीएम सीमा देवी सहित दर्जनों मौजूद रहे।

### पालीगंज स्थित पीएचसी में किया गया बंध्याकरण शिविर का आयोजन




**संवाददाता, पालीगंज।** स्थानीय बाजार स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को बंध्याकरण शिविर का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार परिवार नियोजन को लेकर सरकार की ओर से बंध्याकरण कार्यक्रम चलाई जा रही है। जिसके तहत बुधवार को पालीगंज बाजार स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मिशन परिवार विकास अभियान कार्यक्रम के तहत बंध्याकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसके दौरान अलग अलग से आये 23 महिलाओं को बंध्याकरण किया गया। वही जानकारी देते हुए प्रबंधक प्रजीत कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम 11 सितंबर 2023 से 27 सितंबर 2023 तक चलाई जाएगी। मौके पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बिपिन कुमार ने परिवार नियोजन सम्बन्धी उचित परामर्श लोगो को दिया है। मौके पर पालीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बिपिन कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक प्रजीत कुमार, स्वास्थ्य कर्मी शशि कपूर व राहुल कुमार सहित अन्य महिला व पुरुष स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

### अवतरण दिवस का दो दिवसीय कार्यक्रम संपन्न हुआ



**राकेश जैन/ दैनिक शुभ भास्कर/राजस्थान/ उदयपुर।** हिरण मगरी सेक्टर न 5 में श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष गजेन्द्र भादावत ने बताया कि हमारे चल रहे चातुर्मास में मुनि श्री आर्ष कीर्ति महाराज का 10 सितंबर को अवतरण दिवस था जो की दो दिवसीय कार्यक्रम बहुत ही धूम धाम से समस्त उदयपुर और बाहर से पधारे गुरु भक्त मेहमानों के बीच मनाया गया और चातुर्मास कमेटी अध्यक्ष दिनेश कुमार पचौरी ने बताया है कि 9 सितंबर को एक शाम आर्ष कीर्ति के नाम भक्ति संध्या का आयोजन किया गया जिसने स्वर सम्राट वैभव सोनी , व उनकी टीम ने पूरे पंडाल में समा बांध दी , सभी भक्तो ने खूब भक्ति की दो दिवसीय कार्यक्रम में हमारे ट्रस्टी जिन्होंने बहुत सहयोग किया जिसमे रमेश जुसोत ,दिनेश वक्तावत, बदामीलाल वगेरिया, चेतन वगेरिया, अशोक जुसोट, चंद्र सगोटिया, महेंद्रगोदावत, इंदरमल नागदा एवम समस्त ट्रस्टीगन का आभार इसी संदर्भ में श्री चन्द्र प्रभु युवा मंच अध्यक्ष मनोज कुमार चंपावत ने जानकारी दी की 10 सितंबर को मुनि श्री का अवतरण दिवस था जो की बहुत ही धूमधाम से दोपहर 12.15 बजे से मनाया गया जिसमे राजस्थान सरकार के मंत्री महेंद्र जीत सिंह मालवीय , दिनेश खोड़निया , जगदीश राज श्रीमाली ,और हमारे लोकप्रिय युवा नेता जन जन के लाडले जिनेन्द्र शास्त्री और हमारे स्थानीय पार्षद मुकेश शर्मा ने इस कार्यक्रम में पधार कर गुरुदेव का आशीर्वाद लिया।

### मानवता की भलाई के अनेक कार्य किए

**विशाखा व्यास /दैनिक शुभ भास्कर/राजस्थान/उदयपुर।** भगवती एण्ड भगवती चैरिटेबल ट्रस्ट उदयपुर द्वारा ट्रस्ट संस्थापिका स्वर्गीय भगवती देवी चौधरी की चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर पर अनेक सेवा कार्य किये गए। ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी नरेश पूर्बिया ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा श्री खेरज माता मंदिर परिसर सवीना और श्री निखिलेश्वर महादेव मंदिर सेक्टर 9 उदयपुर पार्क में दो-दो बेंचे भेंट कि गई। जिसका अध्यक्ष योगेश चौधरी द्वारा लोकार्पण किया । ट्रस्ट द्वारा शिव शंकर गौशाला में गायों को हरा चारा खिलाया गया। सवीना में बाबा रामदेव के भक्तों के भण्डारे में हेतु 5100 रुपए का राशन खाद्य सामग्री भेंट की। इस अवसर पर ट्रस्ट के सचिव भूपेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष उपेंद्र चौधरी, कोषाध्यक्ष , गायत्री चौधरी, सहसचिव चंद्रकला चौधरी और सह कोषाध्यक्ष रेनू चौधरी, पार्षद ओमप्रकाश गौड़ उपस्थित थे।

**आयोजन** सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट द्वारा बच्चों को संविधान की सामान्य जानकारी से अवगत कराने की पहल

# संविधान आधारित सामान्य ज्ञान परीक्षा में चयनित बच्चो को किया गया पुरस्कृत



**वाराणसी।** संविधान के बारे मे बच्चों को सामान्य जानकारी से अवगत कराने के उद्देश्य से विभिन्न विद्यालयों के कक्षा आठ से दस के छात्रों के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम के तहत बुधवार को सुभाष इंटर कॉलेज चौबेपुर के चयनित 37 बच्चों को पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर आशा ट्रस्ट के समन्वयक वल्लभाचार्य पाण्डेय ने कहा कि बच्चों को संविधान की प्रमुख विशेषताओं को जानना चाहिए जिससे वे बड़े होकर जनहित में आम जन को जागरूक कर सकें। और अपने अधिकारों के साथ साथ कर्तव्यों के प्रति भी सचेत रहें।सुभाष इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डॉ भानु प्रताप चतुर्वेदी ने कहा कि संविधान में निहित प्रमुख तत्वों को विद्यार्थी जीवन से ही अवगत कराने की दिशा में संस्था का यह प्रयास उल्लेखनीय है, खेल खेल में ही बच्चे संविधान के बाबत जो जानकारी हासिल कर लेंगे वह उनके लिए जीवन भर उपयोगी रहेगी।सामाजिक कार्यकर्त्ता मनोज यादव ने कहा हम विभिन्न विद्यालयों में इस प्रकार गतिविधि का संचालन कर रहे हैं जिससे बच्चो का आत्मविश्वास बढ़े और वे भविष्य के जागरूक नागरिक बन सकें।सभी चयनित बच्चों को संस्था की तरफ से प्रशस्ति पत्र एवं पुस्तकें देकर सम्मानित किया गया. प्रतियोगिता में विद्यालय के रौनक सोनकर, विवेक चौहान,सुजीत सोनकर, नितिन पाण्डेय विकास यादव, काजल सरोज और रोली से संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया।आयोजन में मनोज यादव, पिंटू, रवि प्रताप सिंह, संजय सिंह सहित सभी शिक्षकों का सहयोग रहा।

### 36 घंटे में पीएसआई लक्ष्मी कुमारी ने अपहरण लड़की को किया बरामद

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो बेतिया।** साठी पुलिस ने लड़की अपहरण मामले में 36 घंटे में पीएसआई लक्ष्मी कुमारी ने लड़की को किया बरामद । मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गाव से वीते सात सितंबर को शादी की नीयत से एक लड़की की अपहरण की घटना घटी है। मामले में लड़की के पिता ने साठी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एफआईआर में चनपटिया थाना के महीया गाव निवासी संदीप ठाकुर, जितेन्द्र ठाकुर,राम बाबू ठाकुर समेत पांच को आरोपित किया है।इस संदर्भ में साठी थानाध्यक्ष उदय कुमार ने बताया की लड़की अपहरण मामले में पांच पर प्राथमिक दर्ज किया गया है हालांकि इस मामले अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। अलबत्ता अपहृत लड़की को बरामद कर लिया गया है ।आरोपी अभी फरार है।पुलिस मामले में संलिप्त आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। इधर लकड़ी को अपने कब्जे में लेकर बेतिया मेडिकल कराया जा रहा हैं। पुलिस ने मारपीट के मामले में धोबनी परसौनी से दो को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

# डेंगू से बचाव को लेकर किए जा रहे कार्यों का किया जा रहा है अनुश्रवण




**मो. सदरे आलम नोमानी सीतामढी।** डेंगू के प्रसार पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर स्वास्थ्य विभाग की तैयारी हर स्तर पर मुकम्मल है। जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में दो-दो बेड के मच्छरदानी युक्त डेंगू वार्ड बनाए गए हैं । वहीं सदर अस्पताल में 10 डेडीकेटेड बेड बनाया गया है जिला अस्पताल में एलिसा टेस्ट की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। डेंगू बुखार के क्लीनिकल प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय दिशा निर्देशों के अनुरूप सभी तरह की निरोधात्मक एवं सतर्कता मूलक कार्रवाई की जा रही है। प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप नगर निगम तथा नगर निकायों द्वारा शहरी क्षेत्र में फागिंग तथा टेमीफॉस का छिड़काव किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र में नगर निगम के द्वारा 20 टीमे बलगाई गई है। वही नगर निगम द्वारा सभी वार्डों में जल जमाव वाले जगह पर लार्वीसाइडल का भी छिड़काव कराया जा रहा है। डीएम ने की बैठक कर स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम को दिए महत्वपूर्ण निर्देश। डीएम मनेश कुमार मीणा ने आज स्वास्थ्य विभाग के वरीय पदाधिकारियों एवं नगर आयुक्त के साथ डेंगू के प्रसार पर प्रभावी नियंत्रण करने के मद्देनजर किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की एवं निर्देश दिया कि स्वास्थ्य विभाग, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, नगर आयुक्त तथा सभी नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी डेंगू के प्रसार पर नियंत्रण के मद्देनजर पूरी गंभीरता के साथ कार्य करते हुए सतत प्रयत्नशील रहे। सभी भागीदार स्टेक होल्डर आपस में समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई करें। निर्देश दिया कि आशा कार्यकर्ताओं द्वारा डेंगू- प्रवण क्षेत्र में सघन अभियान चलाया जाय। जनसमुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करें। निर्देश दिया चिन्हित मरीज के इलाज में किसी भी तरह की असुविधा न हो। कहा की एंटी लार्वा का छिड़काव नियमित रूप से हर जगह करवाया जाए। निर्देश दिया कि डेंगू को मात देने के लिए नियमित रूप से आईईसी एवं बीसीसी अभियान चलाएं। आम जन को जागरुक कर सकारात्मक स्वास्थ्य व्यवहारों को प्रोत्साहित करें।

## ख़ास ख़बर

### राष्ट्र सेवा मिशन के सुगौली प्रखंड अध्यक्ष बने राजू कुमार सहनी

**सुगौली, एम के पाण्डेय।** राष्ट्र सेवा मिशन के प्रदेश अध्यक्ष जीतेन्द्र नीरज ने सुगौली के राजू कुमार पासवान की सेवा क्षमता को देखते हुये सुगौली का अध्यक्ष मनोनीत किया है।पत्र के आलोक मे इन्हें एक माह के अंदर संगठन का गठन पंचायत स्तर पर करके प्रदेश अध्यक्ष के साथ जिला अध्यक्ष को भी जानकारी देनी है। प्रखंड अध्यक्ष बनाये जाने पर काफी लोगों ने बधाई दी है।बधाई देनेवालों मे जोखन राम बृज किशोर , सजावल पासवान,शंकर तुरहा एवं अन्य है।

### किशनगंज पुलिस द्वारा बहादुरगंज थाना क्षेत्र के अपहृत एक नाबालिग लड़की को किया गया बरामद

**दैनिक शुभ भाष्कर, अजमल अख्तर।** बहादुरगंज थाना क्षेत्र के एक नाबालिग लड़की के माता-पिता ने अपनी नाबालिग पुत्री के दिनांक 09.09.2023 को रात्रि में अपने गांव के किसी लड़के के द्वारा अपहरण कर लिये जाने एवं उनकी बरामदगी हेतु एक आवेदन बहादुरगंज थाना में दिया गया था। थानाध्यक्ष, बहादुरगंज थाना द्वारा उक्त आवेदन पर कांड दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। किशनगंज पुलिस द्वारा कांड का तकनीकी अनुसंधान करते हुए नाबालिग अपहृता एवं विधि-विरूद्ध बालक को 72 घंटे के अंदर पश्चिम बंगाल नेपाल सीमा स्थित पशुपति फाटक के समीप से बरामद किया गया। तत्पश्चात् अपहृता नाबालिग लड़की एवं विधि-विरूद्ध बालक को किशोर न्याय परिषद्, किशनगंज के समक्ष उपस्थापित किया गया। तत्पश्चात् विधि-विरूद्ध बालक को पर्यवेक्षण गृह अररिया भेजा गया तथा अपहृता को उनके माता-पिता को सुपुर्द किया गया।

### मृतक एस एसबी जवान धर्मेंद्र प्रसाद के परिजनों से मिलकर उन्हें संतावना दी और दरवाजे पर शोकसभा कर श्रद्धांजलि दी



**मोतिहारी, अशोक वर्मा।** जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष ई० शशिभूषण राय उर्फ गप्पू राय के नेतृत्व में पूर्वी चम्पारण जिला कांग्रेस कमिटी के सदस्य बनकटवा प्रखण्ड क्षेत्र के बगहा गांव निवासी जगदीश प्रसाद कुशवाहा के 40 वर्षीय पुत्र एसएसबी जवान धर्मेन्द्र कुमार जिनकी हत्या गोली मार कर दी थी, के पैतृक गांव बगहा पहुंच कर जवान के परिजनों से मुलाकात किया। ई० गप्पू राय ने कहा कि एस एस बी जवान के असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया हैं। मनचलों के द्वारा किया गया यह हत्या निंदनीय एवं बहुत ही दुखद घटना हैं। देश के जवान की हत्या देशद्रोह हैं,इस घटना को अंजाम देने वाला कोई भी अपराधी हो उसे कठोर सजा मिलनी चाहिए। जिलाध्यक्ष ने अनुमंडल पदाधिकारी एवं जिला प्रसासन के अधिकारियों टेलिफ़ोनिक बात कर घटना से अवगत कराकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिला कांग्रेस कमिटी कि पुरी टीम कानुनी कार्रवाई के लिए पुरा सहयोग करेगी।भारत सरकार एवं बिहार सरकार से मृतक परिवार को नौकरी , बच्चों की पढ़ाई लिखाई की व्यवस्था,मुआवजा एवं अपराधियों पर कार्रवाई के लिए पत्र लिखा जायेगा ताकि मृतक परिवार को न्याय मिल सकें और आगे कोई दुसरा अपराधी ऐसी घटना करने का हिम्मत नहीं करें। मृतक एस एस बी जवान के आत्मा कि शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया गया। इस मौके पर कांग्रेस नेता प्रो० विजयशंकर पाण्डेय, मुमताज अहमद, अखिलेश्वर प्रसाद यादव उर्फ भाई जी, टुन्नी सिंह,अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ ० ज्याउल हक, कांग्रेस नेत्री जिला परिषद् सदस्य किरण कुशवाहा, माला ठाकुर, बिन्टी शर्मा, कांग्रेस नेता मुनमुन जयसवाल, विजयकांत त्रिपाठी, ऋषि सिंह, मो० तम्माना आबिद हुसैन, एकबाल जफीर, जिला परिषद् सदस्य शाबीर हुसैन, मिन्टु खां, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मनोज यादव,रूमा खां, उमाशंकर यादव, राजकुमार कुशवाहा सहित दर्जनों नेता उपस्थित रहें।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक भाजपा सेवा पखवाड़ा के रूप में मनायेगी



**मोतिहारी, अशोक वर्मा।** बुधवार को गांधी कॉम्प्लेक्स स्थित भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष प्रकाश अष्ठाना , पूर्व विधायक सचिंद्र प्रसाद सिंह एवं नगर निगम के डिप्टी मेयर डॉक्टर लालबाबू प्रसाद की उपस्थिति में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया । प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते बिहार प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष सरोज रंजन पटेल ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन 17 सितंबर से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती 2 अक्टूबर तक भाजपा सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएगी। इस बीच विभिन्न स्तर पर जनता के बीच सेवा कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ता जाएंगे और सेवा के साथ-साथ भाजपा द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी देंगे । बापू के सत्य और अहिंसा के संदेश से भी जनता को अवगत कराएंगे । जिला अध्यक्ष प्रकाश अस्थाना ने कहा कि चंपारण की भूमि विश्व स्तर पर बापू की कर्म भूमि के रूप में प्रसिद्ध है ।यहीं से बापू ने सफल चंपारण सत्याग्रह आंदोलन चलाया था ।उक्त मौके पर मोदी जी जो बापू के सपनों को साकार करने में लगे हुए हैं इसकी भी जानकारी आम जनता को दी जाएगी।

अर्धनिर्मित मंदिरों को पूर्ण करने का ग्रामीणों संग लिया संकल्प, सिलवार खूर्द के सर्पदंश के मृतक के परिजनों को सौंप नमो श्राद्ध कीट

# सदर विधायक ने भेलवाटांड़, रोला और सिलवार का किया सघन दौरा

**हजारीबाग दैनिक शुभ भास्कर/ सोहेल किरमानी।** हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने बुधवार सदर प्रखण्ड के कई गांवों का सघन दौरा किया और स्थानीय लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए। उन्होंने अपने दौरे की शुरूआत बड़ासी पंचायत के जगदीशपुर ग्राम स्थित भेलवाटांड़ टोले से किया जहां उनके पहुंचने पर पुरे टोले के करीब 100 घरों के क़रीब 350 बच्चे- बूढ़े, नौजवान, महिला-पुरुषों ने घर से निकलकर विधायक मनीष जायसवाल का फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। यहां विधायक मनीष जायसवाल ने ग्रामीणों के आग्रह पर पिछले तीन वर्षों से अर्धनिर्मित शिव मंदिर का निरीक्षण कर जायजा लिया और ग्रामीणों संग जल्द ही इस अर्धनिर्मित मंदिर के निर्माण कार्य को पूर्ण करने का हाथ उठाकर संकल्प लिया। यहां ग्रामीणों के साथ बड़का डैम तालाब का भी जायजा लिया और जज इसके गहरीकरण की दिशा में सकारात्मक प्रयास करने का वादा किया। यहां से वे ग्राम रोला पहुंचें जहां रोला शिव मंदिर प्रांगण में नवनिर्माणाधीन बजरंगबली मंदिर का निरीक्षण कर जायजा लिया और इसके निर्माण में हरसंभव सहयोग का भरोसा जताया। तत्पश्चात विधायक मनीष जायसवाल ग्राम सिलवार खूर्द पहुंचे यहां सर्प दंश के शिकार हुए मृतक सुनिल विश्वकर्मा के शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उनका ढांढस बंधाया और



तत्काल नमो श्राद्ध कीट भेंट कर सहयोग किया। ज्ञात हो की मृतक की पांच बेटियां और पत्नी हैं । मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने बताया की क्षेत्र के विकास और जनसेवा के साथ अपने धर्म- संस्कृति की रक्षा के लिए सदैव तत्पर और प्रयत्नशील रहते हैं। जगदीशपुर ग्राम के भेलवाटांड़ टोला गरीब दलित बस्ती है जिसमें रोज कमाने- खाने वाले लोग निवास करते हैं ऐसे में उनके द्वारा शुरू किया गया शिव मंदिर का पहल सराहनीय है। इस अर्धनिर्मित मंदिर को पूर्ण करने का संकल्प हम सभी ने लिया है समाज के सहयोग से इसे जल्द बनाएंगे । मौके पर विशेषरूप से सदर प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार, भाजपा एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी, अमनारी मुखिया कृष्णा मेहता, सिंघानी पंचायत समिति सदस्य दिनेश यादव, महेश प्रसाद, पूर्व पंचायत समिति सदस्य बिरजू प्रसाद मेहता, बननी राम, अर्जुन राम, सामेंद्र सिन्हा, बैजनाथ राम, रामचंद्र राम, मनु राम, सुनील राम, राजेश राम, दीपक राम, मुरारी राम, नकुल राम, शम्भू राम, अर्जुन राम, रंजन राम, सूरज राम, शोभा रानी, कलावती देवी, संगीता देवी, लक्ष्मी देवी, नेमि देवी, अनीता देवी, साबिया देवी, किरण देवी, ललिता देवी, मुनिया देवी, उर्मिला देवी, स्वा देवी, सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## अगर सरकार उर्दू को वाजिब अधिकार नहीं देती है तो एमआईएम उर्दू के अधिकार के लिए कोर्ट जाएगी



**किशनगंज, (अली रज़ा सिद्दीकी)।** मजलिस इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक अख्तरूल ईमान ने बिहार सरकार के उर्दू को भूलने के रवैये की कड़ी आलोचना की है और कहा है कि वर्तमान सरकार हर तरह से उर्दू की अनदेखी कर रही है. लगातार हो रही मांग और विरोध को नजरअंदाज कर वे बिहार की दूसरी राजभाषा उर्दू को बढ़ावा देने के रास्ते में रोड़ा अटका रही है जो बिहार की दो करोड़ उर्दू आबादी के लिए असहनीय है। कहा कि अगस्त 2018 से बिहार उर्दू अकादमी और बिहार उर्दू सलाहकार समिति का पुनर्गठन नहीं किया गया है। शिक्षा विभाग ने जुलाई 2020 को एक पत्र जारी कर हाई स्कूलों में उर्दू की पढ़ाई को अनिश्चित कर दिया है। प्राथमिक विद्यालयों में उर्दू शिक्षकों की कमी के कारण 40,000 बच्चे मातृभाषा की शिक्षा से वंचित हैं।उर्दू अखबारों को हिंदी में विज्ञापन दिया जाता है। स्पेशल टीईटी उर्दू के 12 हजार अभ्यर्थी अपने रिजल्ट का इंतजार कर रहे हैं और आठ साल से दरबदर ठोकरें खा रहे हैं। सहायक उर्दू अनुवादक की परीक्षा देने के बाद उनका पुनर्वास दो साल से लंबित रखा गया है।उर्दू अनुवादक के 32 पद खाली हैं। स्कूलों में उर्दू की किताबें उपलब्ध नहीं होने के कारण बच्चे हिंदी भाषा में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। सरकारी संस्थानों से उर्दू नेमप्लेट और साइनबोर्ड गायब हो रहे हैं। श्री अख्तरूल ईमान का कहना है कि सरकार जिस तरह से अल्पसंख्यक मुद्दों और उर्दू भाषा से सौतेला सलूक कर रही है वह मुस्लिम अल्पसंख्यक और उर्दू आबादी के लिए असहनीय है। जिससे उन्हें निराशा और नाराजगी है। उन्होंने आगे कहा कि उर्दू संगठनों और मेरी बार-बार मांग के बावजूद बिहार सरकार ध्यान नहीं दे रही है.

## किशनगंज के सेंट जेवियर्स स्कूल में शतरंज प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया

**किशनगंज (अली रेजा सिद्दिकी)।** शतरंज खेल के अंतर्राष्ट्रीय नियामक संस्था फिडे द्वारा तैयार की गई अंतर्राष्ट्रीय शतरंज प्रशिक्षण योजना "चेस- इन-स्कूल" के तहत जिला शतरंज संघ द्वारा रुईधासा चर्च कैंपस में अवस्थित सेंट जेवियर्स हिंदी मीडियम स्कूल में बुधवार से शतरंज प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया जिसे अब नियमित रूप से चलाया जाएगा। संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि विद्यार्थियों के लिए इस खेल की उपयोगिता को समझते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय तिर्की ने जिला शतरंज संघ को अपने विद्यालय में इस योजना को लागू करने हेतु आमंत्रित किया। इस योजना के तहत विद्यालय के सहयोग से किसी अंतर्राष्ट्रीय मान्यताप्राप्त शतरंज प्रशिक्षक फिडे इंस्ट्रक्टर की देखरेख में विद्यालय के इच्छुक छात्र-छात्राओं



को नियमित रूप से इस खेल का निःशुल्क विधिवत शतरंज प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया जाता है। महासचिव श्री दत्ता ने आगे बताया कि संघ द्वारा प्रतिनियुक्त अपने जिले के एकमात्र फिडे इंस्ट्रक्टर कमल कर्मकार ने बुधवार से इस विद्यालय के इच्छुक छात्र-छात्राओं को इस खेल का विधिवत प्रशिक्षण देना प्रारंभ कर दिया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षुओं में प्रीतम एक्का, डेविड टोप्पो, पूजा मरांडी, आनंद किंडो, जोहन हांसदा, साक्षी खालखो ,सोनी बड़ा, सूरज सोरेन, आशिमा डुंगडुंग सहित 100 से अधिक विद्यार्थीगण शामिल थे।

## 11 सूत्री मांगों से संबंधित पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**हज़ारीबाग दैनिक शुभ भास्कर/ सोहैल किरमानी।** दुर्गा सोरेन सेना के बैनर तले 11 सूत्री मांगों को लेकर सिमरिया अनुमंडल में हजारों कार्यकर्ता पदाधिकारी रैली और प्रदर्शन किया रेली आंदोलनकारी नेता कैलाश सिंह के घर से सिमरिया के विभिन्न चौक चौराहा से होते हुए अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गई जिसका नेतृत्व जिला अध्यक्ष धनेश्वर गंझु एवं संचालन संतोष नायक ने किया रैली में बहुत सारे कार्यकर्ता पदाधिकारी हजारों की संख्या में जूटे सभी ने ढिशुम गुरु शिबू सोरेन जिंदाबाद सीता सोरेन जिंदाबाद राजश्री सोरेन जिंदाबाद जय श्री सोरेन जिंदाबाद सिमरिया अनुमंडल को अकाल क्षेत्र घोषित करो सिमरिया अनुमंडल में प्रखंड अंचल कार्यालय में हो रहे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाओ के नारे के साथ सिमरिया अनुमंडल कार्यालय पहुंचे इस नुक्कड़ सभा में केंद्रीय प्रवक्ता राज किशोर कमल ने कहा कि दुर्गा सोरेन सेना एक सामाजिक संगठन है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक हम लोग पहुंचने का काम करेंगे आज जो भ्रष्टाचार चरम पर है उसे पर यदि लगाम नहीं लगाया गया आने वाले दिनों में चतरा मुख्यालय से लेकर रांची की सड़कों पर हम लोग आंदोलन करेंगे आज हजारों की संख्या में है कल





20000 की संख्या में आंदोलन करने का काम करेंगे मुख्य अतिथि युवा मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष विशाल वाल्मीकि भी अपना वक्तव्य रखें बहुत सारे वक्त ने अपनी अपनी बातों को रखा जिला अध्यक्ष धनेश्वर गंझु ने कहा कि हम तमाम साथी एक हैं गरीबों पर अत्याचार हम बर्दाश्त नहीं करेंगे गरीबों को इंदिरा आवास बिरधा पेंशन विधवा पेंशन मिलना चाहिए संतोष नायक ने कहा कि पूरे टंडवा कोलांचल में अगर स्थानीय आदमी को कंपनी द्वारा नहीं रखा गया तो हम लोग पूरे कोलांचल में भी आंदोलन करेंगे इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह केंद्रीय कार्यालय प्रभारी संगठन सचिव सुभाष सिंह आंदोलनकारी नेता कैलाश सिंह केंद्रीय सचिव मनोज राणा केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रकाश राम केंद्रीय उपाध्यक्ष दिनेश सिंह पांडे महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनीमा कुजूर महासचिव गौरी देवी इटखोरी प्रखंड अध्यक्ष राजू ठाकुर इटखोरी प्रखंड सचिव जयकुमार प्रसाद रजक मयुरंडध प्रखंड सचीव दिनेश यादव जिला उपाध्यक्ष सुगन साव शुकर मुनी पुष्पा देवी टंडवा प्रखंड अध्यक्ष मिश्रा पासवान योगेश्वर भोक्ता मधु लता देवी हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित है।

### प्रशिक्षु आईएएस का एक माह का कोषागार कार्यालय का प्रशिक्षण हुआ पूर्ण



**हजारीबाग दैनिक शुभ भास्कर/ सोहेल किरमानी।** सरकार के अवर सचिव, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के पत्र संख्या 2933 दिनांक 22.05.2023 तथा उपायुक्त, हजारीबाग के आदेश ज्ञापांक 669 दिनांक 13.06.2023 के द्वारा सुलोचना मीणा,भा०प्र०से० (2022-24 बैच) परीक्ष्यमान, सहायक दण्डाधिकारी एवं सहायक समाहर्त्ता,हजारीबाग का चार सप्ताह (दिनांक 17. 07.2023 से 20.08.2023 तक) का कोषागार प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण हुआ। कोषागार पदाधिकारी उज्जवल चौरसिया ने बताया कि प्रशिक्षण अवधि में इनका कार्य उत्कृष्ट रहा। प्रशिक्षण के दौरान सुलोचना मीणा,भा०प्र०से० के द्वारा कोषागार में विपत्रों को पारित करने की प्रक्रिया, ऑनलाईन विपत्रों को निष्पादित करने की प्रक्रिया, निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की वित्तीय जिम्मेवारियाँ, अकेक्षण दल द्वारा की गई आपत्तियों के निष्पादन एवं इससे संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ हासिल की। उक्त प्रशिक्षण के आलोक में उपायुक्त को संज्ञान में देते हुए आज दिनांक 13.09.2023 को उज्जवल कुमार चौरसिया,कोषागार पदाधिकारी के द्वारा सुलोचना मीणा, भा०प्र० से० को कोषागार प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

### प्रमंडलीय आयुक्त ने किया प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार की बैठक



**हजारीबाग दैनिक शुभ भास्कर/ सोहेल किरमानी, हजारीबाग।** उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार हजारीबाग की बैठक आयुक्त-सह-अध्यक्ष उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग के कार्यालय कक्ष में आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल आयुक्त श्रीमती सुमन कैथरिन किस्पोट्टा द्वारा की गई। कल की बैठक में परिवहन प्राधिकार के शेष लंबित मामलों पर विचार किया गया। जिसमें सरकार द्वारा निर्धारित मार्गो पर वातानुकूलित डीलक्स बस सेवा, सवारी परमिट नवीकरण, समय सारणी संशोधन एवं सवारी परमिट प्रतिहस्ताक्षर आदि से संबंधित कुल 212 आवेदन पत्रों पर विचार-विमर्श किया गया। 2 दिनों (दिनांक 12.092023 एवं 13.09.2023) से चल रही उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार की बैठक का आज समापन हुआ। आज की बैठक में मुख्य रूप से वातानुकूलित बसों की परमिट प्रतिस्थापन की अवधि बढ़ाने पर विचार करते हुए विभाग से मार्गदर्शन प्राप्त करने का निर्णय आयुक्त सह अध्यक्ष महोदया द्वारा लिया गया। साथ ही एनटीपीसी के अंतर्गत त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड में परिचालित वाहन जिन्हें क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार द्वारा सवारी परमिट निर्गत किया गया है उन सवारी परमिट पर स्पष्टीकरण मांगने का निर्णय लिया गया है। प्राधिकार के द्वारा बैठक में प्रमंडल अंतर्गत आने वाले 7 जिलों (हजारीबाग, रामगढ़,कोडरमा,चतरा, बोकारो, गिरिडीह एवं धनबाद) के यात्री वाहनों से संबंधित परमिट, समय एवं अन्य कार्यों का निष्पादन किया गया। बैठक में उप परिवहन आयुक्त सह सचिव उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार श्री रवि राज शर्मा उपस्थित थे। इसमें सरकार द्वारा नामित सदस्य श्री शहनवाज अंसारी एवं श्री मंटू यादव ने भाग लिया।

### सांसद जयंत सिन्हा ने बड़कागांव पूर्वी में किया जनसंवाद व सड़कों का शिलान्यास



**हजारीबाग दैनिक शुभ भास्कर/ सोहेल किरमानी।** सांसद सह अध्यक्ष वित्त सम्बन्धी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा ने 13 सितंबर को हजारीबाग लोकसभा के बड़कागांव पूर्वी मंडल का दौरा किया। वे यहां विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। जयंत सिन्हा ने बादम चौक व उरेज ग्राम में सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत टी-04-टी-03 से पसरिया तक 13.22 करोड़ से लगभग 12 किमी लंबी सड़क का और उरीमारी से आंगो होते हुए तलसवार तक 8.42 करोड़ से लगभग 11 किमी लंबी सड़क का निर्माण होगा। जयंत सिन्हा ने आंगो, कोयलंग दीपदहा व परेवातरी ग्राम में जनसंवाद कर लोगों की समस्याओं के निवारण के लिए दिशा-निर्देश दिए। वे प्रतिदिन क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में जनसंवाद कर रहे हैं, जहाँ बड़ी संख्या में जनता उपस्थित होती है। सांसद द्वारा तत्काल उनकी आवश्यकताओं की पूर्ती की जाती है। जयंत सिन्हा ने कहा कि हज़ारीबाग संसदीय क्षेत्र के निवासियों को कोई समस्या न आये इसके लिए मैं दिन-रात कार्यरत हूँ। जनता को हर बुनियादी सुविधा मिले, यह सुनिश्चित करवा रहा हूँ। प्रधानमंत्री मोदी जी की सरकार सबका साथ, सबका विकास के मूलमंत्र से कार्य कर रही है। इसी का परिणाम है कि आज हर क्षेत्र व वर्ग उन्नति कर रहा है। क्षेत्रवासियों से मुलाकात व संवाद कर मुझे बेहद ख़ुशी होती है। उनका जीवन खुशहाल रहे, मेरा यही प्रयास है।

कार्यक्रम | मंदिर परिसर में 14 तारीख को होगा भव्य मंगल पाठ का आयोजन

# तीन दिवसीय भादी महोत्सव के प्रथम दिन मेहंदी उत्सव का हुआ आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर/सोहेल किरमानी हजारीबाग।** हजारीबाग शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में धार्मिक उत्सव आयोजित किया जा रहे हैं इसी बीच शहर के मालवीय मार्ग स्थित राणी सती मंदिर में तीन दिवसीय भादी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया है जिसके पहले दिन मेहंदी उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। दादी भक्तों ने दादी को मेहंदी लगाई। साथ ही महिलाओं ने अपने हाथों में दादी नाम की मेहंदी रचाई। यूं तो जब बेटी अपने घर की ओर प्रस्थान करती है तब हाथों में मेहंदी लगा कर सोलह श्रृंगार कर घर को जाती है दादी के आगमन से पूर्व, दादी की बेटियों ने अपने हाथों से दादी को मेहंदी रचाकर, दादी का स्वागत



किया । इसी बीच सभी महिलाएं दादी नाम के कई भजन प्रस्तुत की। महिलाओं में कार्यक्रम को लेकर अति उत्साह नजर आ रहा था। महिलाएं दादी मंदिर में कार्यक्रम को लेकर जुटी रही। कार्यक्रम से संबंधित हर एक छोटी सी छोटी चीजें का बेहतर ध्यान रख रही थी। ताकि तीन दिवसीय भादी महोत्सव में कोई त्रुटि ना रह जाए। तो वही कमेटी के पदाधिकारियों एवं समस्त दादी भक्तों में कार्यक्रम को लेकर एक अलग ही जुनून बन चुका है। सभी कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने में जुटे हुए हैं। तीन दिवसीय भादी महोत्सव हजारीबाग में ऐतिहासिक रूप से संपन्न होगा वही भादी महोत्सव के दूसरे दिन 14 तारीख को राणी सती मंदिर परिसर में भव्य मंगल पाठ का आयोजन किया गया है। मंगल पाठ मे मुंबई के सुप्रसिद्ध भजन गायक हजारीबाग शहर के बेटी दामाद सुशील बजोरिया एवं विनीता बजोरिया के द्वारा भजन प्रस्तुत किया जाएगा। वही 15 तारीख को प्रातः 5:30 बजे मंगला आरती, प्रातः 6:00 बजे पाटा पूजन वही संध्या 6:00 बजे भजन संध्या एवं 6:30 बजे महा आरती के साथ तीन दिवसीय भादी महोत्सव संपन्न होगा। मौके पर दादी भक्तों ने कहा कि कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह है दादी की असीम कृपा और आशीर्वाद से महोत्सव ऐतिहासिक रूप से संपन्न होगा।

# भारत की दैवी संस्कृति के समक्ष अपसंस्कृति को भस्म होना हीं है : डॉ. नीतू कुमारी नूतन

**मोतिहारी अशोक वर्मा।** भारत की समृद्ध कला व सांस्कृतिक विरासत को अपनी प्रतिभा की बदौलत दुनिया के देशों में नयी पहचान दिलाने वाली अंतरराष्ट्रीय ख्यातिलब्ध गायिका, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड, भारत सरकार की वरीय सदस्य व चंपारण की बेटी डॉ. नीतू कुमारी नूतन का मंगलवार को गांधी संग्रहालय द्वारा अभिनंदन सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। डॉ. नूतन ने सर्वप्रथम गांधी के स्तूप पर माल्यार्पण किया। गांधी संग्रहालय के सभागार में आयोजित समारोह में सचिव व पूर्व मंत्री ब्रजकिशोर सिंह ने आगत अतिथियों को सूत की माला से स्वागत किया। समारोह की अध्यक्षता बिहार की लब्धप्रतिष्ठ चिकित्सक डॉ. चंद्रलता झा ने की, जबकि संचालन वरीय संस्कृतिकर्मी संजय पाण्डेय ने किया। भारत की पारंपरिक लोक कला, मौलिक कला- संस्कृति व साहित्य को दुनिया के देशों में नयी प्रतिष्ठा दिलाने, अपसंस्कृति व अश्लीलता के खिलाफ संघर्ष करने तथा स्थापित कलाकार को सम्मान दिलाने व नयी प्रतिभाओं को समुचित अवसर उपलब्ध कराने को लेकर डॉ.नूतन के अतिविशिष्ट योगदान को लेकर गॉधी संग्रहालय द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। संग्रहालय के सचिव ब्रजकिशोर सिंह ने डॉ. नूतन को अंगवस्त्रम, पुष्पगुच्छ व मेमेंटो प्रदान





कर सम्मानित किया। अपने संबोधन डॉ.नूतन ने कहा कि भारत के मौलिक कला व संस्कृति को दुनिया में प्रतिष्ठापित करने के प्रयासों को लेकर गांधी संग्रहालय द्वारा उन्हें सम्मानित किया जाना उनके लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि गांधी के ऐतिहासिक स्थल से हमें संकल्प लेना होगा कि हम कला, संस्कृति में व्याप्त अश्लीलता व अपसंस्कृति को दूर भागाकर एक नया भारत बनाऐंगे। अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. चन्द्रलता झा ने कहा कि डॉ.नूतन ने जीवन में कभी भी गलत से समझौता नहीं किया ।भारत की मूल स्वच्छ कला, संस्कृति को दुनिया में स्थापित कर एक मिशाल कायम की है। उन्होंने कहा प्रत्येक युवा पीढ़ी को डॉ.नूतन के जीवन से प्रेरणा ले अपना कैरियर निर्माण करना चाहिए। गांधी संग्रहालय के सचिव ब्रजकिशोर सिंह ने कहा कि डॉ.नूतन ने अपनी सांस्कृतिक विरासत के मौलिक गुण-तत्त्वों को वैश्विक स्तर पर ऊंचाइयां दी तथा उन्होंने बाजारवाद से कभी समझौता नहीं किया, जिसपर प्रत्येक चंपारणवासी को गर्व है। वरिष्ठ पत्रकार अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि डॉ.नूतन ने अपने संघर्ष व कड़ी मेहनत से कला की जिन ऊँचाइयों को छूया है वह असाधारण है। धन्यवाद ज्ञापन युवा साहित्यकार डॉ.विनय कुमार सिंह ने किया। समारोह को डॉ. रंजना, कलावती देवी, बबिता श्रीवास्तव, युवा फिल्मकार ऋतिक विराज पाण्डेय,रानू कुमारी आदि ने संबोधित किया।

## ख़ास ख़बर

### स्कूल व कालेज के आस पास नशीले पदार्थो की बिक्री न होने पाएंः जिलाधिकारी



**चंदौली**। जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे तथा पुलिस अधीक्षक श्री अनिल कुमार की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं एनसीओआरडी नाश मुक्ति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार मे सम्पन्न हुई।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सबको निर्देशित करते हुवे कहा कि नशा मुक्ति से सम्बंधित जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाय लोगो के बीच इसका व्यापक प्रचार- प्रसार बैनर पोस्टर तथा अन्य माध्यमों से कराया जाय,स्कूल कालेजों में संस्थाओं के माध्यम से नशा मुक्ति जागरूकता का कार्यक्रम कराया जाए।स्कूल व कालेजों के आस-पास पान,सिगरेट तम्बाकू सहित अन्य नशा की बस्तुओ की बिक्री होने से रोका जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि सभी लोग बेहतर तरीके से कार्य करे,अगर कही पे कोई मामला संदिग्ध हालात में दिखाई पड़ते है तो अपने उच्चस्तरीय अधिकारी को अवगत कराते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया की जमीन संबंधित विवाद में संयुक्त टीम(पुलिस व राजस्व) एक सप्ताह तक नहीं गए हो तो टीम न जाने का कारण संबंधित उप जिलाधिकारी तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी जांच करे। जॉच में लापरवाही मिलने पर कार्यवाही सुनिश्चित करें।बैठक के दौरान उप जिलाधिकारी,समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर लगी भीषण आग, प्लेटफार्म पर मची अफरा-तफरी



**पीडीडीयू नगर**। एशिया के सबसे बड़े जंक्शनों में शुमार डीडीयू जंक्शन के वेटिंग हॉल के उपर बुधवार की सुबह भीषण धुंआ निकलता दिखाई दिया।इस दौरान यात्रियों में हड़कंप मच गई और सैकड़ों यात्री वेटिंग हॉल से भाग निकले। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया नही तो एक बड़े हादसे से इनकार नही किया जा सकता है। वहीं आग लगने का कारण शार्ट सर्किट होना बताई जा रही है। आपको बता दें कि पं दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन के वेटिंग हॉल के उपर एस एंड टी और टेलीकॉम ऑफिस है जहां से बुधवार की सुबह अचानक धुंए की गुब्बार निकलता दिखाई दिया। वेटिंग हॉल में प्रतीक्षारत यात्रियों ने जब धुंआ देखा तो सभी के होश उड़ गए। धुंआ इतना ज्यादा था की मानो आसमान में बादल घिर आई हो। आनन-फानन में यात्री स्टेशन से बाहर निकलने लगे।सूचना पर जीआरपी और आरपीएफ के जवान सहित रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को सूचना देने के साथ जवानों ने तत्परता दिखाते हुए यात्री हॉल को खाली कराया। इसी बीच पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब आधे घंटे की कड़ी मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालात सामान्य होने के बाद अधिकारियों ने मौके का जायजा लिया। फिलहाल इस आगजनी में मशीनें और केबल जलने की बात सामने आई है और कितना नुकसान हुआ है ये स्पष्ट नही हो पाया है।

### मिर्जापुर कैश वैन को लूट को लेकर चंदौली पुलिस हुई एक्टिव, अलीनगर पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान



**अलीनगर**। अलीनगर थाना क्षेत्र जन्सो की मडई के समीप बुधवार को यूनियन बैंक शाखा में अलीनगर थाना प्रभारी शेषधर पांडेय ने संघन चेकिंग अभियान चलाया। वही बैंकों के बाहर खड़ी वाहनों की तलाशी भी ली साथ ही साथ बैंक परिसर के बाहर खड़ी गाड़ियों पर निगरानी रखने का होमगार्डों को निर्देश दिया। आपको बता दें कि मिर्जापुर कटकारा कोतवाली क्षेत्र के बेलापुर स्थित एक्सिस बैंक के बाहर कैश बॉक्स लूट की घटना को लेकर चंदौली पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार बैंकों में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।जिससे होने वाली घटनाओं को रोका जा सके। जिसके क्रम में अलीनगर पुलिस ने जन्सो की मडई के समीप बुधवार को यूनियन बैंक शाखा में अलीनगर थाना प्रभारी शेषधर पांडेय ने संघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान अलीनगर प्रभारी शेषधर पांडेय ने लोगों को बताया कि किसी भी बाहरी व अपरिचित व्यक्ति के हाथों में अपना एटीएम कार्ड बिल्कुल ना दें,अन्यथा की स्थिति में कार्ड बदलने व उसके दुरुपयोग होने की संभावना हो सकती है। उन्होंने बताया कि मोबाइल फोन पर अपरिचित नंबरों से कॉल आने व कार्ड के बंद होने और उसे चालू करने के लिए एटीएम कार्ड का नंबर और पासवर्ड बिल्कुल ना बताएं,अन्यथा खाते से रुपए निकलने की संभावना हो सकती है। इस दौरान बैंकों के बाहर खड़ी वाहनों की तलाशी भी ली साथ ही साथ बैंक परिसर के बाहर खड़ी गाड़ियों पर निगरानी रखने का होमगार्डों को निर्देश दिया कि जो भी गाड़ियां बैंक के बाहर खड़ी होती हैं उसकी हैंडल चेक कर लें। जिससे होने वाली घटनाओं को रोका जा सके। वही यूनियन बैंक के मैनेजर को निर्देश देते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा सीसीटीवी कैमरा लगाए। ताकि घटना के बारे में सुराग मिल सके और संदिग्ध लोगों पर कार्रवाई हो सके। बैंक के बाहर जन सेवा केंद्र पर भी निरीक्षण करके दुकानों को सीसीटीवी कैमरे के बारे में बताते हुए कहा कि किसी आपराधिक घटना को अंजाम देकर भागते समय सड़क की तरफ लगे किसी भी कैमरे की जद में आने से बदमाश की पहचान होने में काफी मदद मिलेगी।

# जलाभिषेक व सोहर भजन के साथ तीन दिवसीय जन्मोत्सव शुरू



**चहनियां। चंदौली**। रामगढ़ स्थित बाबा कीनाराम मठ में बाबा कीनाराम का 424 वां जन्मोत्सव समारोह बुधवार को कांवरियों द्वारा किनेश्वर महादेव के जलाभिषेक के साथ शुरू हो गया । पहले दिन जलाभिषेक के साथ ग्रामीण महिलाओं द्वारा सोहर गीत गाया । मठ में ब्राम्हणों द्वारा पूजन अर्चन आरती किया गया । क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा रामायण व भजन का आयोजन हुआ । पहले दिन लाखो की संख्या में दर्शनार्थी पहुँचे । बाबा कीनाराम इंटर कालेज के सामने मेले में तरह तरह की दुकाने लगी थी । बच्चो के मनोरंजन के लिए झूले, चरखी, खिलौने आदि लगे थे । भारी मात्रा में फोर्स तैनात रही। रामगढ़ स्थित बाबा कीनाराम मठ में हर वर्ष बाबा का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। इस वर्ष बाबा कीनाराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। अलसुबह ही किनेश्वर महादेव बाबा कीनाराम की जयकारे के साथ कांवरियों ने बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट से जल लाकर किनेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया। जलाभिषेक के पश्चात बाबा कीनाराम का पूजन, अर्चन व हवन पूजन हुआ। गांव की महिलाओं द्वारा सोहर गीत के साथ डांस किया गया। क्षेत्रीय व दूरदराज से आये भजन गायक द्वारा सुबह 8 बजे महानन्द तिवारी, मुन्ना पाण्डेय व प्रभात मिश्रा द्वारा मानस पाठ हुआ। महानन्द तिवारी द्वारा रामायण प्रस्तुत किया गया । बाबा कीनाराम के दर्शन पूजन के बाद लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। उपजिलाधिकारी मनोज पाठक, क्षेत्राधिकारी राजेश राय व बलुआ इंस्पेक्टर विनय प्रकाश सिंह के नेतृत्व में पुलिस कर्मी चप्पे चप्पे पर तैनात रहे । वाहनों को मठ परिसर व मेला परिक्षेत्र से एक किलोमीटर दूर रखा गया । मेला में तरह तरह की मिष्ठान, गुड़हिया जलेबी, पकौड़ी, चाट, महिलाओं के श्रृंगार की दुकानों के अलावा बच्चो के मनोरंजन के झुला ,चरखी,खिलौनों की दुकानें पर भीड़ रही ।

**कलाकारों ने बांधी समाः** कीनाराम स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रमो की धूम रही । बी एंड बी विद्यालय के चंद्रशेखर शर्मा, जोगेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, नागेंद्र सिंह, अंजू सिंह, ज्योति गुप्ता, बिपिन बेशक आदि द्वारा शिव तांडव, कव्वाली, गीत संगीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत हुआ ।

**अमेरिका से पहुँचा जैसन बाबा का दर्शन करनेः** बाबा कीनाराम का दर्शन करने अमेरिका से जैसन नामक शख्स पहुँच गया । जो कौतूहल का विषय बना हुआ है । लोग उसे देखने व सुनने के लिए उसके पास पहुँच रहे थे ।

**लोगो ने गोष्ठी में विचार व्यक्त कियाः** बाबा कीनाराम के 424वें जन्मोत्सव पर सम्भ्रांत लोगो ने विचार व्यक्त किये । नीरजा माधव, दीनानाथ पाण्डेय, डॉ0 उमेश सिंह, रामजी प्रसाद भैरव, डॉ0 विनय वर्मा, डॉ0 अनिल यादव आदि वक्ताओं ने बाबा के जीवन पर प्रकाश डाला । इस दौरान प्रधान ब्यवस्थाक अरुण सिंह, मेजर अशोक सिंह, डॉ0 राजेन्द्र प्रताप सिंह, सूर्यनाथ सिंह,शशि शेखर सिंह, नन्दू गुप्ता, दिनेश सोनकर, कुलदीप वर्मा, जयप्रकाश पाण्डेय, सन्तोष सिंह आदि लोग उपस्थित थे । संचालन राजेन्द्र पाण्डेय ने किया ।

## पुलिस अधीक्षक चन्दौली द्वारा बाबा कीनाराम अघोरपीठ की जन्मस्थली का निरीक्षण



**चन्दौली**। थाना बलुआ अन्तर्गत स्थित बाबा कीनाराम मठ, रामगढ़ में 13-15 सितंबर तक मनाएं जाने वाले बाबा कीनाराम का जन्मोत्सव की समस्त तैयारियां जिला पुलिस व प्रशासन द्वारा पूर्ण कर ली गई हैं।वही दिन मंगलवार को पुलिस अधीक्षक चन्दौली डा0 अनिल कुमार द्वारा तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।पुलिस अधीक्षक द्वारा सुरक्षा व्यवस्था हेतु ड्यूटी में लगाये गये पुलिस बल को ब्रीफ कर अधिकारी/कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।ड्यूटी में लगे समस्त पुलिस बल को निर्देशित किया गया कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी,सतर्क दृष्टि बनाये रखते हुये पूरी गम्भीरता से अपने कर्तव्य का निर्वहन करें। कोई भी अप्रिय सूचना अथवा संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु की जानकारी मिलने पर अविलंब सम्बन्धित अधिकारियों को सूचित करें।यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत बनाए गए वाहन पार्किंग में ही खड़े हो तथा मेले में आने वाले लोगों,दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की समस्या न हो। मेले को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम बनाया गया है। मेले में सादे कपड़ों में पुरूष व महिला पुलिसकर्मी को भी तैनात किया गया है,जो चैन स्नेचरों व अवांछनीय तत्वों पर विशेष नजर बनाये रखेंगे।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का शुभारम्भ




**पीडीडीयू नगर/ नियामताबाद**। विकासखंड स्थित ग्राम पंचायत बौरी में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा राणा प्रताप सिंह ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए और मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का शुभारम्भ भी किया। इस दौरान ग्रामीणों को पंच प्रण प्रतिज्ञा की शपथ भी दिलाई गई। पूर्व जिला अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह व ग्राम प्रधान बौरी सतीश सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर घर-घर संपर्क कर मिट्टी एकत्र किया। पूर्व जिला अध्यक्ष ने कहा कि आप सबके आंगन की मिट्टी कलश के माध्यम से ब्लॉक जाएगी और ब्लॉक से होते हुए प्रदेश तक जाएगी। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष रामचन्द्र बिंद,मण्डल महामंत्री शरद चंद्र तिवारी,मण्डल अध्यक्ष किसान मोर्चा अवध बिहारी सिंह, मण्डल उपाध्यक्ष राकेश दुबे,बुथ अध्यक्ष गोविन्द सिंह,बुथ अध्यक्ष अभिजीत सिंह,जय प्रकाश सिंह, सुनील सिंह, जनार्दन सिंह,अरुण सिंह,श्री प्रकाश सिंह,आकाश सिंह,निशांत सिंह,बीडीसी अर्जुन राम,बीडीसी सन्तोष पाण्डेय,केशवानन्द पाण्डेय,शीरी प्रसाद,राजेश प्रसाद,नसुरी प्रसाद, बिरजू प्रसाद,अशोक गुप्ता, अमन सिंह,अभय गौंड,विशाल शर्मा,कल्लू गौंड,निहाले प्रसाद, परभु प्रसाद आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विकास खंड चहनिया को सभी मानकों में जनपद सहित प्रदेश में प्रथम लाना ही हमारा उद्देश्य- अरुण जायसवाल



**चहनियाँ (चंदौली)**। विकास खंड चहनिया ब्लाक प्रमुख कार्यालय में ब्लाक प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में चिन्तन शिविर में प्रधान संघ की बैठक आहूत किया गया। जिसमें सर्व प्रथम नवागत पीसीएस खंड विकास अधिकारी दिव्या ओझा ब्लाक प्रमुख व ग्राम प्रधानों ने बुके गुलदस्ता देकर सम्मानित किया ।इस दौरान ब्लाक प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को प्रमुखता से ग्राम सभाओं में स्वच्छ सुन्दर व साफ - सफाई हेतु पहल करते हुए ग्राम सभा मे स्वस्थ्य चिकित्सा, सड़क, बिजली, पेयजल,प्राथमिक विद्यालय कायाकल्प, पंचायत भवन,सीसी रोड, नाली निर्माण, इंटर लॉकिंग,खंडजा आदि विकास कार्यों अपने अपने गुणवत्तापूर्ण व ईमानदारी से कार्य करें ताकि विकास खंड चहनिया को जनपद के साथ ही प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफल रहे।बैठक में मौजूद ग्राम प्रधानों ने नवागत खंड विकास अधिकारी दिव्या ओझा से समस्यायों से अवगत कराया खंड विकास अधिकारी ने आश्वासन देते हुए कहा कि सभी लोगों को एक साथ मिलकर विकास कार्य करें गांव में विकास कार्य में भरपूर सहयोग प्रदान किया जाएगा। ग्राम प्रधान, आशुतोष कुमार सिंह, गृजेश सिंह,जयराम शास्त्री,सतिश गुप्ता,रामअशीष यादव, राजनारायण सिंह यादव, राजेश यादव ,धर्मेंद्र यादव, राजेश गुप्ता रिंकु गुप्ता, शिद्धार्थ मोर्या, दीनबंधु राजभर, राजाराम ,नारद यादव,आभा यादव, जसवंत मोर्या, आदि लोग मौजूद रहे।

### बी-पैक्स योजनान्तर्गत किसानो को किया गया जागरूक



**चहनियां। चंदौली**। प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड नादी में सहकार से समृद्धि के लिए महासदस्यता अभियान के दौरान मंगलवार को शाखा प्रवन्धक जिला सहकारी बैक चहनियां के बृजकिशोर ने किसानों को कृषि ऋण, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं अनेक प्रकार सुविधाओं हेतु किसानों को जिला सहकारी बैक द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओ को विस्तृत रूप से बताया। वही शाखा प्रवन्धक ने बताया कि किसानो को समितियो द्वारा दी जाने वाली सुविधाओ के लिए 3 प्रतिशत वार्षिक व्याज कर दर से ऋण प्रदान किया जायेगा जिससे कि किसान अपने व्यवसाय को विस्तुत रूप से संचालित कर आय दोगुना कर सकेगा। महासदस्यता अभियान में आवास विकास के प्रदेश अध्यक्ष आरपी कुशवाहा एवं सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता अजय कुमार मौर्य एवं सहायक विकास अधिकारी सहकारिता संजीव कुमार सिंह तथा चहनिया ब्लाक अन्तर्गत समस्त समितियों के सभापति एवं सचिव एवं किसान बन्धु उपस्थित रहे।

### विकास खंड चहनिया को सभी मानकों में जनपद सहित प्रदेश में प्रथम लाना ही हमारा उद्देश्य- अरुण जायसवाल



**चहनियाँ (चंदौली)**। विकास खंड चहनिया ब्लाक प्रमुख कार्यालय में ब्लाक प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में चिन्तन शिविर में प्रधान संघ की बैठक आहूत किया गया। जिसमें सर्व प्रथम नवागत पीसीएस खंड विकास अधिकारी दिव्या ओझा ब्लाक प्रमुख व ग्राम प्रधानों ने बुके गुलदस्ता देकर सम्मानित किया ।इस दौरान ब्लाक प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को प्रमुखता से ग्राम सभाओं में स्वच्छ सुन्दर व साफ - सफाई हेतु पहल करते हुए ग्राम सभा मे स्वस्थ्य चिकित्सा, सड़क, बिजली, पेयजल,प्राथमिक विद्यालय कायाकल्प, पंचायत भवन,सीसी रोड, नाली निर्माण, इंटर लॉकिंग,खंडजा आदि विकास कार्यों अपने अपने गुणवत्तापूर्ण व ईमानदारी से कार्य करें ताकि विकास खंड चहनिया को जनपद के साथ ही प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफल रहे।बैठक में मौजूद ग्राम प्रधानों ने नवागत खंड विकास अधिकारी दिव्या ओझा से समस्यायों से अवगत कराया खंड विकास अधिकारी ने आश्वासन देते हुए कहा कि सभी लोगों को एक साथ मिलकर विकास कार्य करें गांव में विकास कार्य में भरपूर सहयोग प्रदान किया जाएगा।

### रोजगार सेवक के परिवार को ब्लॉक प्रमुख के सहयोग से ग्राम रोजगार सेवकों ने दी आर्थिक मदद



**धानापुर**। बुधवार को विकास खंड धानापुर अंतर्गत विजईपुर के ग्राम रोजगार सेवक संतोष यादव के असामयिक निधन पर उनके परिजनों को माननीय ब्लॉक प्रमुख धानापुर अजय सिंह और ग्राम रोजगार सेवक संघ के अध्यक्ष पियूष यादव के नेतृत्व में समस्त ग्राम रोजगार सेवकों ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर 2 लाख 66 हजार रुपए की आर्थिक सहायता किया। ब्लॉक प्रमुख ने भविष्य में हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किया। संगठन के अध्यक्ष पियूष यादव ने भी पीड़ित परिवार को हर संभव मदद के लिए संगठन की तरफ से आश्वस्त किया। इस दौरान मुख्य रूप से प्रधान संघ अध्यक्ष राजेश सिंह,विकास खंड धानापुर कार्यालय से दयाल शरण श्रीवास्तव, आशुतोष सिंह, मनीष सिंह, ग्राम रोजगार सेवकों में मनोज गुप्ता,संजीव बरनवाल,परमजीत मौर्य,संजय सिंह,सुभाष सिंह, देवेन्द्र वर्मा, अभय कुमार, साहब शर्मा, बहादुर,पप्पू,रामप्रवेश, मुनीब,सहित समस्त ग्राम रोजगार सेवक उपस्थित रहे।

### बम बम काशी बोल रहा के धुन थिरके युवा



**कमालपुर**। रामजानकी मंदिर पर मंगलवार की देर शाम युवा कमेटी की ओर से भगवान श्री कृष्ण का छठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में भोजपुरी गायक व अभिनेता अभय यादव,गायिका श्रेया यादव व वंदना अनमोल ने अपनी गायकी से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।रात लगभग 10 बजे से श्रद्धालु भक्ति गानों पर झूमते रहे। बीते दिनों रामजानकी मंदिर पर युवा कमेटी की ओर से श्री कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया गया था।इसको देखते हुए मंगलवार की देर शाम भगवान श्री कृष्ण का छठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में भोजपुरी गायक व अभिनेता अभय यादव ने अपने गाने के धुन ओम नमः शिवाय से शुरू कर बम बम बोल रहा है काशी सुनाकर युवाओ को झूमने पर मजबूर कर दिया।गायिका श्रेया यादव ने राधा ढूंढ रही किसी ने मेरे श्याम को देखा गाना सुनकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।गायिका वंदना अनमोला ने प्रभु तेरे कृपा से मेरा काम हो रहा है गाकर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस मौके पर विपिन रस्तोगी, विशाल, रितेश, प्रिंस,कमलेश, विजय गुप्ता, शिवम, कुलदीप, पवन, राकेश आदि रहे।

**अभियान** लखनऊ के आदेश के क्रम में पुनः विशेष महिला चलाया जा रहा अभियान

# चलाया जा रहा विशेष महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण अभियान



**चंदौली**। "मिशन शक्ति" अभियान के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता हेतु पूर्व में चलाए गए सफल अभियान के उत्साहवर्धक परिणामों के दृष्टिगत शासन के निर्देशानुसार मुख्यालय महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, लखनऊ के आदेश के क्रम में पुनःविशेष महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण अभियान चलाया जा रहा है। जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। अब महिलाओं/बालिकाओं को अपनी समस्या व शिकायत लेकर थाना,पुलिस चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय बार-बार नहीं आना पड़ेगा अपितु "शक्ति दीदी" नियमित अन्तराल पर ग्राम चौपाल के माध्यम से विभिन्न गांवों में उपस्थित होकर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही उनसे संवाद कर उनकी शिकायतों का गुण-दोष के आधार पर निराकरण कराया जा रहा है।महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव की महिलाओं के साथ एक"शक्ति दीदी"के रूप में जुड़ कर उन्हें सशक्त व सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है।समस्या कोई भी हो कभी भी कहीं भी ग्रामीण महिलाएं "शक्ति दीदी"से निसंकोच बात कर सकती हैं।उसी क्रम में दिन मंगलवार को जनपद के विभिन्न गांवों में चौपाल लगा तथा विद्यालयों में जाकर महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति(नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वावलंबन)के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर,जैसे-1090,112, 1076, 1098, 108 आदि की विस्तृत जानकारी देते हुए आवश्यकता पड़ने पर इनके प्रयोग हेतु बताया गया।साथ ही साइबर अपराधों के संबंध में अवगत कराते हुए इससे बचने और सतर्क रहने हेतु 1930 हेल्प लाइन नंबर का उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई।सरकार द्वारा महिलाओं से संबंधित संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर उन्हें जागरूक किया गया।

# प्राथमिक विद्यालय भटवारा मे ग्रामीणों को स्वास्थ्य को लेकर किया गया जागरूक




**चकिया चन्दौली**। प्राथमिक विघालय भटवारा मे आगनवाड़ी केंद्र,में निर्देशक बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उप्र ,लखनऊ एवं सचिव महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार /शासन/ डी0ओ0 वाराणसी के दिशा निर्देश में छठा राष्ट्रीय पोषण माह राजकीय आयु0 आयुर्वेद चिकित्सालय व हेल्थ वेलनेस सेंटर सिकंदरपुर व राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय भटवारा खुर्द, चकिया चंदौली, व प्राथमिक विद्यालय के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0 बालमुकुंद प्रसाद ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री जी के विजन सुपोषण भारत, कुपोषण मुक्त भारत, पर आधारित है पोषण अभियान के प्रभावशाली क्रियान्वयन हेतु जन आंदोलन और सामुदायिक भागीदारी आवश्यक घटक है उपर्युक्त उद्देश्यों की पूर्ति हेतु वर्ष 2018 से प्रत्येक वर्ष सितंबर माह में सभी हित धारकों के समेकित प्रयासों से राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जाता है।इसी क्रम में छठा राष्ट्रीय पोषण माह सितंबर 2023 में शासन ने मनाए जाने का निर्णय लिया गया है, जिसमें पोषण से संबंधित समस्त कन्वर्जेंस विभागों के समन्वय एवं समेकित प्रयासों से पूरे प्रदेश में पोषण आधारित जीवन चक्र के महत्वपूर्ण चरणों तथा गर्भावस्था, शैशवावस्था, बचपन, व किशोरावस्था में पोषण के संबंध में जागरूकता लाने हेतु प्रचार प्रसार तथा जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है । डॉ0 बालमुकुंद प्रसाद ने बताया कि इस वर्ष राष्ट्रीय पोषण की थीम में सुपोषित भारत, साक्षर भारत,सशक्त भारत, है । पोषण अभियान के अंतर्गत 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों गर्भवती महिलाओं को स्तनपान करने वाली धात्री माता तथा किशोरी बालिकाओं के पोषण स्तर में सुधार हेतु प्रयास किया जाना है ,उपस्थित गर्भवती महिलाओ को मोटे अनाज का सेवन , आहार,बिहार,दिनचर्या, व उचित परामर्श के साथ निः शुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0 बालमुकुंद प्रसाद, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0 दिनेश यादव, फार्मेसिस्ट श्री रामायण प्रसाद कुशवाहा,श्री उमेश मिश्रा, वार्ड ब्वाय अमन हुसैन व चिकित्सालय के सभी कर्मचारी के साथ,प्राथमिक विद्यालय भटवारा खुर्द से प्रधानाध्यापक श्री जय प्रकाश पाल , इंदु देवी , बिनित गुप्ता, अन्य अध्यापक गण , अमरावती व अन्य आगनवाड़ी कार्यकर्ती गण, प्रधान श्री निखिल पटेल,श्री शिव दयाल सिंह,जनप्रतिनिधि, व विद्यालय व आगनवाड़ी के बालक ,बालिकाएं उपस्थित रहे।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।